'लेकिन, इससे तथ्य तो नहीं बदल जाते? आप तो किताब से ऐसे डर रहे हो जैसे बंदूक हो', सुधर्मा बोली। 'बंदूक कुछ लोगों को मुर्दा बना सकती है, किताब रक्तबीज होती है, अनगिनत मुर्दों को जिंदा कर सकती है। तुम ही बताओ, किससे डरना चाहिए?' जवाब के तौर पर सवाल आया।

## एकदा

संकलन : उमा नेमाणी

# असाधारण किंकरी



**हिमाचल प्रदेश** के सिरमौर जिले के घाटों गांव में 1925 में जन्मी किंकरी देवी औपचारिक शिक्षा से वंचित रहीं, पर प्रकृति के प्रति उनकी संवेदना असाधारण थी। बचपन में गरीबी, कम उम्र में विवाह और 22 वर्ष की आयु में विधवा होने के बाद उन्होंने जीवनयापन के लिए सफाईकर्मी का काम किया। इसी दौरान उन्होंने देखा कि क्षेत्र में अंधाधुंध चूना-पत्थर खनन से पहाड़ टूट रहे हैं, जलस्रोत प्रदूषित हो रहे हैं, खेती बर्बाद हो रही है और जंगल घटते जा रहे हैं। उन्होंने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। 1987 में स्थानीय संस्था के सहयोग से उन्होंने 48 खदान मालिकों के खिलाफ शिमला हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की। सुनवाई न होने पर वह 19 दिनों तक अदालत के बाहर भूख हड़ताल पर बैठीं। उनके अडिग संकल्प का परिणाम यह हुआ कि अदालत ने खनन और पहाड़ों की तोड़फोड़ पर रोक लगा दी। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी 1995 में उनके पक्ष में निर्णय दिया। किंकरी देवी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला और 1999 में उन्हें 'स्त्री शक्ति पुरस्कार' से नवाजा गया। उनका जीवन सिखाता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और साहस से एक सामान्य व्यक्ति भी बड़े बदलाव ला सकता है।

## पीठासीन अधिकारियों की निष्पक्षता पर उठते सवाल लोकतंत्र के हित में नहीं

# दल नहीं, सदन का होता है स्पीकर


सुधांशु रंजन

**लोकसभा में** विपक्ष ने अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने का नोटिस दिया है। यह कदम उनके कामकाज और कथित पक्षपात के खिलाफ एक प्रतीकात्मक विरोध के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि संख्या बल को देखते हुए प्रस्ताव पास होने की कोई संभावना नहीं। अब तक 118 सांसदों ने इस पर हस्ताक्षर किए हैं। लेकिन तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने इससे खुद को अलग रखा है। लिहाजा विपक्ष की ताकत और कमजोर हो गई है।



**संख्या मुद्दा नहीं** | 2022 में उपराष्ट्रपति चुनाव के दौरान भी तृणमूल कांग्रेस ने वोटिंग का बहिष्कार किया था, जिससे जगदीप धनखड़ को परोक्ष रूप से फायदा मिला था। इस बार भी तृणमूल के अलग रहने से विरोधी सांसदों की संख्या घट गई है। लेकिन, मुद्दा सिर्फ संख्या नहीं है। अध्यक्ष सदन का सबसे बड़ा अधिकारी होता है। उसकी ताकत ही सदन की ताकत मानी जाती है। लोकसभा की व्यवस्था ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स के मॉडल पर बनी है।

**ब्रिटिश परंपरा** | ब्रिटेन में एक समय ऐसी परंपरा थी कि अगर कोई व्यक्ति स्पीकर बन गया, तो अगली बार उसके चुनाव में कोई भी पार्टी उसके खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतारती थी। स्पीकर भी पूरी निष्पक्षता से काम करता था। इसका सबसे बड़ा उदाहरण 'डेनिसन का नियम' (Denison's Rule) है। जॉन एवलिन डेनिसन 1857 से 1872 तक स्पीकर रहे। साल 1867 में ट्रिनिटी कॉलेज, डबलिन से जुड़े एक विधेयक पर सदन में बराबर वोट पड़े। जब पक्ष और विपक्ष के वोट बराबर हो जाते हैं, तो स्पीकर को निर्णायक मत यानी कास्टिंग वोट देना पड़ता है।

**अनुकरणीय उदाहरण** | डेनिसन ने उस विधेयक के खिलाफ वोट दिया, जबकि व्यक्तिगत रूप से वह उसके समर्थन में थे। उनका मानना था कि अगर किसी बिल का इतना विरोध है कि वोट बराबर हो जाएं, तो उसे सिर्फ स्पीकर के वोट से कानून नहीं बनाना चाहिए। उस पर और बहस होनी चाहिए। अब ब्रिटेन में भी पार्टियां स्पीकर के खिलाफ उम्मीदवार खड़े करने लगी हैं। हालांकि आज भी स्पीकर निर्वाचित होने के बाद दल से इस्तीफा दे देता है।

**पार्टी प्रमुख नहीं** | भारत में लोकसभा अध्यक्ष अपने राजनीतिक दल से इस्तीफा नहीं देता। 2008 में एक अजीब स्थिति बनी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने UPA सरकार से समर्थन वापस ले लिया। उसी दल के सोमनाथ चटर्जी लोकसभा अध्यक्ष थे। पार्टी ने उनसे इस्तीफा देने को कहा, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। इस पर पार्टी ने उन्हें निष्कासित कर दिया। सोमनाथ चटर्जी ने इस्तीफा न देकर यह संदेश दिया कि वह पार्टी नहीं, सदन के अध्यक्ष हैं। अगर वह इस्तीफा देते, तो उनके फैसलों पर पक्षपात के आरोप लग सकते थे।



**लोकसभा में टकराव**
- ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव का प्रतीकात्मक महत्व
- पहली लोकसभा से शुरू हुई अविश्वास प्रस्ताव की परंपरा
- सरकार और विपक्ष में संतुलन बनाने की जिम्मेदारी स्पीकर की

**पुराने मामले** | लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की परंपरा पहली लोकसभा से ही शुरू हो गई थी। 18 दिसंबर 1954 को जहानाबाद के समाजवादी सांसद विजेश्वर मिश्र ने अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। वहां भी आरोप निष्पक्षता का था, पर प्रस्ताव गिर गया। 1966 में हुकुम सिंह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया, पर जरूरी समर्थन न मिलने से वह स्वीकार नहीं हुआ।

**बोलने का हक** | नियम के अनुसार, अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव पर चर्चा के समय वह खुद पीठासीन अधिकारी नहीं रहते। ओम बिरला ने चर्चा शुरू होने से पहले ही खुद को कार्यवाही से अलग कर लिया, जिसे सकारात्मक कदम माना जा सकता है। विपक्ष का आरोप है कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। विपक्ष को अपनी बात रखने का पूरा हक है, लेकिन सिर्फ विरोध करना ठीक नहीं। सरकार को भी बोलने का अधिकार है। दोनों पक्षों के बीच बढ़ती कटुता लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है।

**भरोसे का सवाल** | अध्यक्ष की जिम्मेदारी है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष - दोनों को बराबर मौका मिले और सदन की कार्यवाही ठीक से चले। अध्यक्ष को न सिर्फ निष्पक्ष होना चाहिए, बल्कि ऐसा दिखना भी चाहिए। लेकिन, पिछले कई दशकों से पीठासीन अधिकारी निष्पक्षता के धर्म का निर्वाह नहीं कर रहे। राज्यों में भी हालात ऐसे ही हैं। निष्पक्षता बनाए रखने के लिए कानून बनाया जा सकता है कि जो व्यक्ति एक बार अध्यक्ष या सभापति बन जाए, वह बाद में सक्रिय राजनीति में न लौटे। अध्यक्ष के पास बड़े अधिकार होते हैं, इसलिए उन्हें पूरे सदन का भरोसा जीतना चाहिए। सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष की भी जिम्मेदारी है कि इस पद की गरिमा बनी रहे।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

## THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

# प्राचीन चीन में भी होती थी भगवान शिव की पूजा

शुभम केवलिया

**शैव पंथ** में भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों- रुद्र, महेश, नटराज, पशुपति आदि की आराधना की जाती है और इसकी मूल जन्मभूमि भारत ही है। ऋग्वैदिक रुद्र की अवधारणा और सरस्वती-सिंधु सभ्यता के पुरास्थलों से प्राप्त शिवलिंग इस परंपरा की प्राचीनता को प्रमाणित करते हैं। किंतु शिव उपासना केवल भारत तक सीमित नहीं रही। समय के साथ इसका प्रसार एशिया के विस्तृत भूभाग में हुआ। उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान, चीन, इंडोनेशिया, वियतनाम, म्यांमार और श्रीलंका जैसे देशों में इसके पुरातात्विक साक्ष्य मिलते हैं।

चौथी से आठवीं शताब्दी के मध्य अमू दरिया और सीर दरिया के बीच विकसित सोग्दीयन संस्कृति के नगर पंजाकेंट से मिट्टी की दीवार पर अंकित शिव का चित्र मिला है। इसमें शिव यज्ञोपवीत धारण किए, बाघ की खाल ओढ़े और हाथ में त्रिशूल लिए हैं। यह संकेत है कि समाज में शिव आराधना का प्रभाव था। चीन के जीउझवान की शिला गुफाओं में भी शिव का चित्रण मिलता है। एक गुफा में शिव को- कार्तिकेय और गणेश के साथ दिखाया गया है। प्राचीन चीन में भी शिव पूजा की जाती थी।


AI Image

इंडोनेशिया में चौथी शताब्दी से ही शिव पूजा होने लगी थी। आठवीं से दसवीं शताब्दी तक शासन करने वाले मातरम राजवंश ने शिव को अपना प्रधान आराध्य माना और 'गिरिन्द्र' उपाधि धारण की, जिसका संबंध पर्वतों के देवता शिव से है। जावा का प्रसिद्ध प्रंबानन मंदिर, जो यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है, शिव को समर्पित है। इस मंदिर में नटराज सहित विविध रूपों का अंकन है। वियतनाम के चंपा राज्य में शैव पंथ अत्यंत प्रभावशाली था और वहां त्रिभागीय शिवलिंगों के उदाहरण मिलते हैं। म्यांमार के आराकान क्षेत्र के शासक आनंदचंद्र ने स्वयं को शिववंशी बताया। श्रीलंका में तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व के ब्राह्मी अभिलेखों और 'महावंश' में भी शिव पूजा का उल्लेख है। इन साक्ष्यों से स्पष्ट है कि शैव पंथ का प्रचार-प्रसार भारत से बाहर प्राचीन काल में ही हो गया था। तलवार और लालच के बिना भारतीय दर्शन देश के बाहर गया और लोगों ने उसे सहर्ष स्वीकार किया।

*(लेखक दिल्ली यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रफेसर हैं)*

# सिर्फ़ गोली से क़ाबू में नहीं आएगा थायरॉइड


रामशंकर उपाध्याय, स्वीडन के उप्साला से

**भारत में** थायरॉइड की समस्या तेजी से बढ़ रही है। आज करीब 4.2 करोड़ लोग इससे परेशान हैं। इनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा है। हालत यह है कि हर 10 में से एक व्यक्ति हाइपोथायरॉइडिज्म का शिकार है, यानी शरीर में थायरॉइड हार्मोन कम बनता है।

**रिपोर्ट से धोखा** | कई बार ऐसा होता है कि ब्लड रिपोर्ट नॉर्मल आती है, फिर भी इंसान हर समय थका हुआ महसूस करता है। कम खाने पर भी वजन बढ़ने लगता है। दिमाग भारी रहता है, एनर्जी कम लगती है और काम करने का मन नहीं करता। अक्सर लोग सोचते हैं कि यह सिर्फ तनाव या उम्र की वजह से है, लेकिन ऐसा हमेशा नहीं होता। यह संकेत हो सकता है कि शरीर के अंदर कुछ ठीक नहीं चल रहा।

**पूरे शरीर पर असर** | थायरॉइड एक छोटी-सी ग्रंथि होती है, जो गर्दन में रहती है। आकार में छोटी होने के बावजूद इसका असर पूरे शरीर पर पड़ता है। यह दिल की धड़कन, वजन, मूड, याददाश्त और शरीर की ऊर्जा को नियंत्रित करती है। थायरॉइड दो तरह के हार्मोन बनाती है - T3 और T4। ये हार्मोन खून के साथ पूरे शरीर में घूमते हैं और हर कोशिका को बताते हैं कि उसे कैसे काम करना है। इस पूरी प्रक्रिया पर दिमाग में मौजूद एक और ग्रंथि नजर रखती है, जिसे पिट्यूटरी ग्रंथि कहते हैं।

**संतुलन बिगड़ने से खतरा** | हाइपोथायरॉइडिज्म (Hypothyroidism) में थायरॉइड ग्रंथि पर्याप्त हार्मोन नहीं बनाती, जिससे मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है। इससे हमेशा थकान महसूस होती है, वजन बढ़ने लगता है, ठंड लगती है और याददाश्त पर भी असर पड़ता है। यह स्थिति आयोडीन की कमी, सर्जरी, दवाओं या पिट्यूटरी की गड़बड़ी से आती है। वहीं, हाशिमोटो थायरॉइडाइटिस एक ऑटोइम्यून बीमारी है। इसमें शरीर खुद अपनी थायरॉइड ग्रंथि को नुकसान पहुंचाता है। जबकि, हाइपरथायरॉइडिज्म में थायरॉइड ग्रंथि बहुत अधिक थायरॉइड हार्मोन बनाने लगती है। इससे शरीर का मेटाबॉलिज्म बहुत तेज हो जाता है।

## ज्ञान विज्ञान


AI Image

**ऊर्जा जरूरी** | यह जानना जरूरी है कि हमारे शरीर में माइटोकॉन्ड्रिया कोशिकाओं के भीतर मौजूद ऊर्जा कारखाना है। कितनी ऊर्जा बनेगी और कहां उपयोग होगी, यह इसकी जिम्मेदारी है। थायरॉइड हार्मोन माइटोकॉन्ड्रिया को सक्रिय करते हैं। माइटोकॉन्ड्रिया की सेहत तय करती है कि हार्मोन असर करेगा या नहीं। ऊर्जा कम होगी, तो हार्मोन बनने में परेशानी होगी।

**बदलना होगा इलाज** | आज की जीवनशैली में अब थायरॉइड को सिर्फ एक गोली से कंट्रोल नहीं किया जा सकता। इसके लिए संतुलित आहार लेना काफी जरूरी है। आपके खाने में पर्याप्त प्रोटीन, आयरन, विटामिन B, मैग्नीशियम होना चाहिए। इसके अलावा अच्छी नींद लेनी होगी और तनाव भी कम करना होगा। रोजाना व्यायाम करना होगा, क्योंकि हर थायरॉइड हार्मोन की कमी नहीं होती। जब तक माइटोकॉन्ड्रिया स्वस्थ नहीं होंगे, तब तक थायरॉइड हार्मोन भी हमारे शरीर पर कोई असर नहीं दिखाएगा।

*(लेखक अमेरिका के हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में साइंटिस्ट हैं)*

## कांटे की बात

"ये ढील वो डाल है, जिसे उस पर बैठने वाले खुद काट रहे हैं। यह देश की खेती-मजदूरी ही नहीं बल्कि हर तरह से पैदावार-उत्पादन, कारोबार और रोजगार के खिलाफ है। अब BJP के वो संगी-साथी कहां हैं, जो स्वदेशी का नारा लगाते थे।"


अखिलेश यादव, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री

## सप्ताह की शख्सियत

# नरगिस को इनाम में मिलती है क़ैद

*ईरान में महिलाओं के हक के लिए आवाज उठाने वाली नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। वहां की अदालत ने उन्हें दो अलग-अलग मामलों में साढ़े सात साल की सजा सुनाई है। हालांकि उनके लिए इसमें कुछ नया नहीं।*



**महिलाओं की आवाज**

**नरगिस को** 2023 में नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया था। उन्हें ईरान में महिलाओं के दमन के खिलाफ लड़ने, मानवाधिकारों की रक्षा और फांसी की सजा के खिलाफ आवाज उठाने के लिए यह सम्मान मिला था। हालांकि, उस वक्त भी वह जेल में थीं। उनकी ओर से उनके बच्चों ने यह पुरस्कार लिया था।

**44 साल की सजा**

**नरगिस को** इस बार सरकार के खिलाफ साजिश और दुष्प्रचार करने के लिए जेल भेजा गया है। उनका समर्थन करने वाले नरगिस फाउंडेशन का कहना है कि वह 10 बरसों से भी अधिक जेल की सजा काट चुकी हैं। नए फैसले के बाद उनकी कुल सजा 44 साल की हो गई है। ईरानी सरकार उनसे देश को खतरा होने का आरोप लगाती रही है।

*(प्रस्तुति : अभिषेक मिश्र)*

## जनता जंक्शन

इरफान




# स्त्री गरिमा की रक्षा में SHe-Box निभाएगा अहम भूमिका


सावित्री ठाकुर

**आजादी के** 100वें साल यानी 2047 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने महिला नेतृत्व विकास को देश की प्रगति का केंद्र बिंदु बनाया है। महिलाओं की समावेशी आर्थिक वृद्धि में निर्णायक भूमिका को मानते हुए सरकार का ऐसे सुरक्षित, सम्मानजनक और संवेदनशील कार्य वातावरण तैयार करने पर जोर है, जिसमें महिलाएं और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकें। इस दिशा में कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (POSH) एक जरूरी आधार स्तंभ है।

**सशक्त डिजिटल मंच** | पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पिछले एक दशक में महिला सशक्तीकरण को सिर्फ नारा नहीं, बल्कि नीति, संरचना और प्रभावी क्रियान्वयन का विषय बनाया है। इसी दूरदर्शी दृष्टिकोण का उदाहरण SHe-Box पोर्टल है। इसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने तैयार किया है, जो कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और न्याय तक सहज पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक सशक्त डिजिटल मंच है।

**बढ़ रही हिस्सेदारी** | भारत के कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ रही है। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3% से बढ़कर 2023-24 में 41.7% हो गई। ऐसे में कार्यस्थल पर उनकी सुरक्षा अनिवार्य है। मोदी सरकार ने कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए डिजिटल गवर्नेंस के तहत तकनीकी सुधारों के साथ दोबारा 29 अगस्त 2024 को SHe-Box पोर्टल लॉन्च किया।

**सीधे करें शिकायत** | यह पोर्टल देशभर में गठित आंतरिक समितियों (IC) और स्थानीय समितियों (LC) से संबंधित सूचनाओं का केंद्रीकृत भंडार प्रदान करता है। SHe-Box पोर्टल के जरिये महिलाएं अब सीधे संबंधित IC या LC के पास शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इससे प्रक्रिया में होने वाली देरी में कमी आई और शिकायत की स्थिति ऑनलाइन देखने की सुविधा मिली। यह सभी क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं के लिए है।



**गोपनीयता पूरी** | प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया विजन के अनुरूप SHe-Box से महिलाएं सुरक्षित, सरल और पूरी गोपनीयता के साथ शिकायत दर्ज करा सकती हैं। पोर्टल पर डाली गई शिकायत सीधे संबंधित कार्यस्थल की आंतरिक समिति या जिले की स्थानीय समिति तक पहुंचती है। आंतरिक समिति की अध्यक्ष के अलावा कोई अन्य शिकायत का विवरण नहीं देख सकता, जिससे पीड़िता की पहचान सुरक्षित रहती है।

**मंत्रालय का दायित्व** | POSH अधिनियम के तहत सरकार शिकायतों का रेकॉर्ड रखती है और उसकी निगरानी करती है। किसी भी शिकायत की जांच के लिए 90 दिनों की समयसीमा तय है। इसे सुनिश्चित करने में SHe-Box पो समयबद्ध निपटारे को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय समय-समय पर डैशबोर्ड अलर्ट, ईमेल और मैसेज भेजता रहता है। यह सक्रिय प्रणाली सरकार की उत्तरदायित्व और परिणाम आधारित शासन की सोच दर्शाती है।

**भरोसे का पोर्टल** | आज देश में 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। जब बड़ी संख्या में महिलाएं पहली बार संगठित और औपचारिक कार्यस्थलों का हिस्सा बन रही हैं, तो SHe-Box जैसे प्लेटफॉर्म से उन्हें सरकार के साथ होने का भरोसा है।

**संस्थागत ढांचा** | SHe-Box के तहत हर कार्यस्थल पर नियुक्त नोडल अधिकारी, नियोक्ता, आंतरिक/स्थानीय समिति और शिकायतकर्ता के बीच समन्वय स्थापित करते हैं। इससे सुनिश्चित होता है कि शिकायत केवल दर्ज न हो, बल्कि उस पर कार्रवाई भी हो। यह पोर्टल एक से अधिक भाषाओं में है, जिससे शिकायत करने में आसानी होती है। इससे नारी शक्ति को भयमुक्त, सम्मान और आत्मविश्वास संग कार्यस्थलों में आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है।

*(लेखिका महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री हैं)*

# जरूरी योजनाएं पहले आएं, असली हकदार तक पहुंचें

## यही हमारी कोशिश, रेखा गुप्ता



दिल्ली की सत्ता में 27 साल बाद लौटी BJP की सरकार को एक साल पूरे होने जा रहा है। इस एक साल में जहां आयुष्मान योजना शुरू करके, अटल कैंटीन खोलकर और इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाकर सरकार ने खूब वाहवाही लूटी। वहीं, बारिश में जलभराव, गर्मी में पानी की किल्लत, सर्दियों में प्रदूषण, महिला समृद्धि योजना को लागू करने में देरी और गड्ढों में गिरकर लोगों की मौत की घटनाओं पर विपक्ष और आलोचकों के निशाने पर भी रही। इस एक साल के कार्यकाल का अनुभव, उपलब्धियों, चुनौतियों से लेकर अगले चार साल में दिल्ली के विकास के रोडमैप को लेकर CM रेखा गुप्ता ने गुरुवार को आयोजित NBT संवाद में प्रशांत सोनी, बृजेश सिंह, राहुल आनंद, कात्यायनी और सुदामा यादव से लंबी बातचीत की।




मेरे पास न्यूजपेपर का बड़ा सेट आता है। उसमें मैं पहला पेपर NBT निकालती हूं। पूरा पेपर पढ़ती हूं फिर बाकी अखबार पढ़ती हूं। एनबीटी अच्छा अखबार है, हम चाहते हैं कि अखबार लोगों की शिकायतें भी छापे और हमारे काम भी।

Piyal Bhattacharjee

**आपकी सरकार की 3 बड़ी उपलब्धियां क्या हैं?**

उपलब्धि तो नहीं, लेकिन मैं ये सोचती हूं कि इस साल में हम जो कर पाए, उनमें से जो योजनाएं मेरे मन के नजदीक है और जो मुझे लगता है कि लोगों को सीधे बेनिफिट देती हैं, उनमें एक तो आयुष्मान योजना है। आज 7 लाख से ज्यादा लोग रजिस्टर्ड हो चुके हैं और 30 हजार लोग फायदा उठा चुके हैं। दूसरा अटल कैंटीन, क्योंकि भूख सबसे बड़ी चीज है, जिसके लिए व्यक्ति काम करता है। रोजाना 50 हजार लोग अटल कैंटीन में भोजन कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह एक सेवा है कि दिल्ली में कोई भूखा ना सोए। तीसरा, हम बेहतर ई-बसें लेकर आए हैं। इसने दिल्ली के पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर किया है। मुझे लगता है, ये तीन अच्छी चीजें इस एक साल में हुई हैं।

**दिल्ली सरकार ने बजट की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सरकार क्या लक्ष्य तय कर रही है?**

सरकार के नए लक्ष्य तो हर सेक्टर के लिए है। किसी के लिए कम या ज्यादा कहना मुश्किल है। स्कूलों से लेकर हॉस्पिटल तक, सड़क से लेकर फ्लाईओवर तक, हर दिशा में मुझे काम करना है, अनेकों योजनाएं लानी है और उन्हें पूरा करना है, तो ये सब बड़े टारगेट हैं। अभी मैं तो ये सोचती हूं कि किसी को 15 साल का समय मिला, किसी को 11 का मिला, तो मैं अपने 5 साल की तो पूरी योजनाएं बनाकर चल रही हूं।

**Q आपकी सरकार का एक साल पूरे हो रहा है। इस एक साल में क्या चुनौतियां महसूस हुईं? अपने कार्यकाल को कैसे आंकती हैं?**

एक मिक्स फिलिंग है। यह साल मेरे लिए एक अवसर के रूप में रहा है। मैं आज अपने दिल्ली की सेवा कर सकती हूं। लोकमार्क फैसले लेकर दिल्ली की सूरत और सीरत बदल सकती हूं। हालांकि, यह चैलेंजिंग है, क्योंकि हर पल और हर कदम आपको अपने आपको साबित भी करना होता है। दृढ़ता के साथ आगे बढ़ते हुए दिल्ली की सालों पुरानी समस्याओं को दूर भी करना है। जब पुरानी समस्याएं खत्म होंगी, तभी तो आप अगले जोन में जा पाएंगे, जहां आप बेहतर करने की स्थिति में होंगे। इसलिए पहले तो लीगेसी प्रॉब्लम्स से निपटना होगा। मैं समझती हूं कि यदि कोई व्यक्ति अपने काम को एंजॉय न करे, प्रेशर के रूप में ले, तो फिर वो काम नहीं कर सकता। इसलिए मुझे जो जिम्मेदारी मिली है, उसे मैं एंजॉय कर रही हूं। मैंने संकल्प से इसे ग्रहण किया है और मुझे लगता है कि मैं अपना बेस्ट दे पा रही हूं और आगे भी देती रहूंगी।

**Q दिल्ली ऐसा शहर है, जहां मल्टीपल एजेंसी हैं। आपको बहुत सारे बंधनों में बंधकर काम करना पड़ता है। उन सीमाओं या बंधनों को आप कैसे तोड़ पाएंगी या तोड़ रही हैं?**

बेशक, दिल्ली का सिस्टम बहुत यूनीक है। किसी भी राज्य में सरकार का इस तरह का सिस्टम नहीं है, इसलिए दूसरे राज्यों में फैसले लेना आसान होता होगा, लेकिन दिल्ली राजधानी है। इस नाते यहां अपना एक अलग स्ट्रक्चर है। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे ऐसे समय में ये जिम्मेदारी मिली है, जहां केंद्र, राज्य और नगर निगम, तीनों जगह हमारी ही पार्टी की सरकार है। यह सबसे बेहतर समय है, जब सबके साथ मिलकर शहर के लिए अच्छा कर सकते हैं। हमें केंद्र सरकार से भी बहुत सपोर्ट मिलता है, जब आपका एक विजन हो, एक लक्ष्य हो, तब समाधान आसान हो जाता है। रास्ते अलग और लंबे हो सकते हैं, लेकिन लक्ष्य जरूर मिलता है।

**Q दिल्ली में मल्टीपल एजेंसी की समस्या निपटने के लिए नए सिरे से जिलों का गठन करना क्या इसी से निपटने का एक रास्ता है?**

यह बदलाव करना पड़ेगा, क्योंकि एक डीएम के कार्यक्षेत्र में अलग-अलग डीसी और DCP हैं, तो काम करने में मुश्किल होती है। अब सभी एजेंसी की जिले की सीमा एक होगी, तो ज्यादा बेहतर ढंग से ज्यादा काम हो पाएगा, क्योंकि प्रशासन को सुधारने और जवाबदेही तय करने के लिए यह बदलाव करना पड़ेगा। वरना कोई दुर्घटना होती है, तो एजेंसियां एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाती हैं। इससे काम करने में दिक्कत होती है। हमने कोशिश की और जो सबसे आसान था, वह किया। आने वाले समय में बाकी विभागों और एजेंसियों को भी इसके साथ मर्ज करेंगे।

**Q आप बीजेपी शासित राज्यों में इकलौती महिला मुख्यमंत्री हैं, इसे लेकर क्या आपने कोई चैलेंज या बतौर महिला मुख्यमंत्री खुद को साबित करने का दबाव महसूस किया?**

मैं मानती हूं कि निर्णय क्षमता और साहस का कोई जेंडर नहीं होता। आप जब साहस और दृढ़ता के साथ काम करते हो, तो आपकी क्षमता अपने आप साबित होती चली जाती है, क्योंकि आपके अंदर मेहनत करने का जज्बा और निर्णय लेने की ताकत है। जिसे भी जिम्मेदारी मिलती है, तो उसे खुद को साबित करना ही पड़ता है। हो सकता है कि एक महिला को थोड़ा ज्यादा साबित करना पड़ता हो, मगर समाज अब बदल रहा है। लीडरशिप भी अब इस दिशा में सोच रही है कि महिलाओं को कॉस्मेटिक जिम्मेदारी नहीं देनी है। मैं ये मानती हूं कि राष्ट्रपति का दायित्व हो या वित्त मंत्री या एक राज्य की CM का, ये कोई कॉस्मेटिक जिम्मेदारियां नहीं हैं। लीडरशिप ने अगर ये जिम्मेदारी दी है, तो कुछ सोच कर दी है। एक मीटिंग में जब मैं गृह मंत्री को दिल्ली की ढेर सारी समस्याओं के बारे में बता रही थी, तो उन्होंने मुझसे यही कहा कि मुख्यमंत्री जी! अब ये सारे काम आप ही को करने हैं। उस समय मुझे फील गुड महसूस हुआ। ये मेरी जिम्मेदारी है और मैं करूंगी। देश की आधी आबादी की आशाएं मुझसे जुड़ी हैं। उनकी प्रतिष्ठा मेरी प्रतिष्ठा से जुड़ी है, तो मेरे सफल होने में उनका भी सम्मान है। यह सोच मुझे बैठने नहीं देती है।

**Q आपके कुछ बयानों, बोलने में हुई कुछ गलतियों को लेकर आप को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया। इसे आपने कैसे हैंडल किया?**

मैं 30 साल से राजनीति में हूं। छात्र राजनीति से यहां तक का सफर मैंने तय किया है। जब एनबीटी की टीम मुझसे मिलने आई, तो मैंने उन्हें भी बताया कि यूनिवर्सिटी के दिनों में जब कोई ई-मेल और वॉट्सऐप का सिस्टम नहीं था, तब हम खुद प्रेस रिलीज लिखते थे, उसे टाइप करवा के एक कॉपी फैक्स करते थे और दूसरी कॉपी मैं खुद हाथ में लेकर यहां आती थी। अपने एक्सपीरियंस से मैं यह समझ पाई कि दो तरह की आलोचनाएं होती हैं। एक तो कंस्ट्रक्टिव क्रिटिसिज्म, जिसमें अखबार या सोशल मीडिया के माध्यम से हमें समस्याओं के बारे में पता चलता है। उसे एक्सेप्ट करना चाहिए और उस पर एक्ट भी करना चाहिए। दूसरा क्रिटिसिज्म है ट्रोलिंग, जो पॉलिटिकली मोटिवेटेड होता है। आप कुछ भी कर लीजिए, प्राण निकाल कर दे दीजिए, फिर भी वो कमी ही निकालेंगे। कल हमने लाडली बिटिया को लखपति बिटिया करके उसे बेहतर बनाया, तो विपक्ष कहता है कि ऐसा क्यों किया? लाडली योजना बंद कर दी? मैंने एक रील देखी, जिसमें कह रहे थे कि नई बसें प्राइवेट कंपनी के नाम हैं। अरे भाई, ये पीपीपी मॉडल पर आई हैं। दिल्ली सरकार ने ये बसें हायर की हैं, जिसकी सारी जिम्मेदारी निजी कंपनी के पास है। तो उन्हें कुछ न कुछ ट्रोलिंग करनी ही है। ऐसे ही लैंडफिल साइट का कूड़ा है। हम 24 घंटे बायोमाइनिंग करवा के रोज 30,000 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण कर रहे हैं। उसे जो इनर्ट निकलेगा, उसे कहीं न कहीं तो डालेंगे। उस पर भी ये लोग शोर मचाते हैं, तो ऐसी चीजों से मन को आघात पहुंचता है। खासतौर से जब कोई गैर राजनीतिक व्यक्ति बिना फैक्ट चेक किए उसे आगे सर्कुलेट कर देता है। अगर पॉलिटिकल आदमी कर रहा है, तब तो हमें पता है कि भाई इसने तो करना ही है, ये तो बेरोजगार हो चुके हैं, तो कुछ तो करेंगे ही।

**Q दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार की बात की जाती है। यहां केंद्र का भी हस्तक्षेप रहता है। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री भी यहां बैठते हैं। इसका कितना दबाव रहता है और दूसरे राज्यों की तुलना में क्या फर्क दिखता है?**

देखिए, दो बातें कहूंगी। पहला तो ये कि हम 27 साल बाद आए हैं, तो अभी यह कहना मुश्किल है कि कितना फर्क है और क्या है? लेकिन कहीं न कहीं मुझे तो ये प्रिविलेज ज्यादा लगता है, क्योंकि दिल्ली को मौजूदा स्थिति से बाहर निकालने के लिए बहुत सारे हाथों



की जरूरत है। अगर आप यह सोचें कि यमुना को अकेले दिल्ली सरकार साफ कर लेगी, तो यह संभव नहीं है, क्योंकि इसमें कई और राज्य भी जुड़े हैं। इसी तरह प्रदूषण को अगर आप सिर्फ दिल्ली का सोचकर खत्म करने की सोचेंगे, तो नहीं कर सकते। आपके इतने सारे राज्य उसमें जुड़े हैं, तो आपके लिए एक बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म है। सेंट्रल गवर्नमेंट है, जो इंटरस्टेट समस्याओं को हल करने के लिए सहायता कर रही है। मुझे लगता है कि ये मेरे लिए बड़ी सुविधा है कि आज जब पड़ोसी राज्यों में भी हमारी ही पार्टी की सरकार है, तो हम सब सेंटर के साथ एक टेबल पर बैठकर बात करते हैं। अच्छी बातचीत होती है। अगर हम अपने नाले पूरे साफ भी कर लेंगे, तो भी अगर हरियाणा के नालों से पानी यमुना में गिरेगा, तो वह कैसे साफ होगी। मुझे लगता है कि ये आशीर्वाद के रूप में सपोर्ट के रूप में है। चाहे वो फंडिंग से हो, चाहे गाइडेंस से हो या चाहे मध्यस्थता करके जिन विषयों को आगे ले जाना हो।

**Q महिला एवं बाल विकास विभाग आप ही के पास है। सरकार को आए एक साल हो गया, लेकिन महिला आयोग और बाल आयोग दोनों के चेयरमैन के पद अभी तक खाली हैं। मामला कहां अटका हुआ है?**

आपका सवाल बिल्कुल वाजिब है। एक साल से इस मामले को हम अभी तक फाइनल नहीं कर पाए, क्योंकि पिछली सरकार ने इस मामले को इतना उलझा दिया था। सार्वजनिक विज्ञापन देकर के और फिर इंटरव्यू लेकर के हजारों लोगों को उन्होंने इनवाइट कर लिया। अब बार-बार कोर्ट में भी मामला जा रहा है। ये इतना उलझा हुआ मैटर है कि उसको सुलझाने में और उसको सही दिशा, सही व्यक्ति को वहां बिठाने में थोड़ा टाइम लग रहा है। लेकिन हम इस मामले को लेकर गंभीर हैं। हमारी टीम इस पर काम कर रही है, इसे जल्दी करेंगे।



**साइकिल ट्रैक और फुटपाथों को ठीक करने के बारे में आपने कुछ सोचा है? उन पर कहीं चलने की जगह तक नहीं है।**

हम तो बहुत कुछ सोच रहे हैं, लेकिन फुटपाथ पर अतिक्रमण को हम जब हटाने के लिए जाएंगे, तो लोग आलोचना शुरू कर देते हैं। कहते हैं कि गरीबों के साथ सरकार ऐसा कर रही है। मेरा मानना है कि किसी भी राज्य में या देश में सही को सही कहने वाली जमात भी होनी चाहिए कि हां, ये सही हो रहा है। हम चाहते हैं कि सड़कें साफ सुथरी, एनक्रोचमेंट फ्री हों, फुटपाथ लोगों को चलने के लिए मिले। साइकिल ट्रैक पर साइकिल भी चले।

**Q आयुष्मान योजना को आते लागू तो कर दिया, लेकिन इसमें अंत्योदय कैटेगरी से आने वाले लोग नहीं जुड़ पा रहे हैं। इसके पैनल में अस्पतालों की संख्या भी बहुत कम है। कहां दिक्कत आ रही है?**

आप ठीक कह रहे हैं, मगर अब हम इसका दायरा बढ़ाने जा रहे हैं। जल्द ही इस योजना में विधवा, दिव्यांग, आंगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर और हेल्थ वर्कर को भी जोड़ेंगे। जहां तक अस्पतालों के जुड़ने की बात है, तो हॉस्पिटल्स कहीं न कहीं अपना इंटरेस्ट पहले देखते हैं, अपना रेवेन्यू जनरेशन देखते हैं कि अभी हमें किस चीज में फायदा होगा और किस चीज में नहीं होगा। फिर भी 150 के करीब हॉस्पिटल अभी इससे जुड़ चुके हैं। हालांकि, दिल्ली में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर अभी भी कम है, इसलिए थोड़ी मोनोपोली है। धीरे-धीरे हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ेगा, तो एक कॉम्पिटिशन भी आएगा। एक समय था, जब लोग अस्पताल में इलाज के खर्च में डिस्काउंट के लिए फोन करवाते थे, लेकिन अब लोग बेड दिलवाने के लिए फोन करवाते हैं। अब अस्पताल भरे पड़े हैं। तो जिस हेल्थ मॉडल का पिछली सरकारें डंका बजाती थीं, वो वास्तव में कहीं था ही नहीं। WHO के अनुसार दिल्ली में 1000 लोगों पर कम से कम पांच बेड होने चाहिए, लेकिन हम 1.5 बेड पर ही खड़े हैं, वो भी प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर मिलाकर। ऐसी स्थिति में आपका सर्वाइवल मुश्किल है। अब हमने जो ये आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले हैं, ये एक तरह से प्राइमरी हेल्थ केयर सेंटर हैं, जो आपकी 70 फीसदी जरूरतें पूरी करते हैं। वहां आपका वैक्सीनेशन होता है, टेस्टिंग की सुविधा मिलती है, दवाइयां मिल रही हैं, जच्चा-बच्चा को पूरी सुविधाएं मिल रही हैं, बुजुर्गों को हेल्थकेयर मिल रही है, तो काफी चीजें वहां हो जाती हैं। उसके बाद में जो बड़ी समस्या होगी, उसके लिए ही केवल बड़े अस्पतालों में जाना पड़ेगा। पहले तो एक चोट लगती थी, तो सीधे बड़े अस्पताल में जाना पड़ता था। मुझे लगता है कि यह पहला साल है। हमारी कोशिश है कि आगे चलकर ज्यादा से ज्यादा अस्पताल इससे जोड़ें।

**Q अभी तो अस्पतालों की इमरजेंसी में भी बेड की किल्लत है। गंभीर हालत में मरीजों को एक जगह से दूसरी जगह भागना पड़ता है?**

मैं ये समझती हूं कि धीरे-धीरे दिल्ली सुधार की ओर बढ़ रही है। दिल्ली में हमारी सरकार आने के बाद हमने हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम के तहत अस्पताल का पूरा डाटा डिजिटाइज किया है। हर पेशेंट का रिकॉर्ड बनाया है और उसे सभी अस्पतालों के डेटा के साथ इंटीग्रेट किया है। हर पेशेंट का डेटा बैंक अब हमारे पास है कि उसका क्या इलाज चल रहा है, उसे पहले क्या समस्या थी। उसका फायदा उसे आगे इलाज लेने में भी मिलेगा। मरीजों का एक इंटीग्रेटेड डाटा सिस्टम खड़ा होने से आगे अस्पतालों को भी फायदा होगा। इमरजेंसी जैसे हालात को सुधारने के लिए अस्पतालों को भी इसे संजीदगी से लेना होगा और अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को और बढ़ाना पड़ेगा।

**Q दिल्ली में आबादी के हिसाब से 250-300 एमजीडी पानी की कमी है। दूसरे राज्यों के साथ समझौते के बाद भी पानी नहीं मिल रहा है। आखिर कहां दिक्कत आ रही है?**

पानी की किल्लत को दूर करने के लिए तेजी से काम हो रहा है। रेणुका डैम और ऐसे ही दो और डैम सालों से प्लानिंग में थे कि ये बनने हैं, लेकिन उन पर काम तक शुरू नहीं हुआ। बस अनुबंध होकर रखा रहा। अभी हाल ही में नॉर्थ रीजन की इंटरस्टेट मीटिंग में हिमाचल, उत्तराखंड, दिल्ली और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों की इस पर बैठक हुई है। मुझे खुशी है कि स्टेट और सेंट्रल गवर्नमेंट ने इसे आगे बढ़ाते हुए तय किया है कि रेणुका डैम का काम जल्द से जल्द शुरू होगा। यह एक बहुत बड़ा इन्वेस्टमेंट है। अभी तक अलग-अलग सरकारें थीं, तो कोई समाधान नहीं निकल रहा था। हिमाचल तो आज भी पैसा नहीं देना चाहता है। उसका समाधान निकालने के पॉजिटिव प्रयास हो रहे हैं कि कहीं न कहीं सब लोग मिलकर एक राय बनाएं। ये एक लॉन्ग टर्म प्रोजेक्ट है। पिछली सरकारों ने न खुद कोशिश की, न सेंटर से मदद मांगी। अब हम कोशिश कर रहे हैं। सेंटर की भी मदद ले रहे हैं और पड़ोसी राज्यों से बात भी हो रही है। जब एक पॉजिटिव संवाद शुरू होता है, तो समस्या हल हो जाती है।

**Q आजकल देखा जा रहा है कि अगर पैसा हो, तो शॉर्टकट अपनाते हुए बड़ी और टेक्निकल योजनाओं पर पैसा खर्च करने के बजाए फ्रीबीज दे दी जाए। क्या गवर्नेंस के लिए ये एक बड़ा चैलेंज हो गया है?**

ऐसा नहीं है, सब्सिडी शहर की जरूरत पर निर्भर करती है। अगर मुझे दिख रहा है कि शहर को बसों की जरूरत है, इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है, तो मैं पहले उस पर काम करूंगी। अपने फ्रीबीज की बात कही। यहां ऐसी सरकार भी थी, जो सोचती थी कि केवल फ्रीबीज देते रहिए और हम जीतते रहेंगे। हम तो इस शहर के मालिक हैं और सामने वालों को अगला जन्म लेना पड़ेगा हमें हराने के लिए। उनका वो प्रिंसिपल था कि केवल फ्री देने से ही आप जीतते रहेंगे। मेरा मानना है कि ये फॉर्मूला सटीक नहीं है। शहर आपसे विकास मांगता है। नई पीढ़ी चाहती है कि बेहतर अवसर मिले, बुजुर्ग चाहते हैं कि इलाज मिले। पैरेंट्स चाहते हैं कि बच्चों को अच्छी एजुकेशन मिले। तो हर एक सेक्टर में आपको काम करने की जरूरत है। हर चीज फ्री नहीं होती है। आज मुझसे लोग पूछते हैं कि महिलाओं को 2500 रुपये कब मिलेंगे। मैं कहती हूं कि मिलेंगे, पहले इन चीजों को तो ठीक करने दो। अभी तो हम पुरानी सरकार की देनदारियां ही चुका रहे हैं। मेट्रो का उनके टाइम का एक पैसा उन्होंने नहीं दिया। मैं कैसे आगे मेट्रो चलाऊंगी? मेट्रो इस शहर की जरूरत है। उनके टाइम का 3000 करोड़ रुपया मैंने दिया। फेज 5-A का 3000 करोड़ मैंने दिया। इस साल में ही 6000 करोड़ का पेमेंट दिया, तो बताओ पहले मैं महिला समृद्धि करूंगी या पहले वो करूंगी, जो शहर की जरूरत है। शहर में पानी, सीवर और सड़क पर काम करने की जरूरत पहले है, तो मैं पहले उसी पर काम करूंगी।

**Q महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को पैसा कब तक मिलेगा?**

मेरा वादा है कि मैं उसे शुरू करूंगी। उसके लिए जो प्रक्रिया होनी चाहिए, उसमें लाभार्थियों की जो पात्रता होनी चाहिए, जिसका अधिकार बनता है, जिसके पास मदद पहुंचनी चाहिए, उसको दूंगी। ऐसे दूंगी कि एक बार शुरू हो, तो योजना चलती रहे। हिमाचल वाला हाल न हो। योजना चलती रहनी चाहिए। हर लीडर की अपनी प्राथमिकताएं होती हैं। प्राथमिकता अभी शहर की जरूरतों को पूरा करने की है। फिर 2500 रुपये देने का काम भी होगा।



**हाल ही में गड्ढे में गिरने से हुई लोगों की मौतों को आप कैसे देखती हैं? क्या आप नहीं मानती कि ये प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है?**

मैं दो बातें कहूंगी। सरकारें पहले भी थीं, हादसे पहले भी हुए। पिछली सरकार ने कभी जिम्मेदारी नहीं ली। आज हमारी सरकार जिम्मेदारी लेती है। हमारे दो-दो मंत्री पीड़ित परिवार से मिलकर आते हैं। शहर बड़ा है, लेकिन प्रशासनिक तंत्र में लोगों की आदतें वहीं पुरानी हैं। उसे और गंभीरता से लेने की जरूरत है। सब में लोगों को पता होना चाहिए कि अगर गलती करेंगे, तो सजा मिलेगी। मैं इतना कह सकती हूं कि शहर में जब भी प्रशासन की कमी के कारण कुछ गलत होता है, तो सबसे ज्यादा तकलीफ सरकार के मुखिया के नाते मुझे होती है। तब लगता है कि यह चीज ठीक होनी ही चाहिए। उसके लिए हम लगातार काम कर रहे हैं।

**प्रदूषण की चर्चा विदेशों तक होती है। बतौर सीएम आप इस समस्या से निपटने के लिए क्या कर रही हैं?**

बतौर सीएम मुझे ऐसा लगता है कि प्रदूषण की समस्या कोई आज की नई समस्या नहीं है। पिछले साल तो इससे कुछ ज्यादा ही था, उससे पिछले साल उससे भी कुछ ज्यादा ही होगा। हमें तो ये ऐसी ही स्थिति में मिला और इस पर काम करना है, यह एक चैलेंज भी है। पिछली सरकार के काम देखे, तो उन्होंने प्रदूषण के लिए एक स्मॉग टावर बना दिया था, जो छह महीने में बंद हो गया। उसके बाद रेड लाइट ऑन और इंजन ऑफ अभियान चलाया और फिर ऑड ईवन किया, लेकिन उसका असर क्या हुआ? कुछ नहीं। मैंने प्रदूषण से निपटने के लिए साइंटिफिक रोडमैप बनाया। शॉर्ट टर्म, मिड टर्म और लॉन्ग टर्म योजनाएं बनाईं। जैसे शॉर्ट टर्म उपायों में वॉटर स्प्रिंकलिंग, मिस्ट स्प्रे है, मैकेनिकल स्वीपिंग जैसे कदम उठाए। आने वाले समय में हम धूल और धुआं, दोनों से निपटने के इंतजाम कर रहे हैं।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP12 User: rahul.kumar2@timesofindia.com Time: 02-12-2026 22:21 Color:





"श्रीलंका के खिलाफ पिछली टी20 सीरीज में हमने स्पिनर्स का बहुत अच्छी तरह से सामना किया। वर्ल्ड कप के मैच में वेस्टइंडीज ने बोलिंग अच्छी की। उन्होंने पूरे समय खेल में अपनी पकड़ बनाए रखी। - हैरी ब्रुक, कप्तान, इंग्लैंड

**88.33**
बैटिंग ऐवरेज है मैथ्यू हेडन का टी20 वर्ल्ड कप में। यह इस टूर्नामेंट के इतिहास में बेस्ट बैटिंग ऐवरेज का रेकॉर्ड है

## वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. श्रीलंका की ओर से टी20I में सबसे तेज फिफ्टी का रेकॉर्ड किसके नाम है?
A) दासुन शनाका B) सनथ जयसूर्या C) महेला जयवर्धने D) कुसल मेंडिस

2. ICC टी20 वर्ल्ड कप में बेस्ट बैटिंग ऐवरेज किस प्लेयर का है?
A) ग्लेन मैक्सवेल B) विराट कोहली C) मैथ्यू हेडन D) बाबर आजम

**कल के जवाब**
1. C) लुंगी एनगिडी
2. C) ट्रेविस हेड

**लकी WINNERS**



1 लक्ष्मी भंडारी, आरके पुरम, नई दिल्ली



2 खालिद नसीम, लखनऊ, यूपी



3 शिवम सिंह, नायगांव, मुंबई

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

### भारतीय ओपनर ने नामीबिया के खिलाफ जड़ी ताबड़तोड़ फिफ्टी

# दिल्ली में ईशानदार पारी

Rupesh.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** एक महीना पहले तक जो ईशान किशन भारत के वर्ल्ड कप प्लान में शामिल नहीं थे,वो फिलहाल टीम इंडिया के एंटरटेनर नंबर-1 बन गए हैं। वापसी के बाद से रायपुर (76 रन) और तिरुवनंतपुरम (103 रन) में धमाकेदार पारी खेलने के बाद ईशान ने अपनी छठी पारी में दिल्ली में फैंस का भरपूर मनोरंजन किया। इस लेफ्टी बैटर ने 24 बॉल पर छह फोर और पांच सिक्स की मदद से 61 रन की पारी खेली जो, टी20 वर्ल्ड कप में किसी भारतीय विकेटकीपर द्वारा खेली गई सबसे बड़ी इनिंग्स है। इस दौरान उन्होंने सिर्फ 20 गेंद पर अपनी फिफ्टी पूरी की, जो वर्ल्ड कप में किसी भारतीय द्वारा संयुक्त चौथा सबसे तेज अर्धशतक है।

**हार्दिक की भी तेज फिफ्टी:** पेट के इंफेक्शन के कारण अभिषेक शर्मा का पाकिस्तान के खिलाफ भी मैच खेल पाना संदिग्ध है। ऐसे में ईशान की इस पारी से भारतीय टीम मैनेजमेंट को बड़ी राहत मिलेगी। ईशान के अलावा हार्दिक पंड्या ने भी 28 गेंद पर 4 फोर और 4 सिक्स की बदौलत 52 रन बनाए, जिससे टीम इंडिया ने पहले बैटिंग के लिए भेजे जाने के बाद नौ विकेट पर 209 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम ने 18 ओवर में ही चार विकेट पर 199 रन बना लिए थे, लेकिन अंतिम दो ओवर्स में नामीबिया ने बेहतर बोलिंग और फील्डिंग करते हुए मुकाबले में वापसी की और अंतिम दो ओवर में सिर्फ नौ रन देकर भारत के पांच विकेट चटका दिए। अंतिम दो ओवर्स में भारतीय बल्लेबाजों का इस तरह अपना विकेट गंवाना शायद 'थिंक टैंक' के लिए चर्चा का विषय बन सकता है। विपक्षी टीम की ओर से कप्तान गेरहार्ड इरास्मस (4/20) ने शानदार गेंदबाजी की। इसके साथ ही उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में किसी कप्तान द्वारा बेस्ट बोलिंग के मामले में अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान की बराबरी की।

**संजू को फिर भारी पड़ा ओवर अटैक:** ईशान के साथ पारी का आगाज करने आए संजू सैमसन (22 रन, 8 बॉल) ने पहले ओवर में सिक्स के साथ खाता खोला। अगले ओवर में वह और खतरनाक हो गए। लगातार दो सिक्स और फोर जड़कर शायद यह संदेश देने की कोशिश की कि अटैकिंग खेल में वह किसी से भी कमतर नहीं। पाकिस्तान के खिलाफ अगले मैच में अभिषेक के खेलने पर संशय के बाद संजू के इस तेवर ने टीम मैनेजमेंट को थोड़ी राहत दी ही थी कि वह गेंद आ गई जिसने उनकी पारी का अंत कर दिया। ईशान और अभिषेक के बीच अपनी जगह बनाने की कोशिश में संजू एक बार फिर आक्रामक होते नजर आए और इस कोशिश में एक बार फिर अपना विकेट गंवा दिया।

**सबसे तेज 'टीम सेंचुरी':** ईशान की धुआंधार पारी की बदौलत भारत ने पावरप्ले में ही एक विकेट पर 86 रन ठोक दिए, जो टी20 वर्ल्ड कप में भारत द्वारा पावरप्ले में बनाए गए सर्वाधिक रन और ओवरऑल टीमों में चौथे सर्वाधिक रन थे। भारत ने 6.5 ओवर्स में ही तीन अंकों को पार कर लिया। किसी भी वर्ल्ड कप में कोई भी टीम इतनी तेजी से सौ के टोटल तक नहीं पहुंची थी। ईशान 23 बॉल पर 61 रन बनाकर अपनी ... रहे थे। कप्तान इरास्मस ... और उनकी पहली ही ऑफ ब्रेक गेंद ने वो कमाल कर दिखाया, जो अभी तक अटैक पर आए चार पेसर नहीं कर पाए थे। एक साधारण सी बॉल पर ईशान ने सिक्स जड़ना चाहा, लेकिन गेंद डीप मिड विकेट में खड़े फील्डर के हाथों में चली गई।





ईशान किशन

**61** रन बनाए ईशान किशन ने। यह टी20 वर्ल्ड कप में किसी भारतीय विकेटकीपर द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं

**86** रन बनाए एक विकेट पर भारत ने पावरप्ले में। यह टी20 वर्ल्ड कप में भारत का हाइएस्ट पावरप्ले स्कोर है

**किशन ने एक ओवर में बना डाले 28 रन**

दूसरे ओवर में ही भारत को पहला झटका लग चुका था। अगले ओवर में ईशान ने एलबीडब्ल्यू आउट के फैसले को रिव्यू से पलटा। जबकि चौथे ओवर की पहली ही गेंद पर रन चुराने की कोशिश में रन आउट होने से बचे। अचानक से ही भारतीय खेमे में थोड़ी बेचैनी सी दिखी। अमेरिका के खिलाफ पिछला मैच याद आ गया जहां पहला विकेट गिरने के बाद विपक्षी गेंदबाज हावी हो गए थे, लेकिन यहां ईशान अभी क्रीज पर ही थे और पब्लिक के मनोरंजन का खयाल रखते हुए पावरप्ले का अंतिम ओवर करने आए स्मिट पर सिक्स की बरसात कर दी। इस ओवर में उन्होंने लगातार चार सिक्स के बाद एक फोर जड़ा और ओवर से 28 रन बटोर लिए। किसी भारतीय द्वारा टी20 वर्ल्ड कप के किसी ओवर में बटोरे गए ये संयुक्त दूसरे सर्वाधिक रन थे।

**स्कोरकार्ड**

**भारत:** ईशान किशन को शिकोंगो बो इरास्मस 61, संजू सैमसन को स्टीनकैंप बो शिकोंगो 22, तिलक वर्मा को स्मिट बो इरास्मस 25, सूर्यकुमार यादव स्टंप ग्रीन बो स्कोल्ट्ज 12, हार्दिक पंड्या को सब. (लेफ्टर) बो इरास्मस 52, शिवम दुबे रन आउट 23, रिंकू सिंह को इरास्मस बो स्मिट 1, अक्षर पटेल बो इरास्मस 0, वरुण चक्रवर्ती नॉट आउट 1, अर्शदीप सिंह रन आउट 2 **एक्स्ट्रा:** 10 **टोटल:** 20 ओवर्स में नौ विकेट पर 209 रन **विकेट:** 1-25, 2-104, 3-120, 4-124, 5-205, 6-205, 7-206, 8-206, 9-209 **बोलिंग:** रुबेन ट्रंपलमैन 4-0-38-0, बेन शिकोंगो 3-0-41-1, जेजे स्मिट 4-0-50-1, मैक्स हेइंगो 1-0-18-0, गेरहार्ड इरास्मस 4-0-20-4, बर्नार्ड स्कोल्ट्ज 4-0-41-1

# इटली की ऐतिहासिक जीत में मोस्का ब्रदर्स ने जमा दिया रंग

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** स्कॉटलैंड के खिलाफ इटली का 'ड्रीम डेब्यू' का सपना भले ही अधूरा छूट गया हो, लेकिन टीम ने गुरुवार को नेपाल के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप की पहली और परफेक्ट जीत दर्ज की। इस यूरोपियन टीम ने मुंबई में खेले जा रहे ग्रुप-बी के मुकाबले में नेपाल को 10 विकेट से हराया। इटली की जीत में अहम भूमिका 'मोस्का ब्रदर्स' (एंथनी मोस्का और जस्टिन मोस्का) ने निभाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 124* रन की अटूट मैच विनिंग पार्टनरशिप की। जस्टिन ने 44 बॉल पर 60* रन (5 फोर, 3 सिक्स) और एंथनी ने 32 बॉल पर 62* रन (3 फोर, 6 सिक्स) की पारी खेली। इससे पूर्व, इंग्लैंड के खिलाफ सिर्फ चार से मुकाबला गंवाने वाली नेपाल की टीम इटली के बोलर्स की चुनौती को पार नहीं कर पाई। टीम पूरे 20 ओवर्स टिकने में भी विफल रही और 19.3 ओवर्स में 123 रन पर सिमट गई।





एंथनी [बाएं] और जस्टिन मोस्का

**ब्रीफ स्कोर**
**नेपाल:** 19.3 ओवर्स में 123 रन (आरिफ शेख 27, रोहित पौडेल 23, कृशन कालूगमगे 3/18)
**इटली:** 12.4 ओवर्स 124/0 (जस्टिन मोस्का 60*, एंथनी मोस्का 62*)

### इंग्लैंड ग्रुप में चौथे स्थान पर फिसला

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

इटली की जीत के साथ ग्रुप-बी की अंक तालिका रोमांचक हो गई है। इस ग्रुप में सभी टीमों ने दो-दो मैच खेल लिए हैं। वेस्टइंडीज दो जीत के साथ टॉप पर है, जबकि स्कॉटलैंड, इटली और इंग्लैंड ने एक-एक मैच जीता है। स्कॉटलैंड और इटली बेहतर नेट रन रेट की वजह से क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड चौथे स्थान पर है। नेपाल दो हार के साथ आखिरी स्थान पर है। इंग्लैंड का मैच स्कॉटलैंड और इटली से बचा है। ऐसे में किसी भी मैच में इंग्लैंड को झटका लगता है तो सुपर-8 में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को चोट पहुंच सकती है।

## रूडी ने जताया शाह के सपोर्ट पर आभार



क्रिकेट नामीबिया के हेड रूडी वुरेन

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** क्रिकेट नामीबिया के अध्यक्ष रूडी वैन वुरेन ने गुरुवार को कहा कि विंडहोक में नए क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण का श्रेय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के चेयरमैन जय शाह को जाता है। नामीबिया 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप का सह-मेजबान है। वैन वुरेन ने असोसिएट सदस्य देशों को मजबूत बनाने और उनके क्रिकेट इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार करने के प्रयासों के लिए शाह की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'आईसीसी ने असोसिएट सदस्य देशों को सशक्त बनाने की नीति अपनाई है। जय शाह वाकई इसमें अहम बदलाव लेकर आए हैं। वह विंडहोक में हमारे नए स्टेडियम का दौरा करने आए थे। आईसीसी ने उस स्टेडियम के निर्माण में हमारी बहुत मदद की।' आईसीसी ने 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक स्टेडियमों का निर्माण किया है जिसका फायदा नामीबिया जैसे देश को भी मिल रहा है।

# कप्तान शनाका की तूफानी पारी, श्रीलंका की बड़ी जीत

■ **एजेंसियां, पल्लेकेले:** कुसल मेंडिस, पवन रत्नायके और कप्तान दासुन शनाका के तूफानी अर्धशतकों की बदौलत श्रीलंका ने टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-बी मुकाबले में ओमान को 105 रन से हराकर सुपर-8 की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 225/5 का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में ओमान नौ विकेट पर 120 रन ही बना सका।

**पवन ने भरी उड़ान:** मेंडिस ने 45 गेंद में 61 रन बनाकर पारी को आधार दिया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' पवन ने 28 गेंद में 60 रन की विस्फोटक पारी खेलते हुए टी20I में अपना पहला अर्धशतक जमाया। दोनों ने 52 गेंद में 94 रन की साझेदारी की। अंत में शनाका ने 20 गेंद में 50 रन ठोककर मैच का रुख पूरी तरह श्रीलंका के पक्ष में मोड़ दिया। उनका 19 गेंद में अर्धशतक वर्ल्ड कप में श्रीलंका के लिए सबसे तेज रहा।

**टॉप पर श्रीलंका पहुंची:** ओमान से मोहम्मद नदीम (52* रन) ने संघर्ष किया, लेकिन दुष्मंथा चमीरा और महीश तीक्षणा ने दो-दो विकेट लेकर दबाव बनाए रखा। श्रीलंका चार अंकों के साथ ग्रुप में टॉप पर पहुंच गई है।





शनाका ने 20 गेंद पर 2 फोर और 5 सिक्स की बदौलत 50 रन बनाए

**ब्रीफ स्कोर**
**श्रीलंका:** 20 ओवर्स में 225/5 (कुसल मेंडिस 61, पवन रत्नायके 60, दासुन शनाका 50, जितेन रमानंदी 2/41) **ओमान:** 20 ओवर्स में 120/9 (मोहम्मद नदीम 53*, वसीम अली 27, महीष तीक्षणा 2/11, दुष्मंथा चमीरा 2/19)

**52** गेंद पर फिफ्टी जमाई ओमान के मोहम्मद नदीम ने। यह टी20 वर्ल्ड कप में संयुक्त सबसे धीमी फिफ्टी है

## फटाफट खबरें

### डोपिंग पर ऐक्शन

■ **नई दिल्ली:** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में खराब प्रदर्शन या डोपिंग के कारण 1342 खिलाड़ियों को खेलो इंडिया योजना से बाहर किया गया। इसी अवधि में 2905 नए खिलाड़ियों को शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि 23,000 से अधिक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और सहयोग मिल रहा है। डोपिंग रोकने के लिए नाडा को मजबूत करते हुए CBI समेत अन्य एजेंसियों से तालमेल बढ़ाया गया है।

### गुंतास 17वें पर

■ **वेलिंग्टन:** भारत की गुंतास कौर संधू ने रॉयल वेलिंग्टन गोल्फ क्लब में महिला अमेचर एशिया-प्रशांत के पहले दौर में एक अंडर-71 का कार्ड खेलकर संयुक्त 17वां स्थान हासिल किया। वह पहले दिन के बाद सर्वश्रेष्ठ भारतीय रहीं। टूर्नामेंट का आयोजन द आरएंडए और एशिया-प्रशांत गोल्फ परिसंघ द्वारा किया जा रहा है।

### नागल हुए बाहर

■ **चेन्नै:** पूर्व चैंपियन सुमित नागल चेन्नै ओपन एटीपी चैलेंजर के दूसरे दौर में रूस के पेद्र बिरयुकोव से हारकर बाहर हो गए। उन्हें 6-4, 6-7, 3-6 से शिकस्त मिली। डबल्स में शीर्ष वरीय निकी पूनाचा और प्रयुष्या इसारी ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# जिंबाब्वे के खिलाफ बड़ी जीत चाहेगा ऑस्ट्रेलिया

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-बी में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की नजर जिंबाब्वे के खिलाफ बड़ी जीत पर होगी, लेकिन कप्तान मिचेल मार्श की फिटनेस चर्चा का केंद्र बनी हुई है। मार्श आयरलैंड के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेले थे और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने संकेत दिया है कि उनकी वापसी से पहले पर्याप्त आराम जरूरी है। मार्श की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है। आयरलैंड पर जीत में ऑस्ट्रेलिया ने संतुलित प्रदर्शन किया था। अब टीम ट्रेविस हेड और ग्लेन मैक्सवेल से बड़ी पारी की उम्मीद करेगी।

**टेलर की फिटनेस भी संशय में:** जिंबाब्वे को हल्के में नहीं लिया जा सकता। ब्रैड इवांस, ब्लेसिंग मुजरबानी और रिचर्ड एनगारवा की पेसर्स की तिकड़ी के अलावा सिकंदर रजा का अनुभव उसे मजबूती देता है। हालांकि, टीम के अहम बैटर ब्रेंडन टेलर की फिटनेस भी संशय बना हुआ है। ओमान के खिलाफ बैटिंग करते हुए टेलर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे।





चोटिल मिचेल मार्श की जगह ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे हेड

**आमना-सामना**
कुल मैच 3
ऑस्ट्रेलिया 2 | जिंबाब्वे 1

**टेलिकास्ट:** सुबह 11 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

# रेस में बने रहने के लिए डच टीम लगाएगी जोर

■ **एजेंसियां, चेन्नै:** टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-ए में शुक्रवार को नीदरलैंड्स और अमेरिका आमने-सामने होंगे। सुपर-8 की रेस में बने रहने के लिए नीदरलैंड्स के लिए यह मुकाबला अहम है, जबकि अमेरिका को टूर्नामेंट में वापसी की सख्त जरूरत है। पाकिस्तान से करीबी हार के बाद नीदरलैंड्स ने नामीबिया को सात विकेट से हराकर लय हासिल की। 157 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम ने दो ओवर शेष रहते जीत दर्ज की। ऑलराउंडर बास डी लीडे ने नाबाद 72 रन बनाने के साथ दो अहम विकेट भी झटके। हालांकि, शीर्ष क्रम के बाद मध्यक्रम की निरंतरता चिंता का विषय है। पाकिस्तान के खिलाफ टीम 123/4 से 147 पर सिमट गई थी। अमेरिका की गेंदबाजी प्रभावी रही है। शैडली वैन शाल्विक ने पावरप्ले में असर डाला, जबकि मोहम्मद मोहसिन और हरमीत सिंह ने बीच के ओवरों में दबाव बनाया। अमेरिका को प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए बैटिंग में सुधार करना होगा।





नीदरलैंड्स के प्लेयर बास डी लीडे

**टेलिकास्ट:** शाम 7 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क

# दिल्ली में आज जीतने वाली टीम का खुल जाएगा खाता

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** शुरुआती मुकाबलों में हार झेल चुकी कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की टीमें शुक्रवार को ग्रुप-डी के मैच में पहली जीत की तलाश में उतरेंगी। न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान जैसी मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के बीच 'ग्रुप ऑफ डेथ' में शामिल दोनों टीमों के लिए सुपर-8 की राह लगभग नामुमकिन सी दिख रही है।

कनाडा को साउथ अफ्रीका से 57 रन से हार मिली, जबकि यूएई को न्यूजीलैंड ने 10 विकेट से हराया। हालांकि, कनाडा ने 214 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष क्षमता दिखाई थी। अंश पटेल की स्पिन, नवनीत धालीवाल का अर्धशतक और हर्ष ठाकर की उपयोगी पारी सकारात्मक संकेत रहे। ठाकर ने हार के बावजूद टीम के जज्बे को सराहा। यूएई को गेंदबाजी में सुधार की जरूरत है। कप्तान मोहम्मद वसीम और अलीशान शरफू से बड़ी भूमिका की उम्मीद रहेगी, जबकि हैदर अली और जुनैद सिद्दीकी को प्रभाव छोड़ना होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में मिली हार के बाद यूएई के कप्तान वसीम ने कहा था कि इस मैच में हुई गलतियों को अगले मैच में सुधारेंगे। यूएई को साल 2019 में कनाडा के खिलाफ हुए टी20 वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर मैच से भी आत्मविश्वास मिलेगा, तब उसने कनाडा को मात दी थी।



लय में हैं यूएई के कप्तान वसीम

**आमना-सामना**
कनाडा vs यूएई
कुल मैच: 1
कनाडा:0, यूएई:1

**टेलिकास्ट:** दोपहर 3:00 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

# भारत-पाकिस्तान मैच देखने जाएंगे अमीनुल

■ **एजेंसियां, ढाका:** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) प्रमुख अमीनुल इस्लाम ने कहा है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले टी20 वर्ल्ड कप मैच देखने के लिए कोलंबो जाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि पिछले कुछ सप्ताह से चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) के साथ उनके संबंध सुधरेंगे। अमीनुल ने कहा, 'ICC के प्रमुख हितधारक पांच एशियाई देश हैं तथा वह चाहते हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच 15 फरवरी को होने मैच के लिए सभी पांच एशियाई देशों के प्रतिनिधि एक साथ स्टेडियम में मौजूद रहें, मैच देखें और एक-दूसरे से बात करें।' उनसे पूछा गया कि क्या इस बैठक से BCCI के साथ उसके तनावपूर्ण संबंध खत्म करने में मदद मिलेगी, तो उन्होंने कहा, 'आप इसे कुछ इसी तरह मान सकते हैं।'

**नबी पर जुर्माना:** अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ मिली हार के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना अफगान पारी के 14वें ओवर की है जब बोलर लुंगी एनगिडी की कलाई पर बंधे बैंड को लेकर नबी की अंपायर से बहस हो गई।





BCB प्रमुख अमीनुल

# PSL की नीलामी से हट गए अफगानी क्रिकेटर

■ **एजेंसियां, कराची:** अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) के 11वें एडिशन से पहले हुई खिलाड़ियों की नीलामी से अपने नाम वापस ले लिए। PSL में यह नीलामी पहली बार कराई गई थी। एक फ्रैंचाइजी के मालिक ने शुरू में पुष्टि की थी कि मुजीबुर रहमान, सदीकुल्लाह अटल, मुहम्मद नबी, वकार सलामखेल, फजल हक फारूकी जैसे खिलाड़ियों ने बुधवार को लाहौर में हुई नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। लेकिन, पेशावर जाल्मी द्वारा अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज से सीधा करार करने पर हुए विरोध के बाद इन्होंने अपने नाम वापस ले लिए। पिछले साल जब पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों को निशाना बनाने के बहाने अफगानिस्तान के कुछ खास इलाकों में हवाई हमले किए थे, तब से दोनों देशों के बीच रिश्ते खराब हो गए हैं।



अफगानिस्तान के बैटर गुरबाज

**स्मिथ रहे सबसे महंगे**

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बैटर स्टीव स्मिथ लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। चोटिल मिचेल मार्श के कवर के तौर पर ऑस्ट्रेलिया की टी20 कप टीम में शामिल किए गए स्मिथ को नई फ्रैंचाइजी सियालकोट स्टैलियंस ने लगभग 500,000 अमेरिकी डॉलर (14 करोड़ पाकिस्तानी रुपये) में खरीदा है। लीग में टीमों की संख्या छह से बढ़कर आठ कर दी गई है।

## भारत के ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया और नॉर्थ कोरिया भी शामिल



भारतीय अंडर-17 फुटबॉल टीम मई में खेलेगी मैच

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारत को कुआलालंपुर में कराए गए 2026 एशियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन (एएफसी) अंडर-17 एशियन कप के फाइनल ड्रॉ में ग्रुप-डी में उज्बेकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और नॉर्थ कोरिया के साथ रखा गया। यह टूर्नामेंट सऊदी अरब में पांच से 22 मई तक खेला जाएगा। भारतीय टीम पहला मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी, जिसके बाद उज्बेकिस्तान और कोरिया के खिलाफ मुकाबले होंगे। प्रत्येक ग्रुप से टॉप-2 टीम क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाएंगी और फीफा अंडर-17 वर्ल्ड कप कतर 2026 के लिए भी क्वॉलिफाई करेंगी। ग्रुप-ए में मेजबान सऊदी अरब को ताजिकिस्तान, थाईलैंड और म्यांमार के साथ रखा गया है। ग्रुप-बी में जापान, इंडोनेशिया, चीन और कतर शामिल हैं।

**एएफसी अंडर-17 एशियन कप**

# मेसी की फिटनेस को लेकर सस्पेंस कायम

■ **एपी, फोर्ट लॉडरडेल:** इंटर मियामी के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी बाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण 21 फरवरी को एलएएफसी के खिलाफ MLS कप (मेजर लीग सॉकर) के पहले मुकाबले में खेल पाएंगे या नहीं, इस पर संशय बना हुआ है। क्लब ने बुधवार को उनकी चोट की पुष्टि की। मेसी ने पिछले सप्ताह इक्वाडोर में प्री-सीजन मैच में गोल किया था, लेकिन दूसरे हाफ में असहजता के चलते मैदान छोड़ दिया था। उनकी वापसी फिटनेस प्रगति पर निर्भर करेगी।

**तुर्किये से हारा भारत:** भारतीय अंडर-17 मेंस फुटबॉल टीम को तुर्किये दौरे पर दूसरे फ्रेंडली मुकाबले में मेजबान टीम के खिलाफ 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। अंताल्या में खेले गए इस मैच में तुर्किये ने आक्रामक खेल दिखाते हुए भारतीय रक्षा पंक्ति पर लगातार दबाव बनाए रखा। भारत इससे पहले पहले फ्रेंडली मुकाबले में भी 0-1 से पराजित हुआ था। ये फ्रेंडली मैच भारतीय टीम के लिए एएफसी अंडर-17 एशियन कप सऊदी अरब 2026 की तैयारियों का अहम हिस्सा हैं, जो मई में आयोजित होगा।

**फुटबॉल कॉर्नर**



लियोनेल मेसी

## फेडरर के नाम पर 2 मिनट में बिके टिकट

■ **एपी, न्यू पोर्ट (अमेरिका):** रोजर फेडरर ने भले ही टेनिस को अलविदा कह दिया हो लेकिन उनका जादू अब भी प्रशंसकों पर सिर चढ़कर बोलता है। इसकी एक बानगी वहां उन्हें इंटरनैशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल करने के समारोह के टिकटों की भारी मांग में देखने में मिली। फेडरर से जुड़े इस समारोह के सभी टिकट दो मिनट में बिक गए। इस दिग्गज टेनिस खिलाड़ी को 29 अगस्त को प्रशासक मैरी कैरिलो के साथ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा। न्यू पोर्ट स्थित इस प्रतिष्ठित हॉल में होने वाले मुख्य समारोह के लिए पहले से उपलब्ध 900 टिकटों के अलावा हॉल अपने 3,600 सीटों वाले स्टेडियम को एक विशेष कार्यक्रम के लिए खोलेगा। इसके बावजूद हॉल की प्रवक्ता मेगन एर्बी ने कहा कि 4,500 टिकट दो मिनट के भीतर ही बिक गए।



रोजर फेडरर

# भारत के क्लीन स्वीप में एश्वर्य का रेकॉर्ड गोल्ड

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने गुरुवार को यहां एशियन चैंपियनशिप के 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन (3पी) इवेंट में नीरज कुमार को पछाड़ते हुए वर्ल्ड रेकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता। इस इवेंट में भारत ने क्लीन स्वीप भी पूरा किया। ऐश्वर्य ने नए साल में भी शानदार लय जारी रखी। इस 25 वर्षीय शूटर ने 362 के वर्ल्ड रेकॉर्ड से नीरज को महज 0.2 अंक से पीछे छोड़ा। अंतिम शॉट तक दोनों प्लेयर्स के बीच बराबरी की टक्कर थी। ऐश्वर्य 10.7 के अंतिम शॉट से जीत हासिल की। नीरज ने 361.8 अंक से सिल्वर, जबकि अखिल श्योराण ने 343.5 अंक से ब्रॉन्ज मेडल जीता।

क्वॉलिफिकेशन में नीरज 593 के स्कोर से शीर्ष पर रहकर फाइनल में पहुंचे, जबकि ऐश्वर्य 588 अंक से दूसरे और श्योराण इतने ही अंक से तीसरे स्थान पर रहे। नीरज, ऐश्वर्य और श्योराण की तिकड़ी ने 1769 अंक से टीम गोल्ड मेडल भी जीता। जूनियर मेंस फाइनल में एड्रियन करमाकर ने 353.2 अंक से चैंपियनशिप का दूसरा गोल्ड मेडल हासिल किया। भारत के मानवेंद्र सिंह शेखावत ने 338.6 अंक से ब्रॉन्ज मेडल जीता।

**एशियन शूटिंग चैंपियनशिप**



50 मीटर राइफल 3पी में भारतीय निशानेबाजों के नाम रहे तीनों मेडल

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP13 User: rajesh.mishra@timesofindia.com Time: 02-12-2026 22:30 Color:



## फटाफट खबरें

### HUL के मुनाफे में हुआ इज़ाफा

■ पीटीआई, नई दिल्ली: FMCG कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (HUL) ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी का नेट प्रॉफिट पिछले साल के मुकाबले दोगुना होकर 6,603 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। मुनाफे में आई इस बढ़त की मुख्य वजह कंपनी के आइसक्रीम बिजनेस का डीमर्जर है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी ने 2,989 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

### खर्च पर सेबी ने बनाई कमिटी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : सेबी (Sebi) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने गुरुवार को कहा कि बाजार नियामक कई तरह के उपायों के जरिए रेगुलेशन की लागत (नियमों के पालन पर होने वाले खर्च) को कम करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने बताया कि इसके तहत मुख्य आर्थिक सलाहकार (CEA) वी. अनंत नागेश्वरन की अध्यक्षता में एक कमिटी बनाई गई है।

### Intel पर 27 करोड़ का जुर्माना

■ पीटीआई, ■ नई दिल्ली : भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने टेक कंपनी इंटेल (Intel Corp) पर 27.38 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई भारत के लिए कंपनी की वारंटी पॉलिसी में पाई गई गड़बड़ियों और बाजार में अनुचित व्यापारिक तौर-तरीके अपनाने की वजह से की गई है।

### KCC योजना में बड़े बदलाव की तैयारी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने गुरुवार को किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना के नियमों में बदलाव और उन्हें बेहतर बनाने के लिए नए दिशा-निर्देशों का एक ड्राफ्ट (मसौदा) जारी किया है। इसका मकसद योजना का दायरा बढ़ाना, काम करने के तरीके को आसान बनाना और खेती-किसानी की नई जरूरतों को पूरा करना है। इन नए नियमों पर 6 मार्च तक सुझाव मांगे गए हैं। लोन की अवधि को फसल चक्र के साथ तालमेल बिठाने के लिए, KCC की वैलिडिटी को बढ़ाकर 6 साल करने का प्रस्ताव है।

# रिकवरी एजेंटों की बदतमीजी पर बैंक होंगे ज़िम्मेदार: RBI

## नियमों का मसौदा तैयार, शाम 7 बजे के बाद नहीं कर पाएंगे कॉल

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: अब लोन रिकवरी के नाम पर बैंक या उनके एजेंट ग्राहकों को डरा-धमका नहीं पाएंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने गुरुवार को शेड्यूल्ड कमर्शल बैंकों (रीजनल रूरल बैंकों को छोड़कर) और हाउसिंग फाइनैंस कंपनियों (HFCs) के लिए लोन रिकवरी को लेकर नए ड्राफ्ट नियम जारी किए हैं। नए नियमों के मुताबिक, एजेंटों की हर कॉल रिकॉर्ड होगी और उन्हें ग्राहकों से सलीके से बात करनी होगी। इतना ही नहीं, गमी, शादी या त्योहार जैसे मौकों पर रिकवरी के लिए फोन करना या घर जाना भी अब बंद करना होगा। इन नियमों के तहत अब रिकवरी एजेंटों को खास ट्रेनिंग लेना जरूरी होगा। ये नए निर्देश इस साल 1 जुलाई से लागू होंगे।

RBI ने साफ कर दिया है कि बैंक अपने द्वारा रखे गए एजेंटों के व्यवहार के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। साथ ही, नियम बनाया गया है कि एजेंट शाम 7 बजे के बाद ग्राहकों को फोन नहीं करेंगे। आरबीआई ने कहा कि बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि रिकवरी एजेंट ग्राहक को जो भी कॉल करे, वह रिकॉर्ड की जाए। साथ ही, केंद्रीय बैंक ने इस बात पर जोर दिया है कि एजेंट ग्राहक से हमेशा सभ्य तरीके (civil manner) से बात करें।

### 'खास मौके' का रखें खयाल

केंद्रीय बैंक ने यह भी प्रस्ताव दिया है कि किसी "खास मौके" पर लोन वसूली की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। जैसे कि अगर परिवार में किसी की मौत हुई हो, कोई बड़ी मुसीबत आई हो या फिर घर में शादी-ब्याह और त्योहार का माहौल हो। नियमों में यह भी कहा गया है कि अगर किसी ग्राहक के लोन का मामला कोर्ट में चल रहा है, तो बैंक को उसे अपने कर्मचारी या एजेंट को सौंपते वक्त बेहद सावधानी बरतनी होगी।

### डेटा का न हो मिसयूज

प्रस्तावित नियमों के अनुसार, बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि ग्राहकों की जो निजी जानकारी एजेंटों या कर्मचारियों के पास है, उसका गलत इस्तेमाल न हो। बैंक जिन रिकवरी एजेंसियों को काम पर रख रहे हैं, उनके कर्मचारियों का पिछला रेकॉर्ड अच्छी तरह जांचा गया हो। यह जांच एजेंट को काम पर रखने से पहले और बाद में भी समय-समय पर होती रहनी चाहिए। बता दें कि रिकवरी एजेंटों की बदसलूकी के कई मामले सामने आ चुके हैं। बिहार में एक कर्जदार के करीबी की मौत का मामला काफी चर्चा में रहा था।

### RBI का 'हंटर'

- **कॉल रिकॉर्डिंग** : ग्राहकों को की जाने वाली हर कॉल रिकॉर्ड होगी, विवाद होने पर सबूत रहे।
- **सभ्य व्यवहार**: एजेंटों को गाली-गलौज या अभद्र भाषा के इस्तेमाल की सख्त मनाही है।
- **ट्रेनिंग जरूरी**: रिकवरी एजेंटों को अब IIBF से रिकवरी की प्रोफेशनल ट्रेनिंग लेनी होगी।
- **मौके का खयाल**: मौत, शादी या त्योहार के समय रिकवरी के लिए दबाव नहीं बनाया जा सकेगा।
- **बैकग्राउंड चेक**: बैंकों को एजेंटों को काम पर रखने से पहले उनका पिछला रेकॉर्ड चेक करना होगा।
- **डेटा की सुरक्षा**: ग्राहक का डेटा किसी भी हाल में लीक या मिसयूज नहीं होना चाहिए।
- **कब से लागू होंगे** : ये नए निर्देश इस साल 1 जुलाई से लागू होंगे।



## जनवरी में रिटेल महंगाई दर 2.75% रही

# महंगाई दर में खाने-पीने की चीजों की हिस्सेदारी कम हुई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : महंगाई दर की गणना का तरीका बदल गया है और इस नए तरीके के तहत गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में खुदरा महंगाई दर 2.75% रही। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने आंकड़े जारी करते हुए बताया कि बेस ईयर को 2012 से 2024 तो किया ही गया है और परिवारों के मासिक उपभोग खर्च के बारे में 2023-24 में किए गए सर्वे के नतीजों के आधार पर गणना में वस्तुओं और सेवाओं का हिस्सा बदला गया है। खाने-पीने की चीजों का हिस्सा घटा दिया गया है, जिससे महंगाई दर में उतार-चढ़ाव में इन चीजों का असर पहले से कम पड़ेगा। नई सीरीज के मुताबिक, जनवरी में खाने-पीने की चीजों में महंगाई दर 2.13% और हाउसिंग इंफ्लेशन 2.05% रही।

AI Image



पिछली सीरीज के आधार पर सालभर पहले जनवरी में रिटेल इंफ्लेशन 4.26% और दिसंबर 2025 में 1.33% थी। मंत्रालय ने कहा कि 2012 बेस ईयर वाली सीरीज एक दशक से ज्यादा समय से उपयोग की जा रही थी। हालांकि इस दौरान खपत के तरीके, आमदनी, शहरीकरण, सेवा क्षेत्र के विस्तार और डिजिटलाइजेशन जैसे कई अहम बदलाव हुए। इसे देखते हुए बेस ईयर 2024 वाली नई सीरीज तैयार करना जरूरी हो गया था।

### अहम बदलाव क्या हैं?

- कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स की नई सीरीज में VCR/VCD/DVD प्लेयर, CD/DVD ऑडियो विडियो कैसेट्स, रेडियो, टेप रिकॉर्डर और रस्सी जैसी चीजों को महंगाई दर की गणना से बाहर कर दिया गया क्योंकि इनका उपयोग अब नहीं होता।
- रूरल हाउस रेंट, ऑनलाइन मीडिया सर्विस प्रोवाइडर/स्ट्रीमिंग सर्विसेज, वैल्यू ऐडेड डेयरी प्रोडक्ट्स, जौ और इससे बने उत्पादों, पेन ड्राइव और एक्सटर्नल हार्ड डिस्क, CNG/PNG, अटेंडेंट, बेबीसिटर और एक्सरसाइज के उपकरणों जैसी चीजों को शामिल किया गया।
- टेलीफोन चार्जेज, रेल किराया, विमान किराया, पोस्टल चार्ज के अलावा ऑनलाइन मीडिया और OTT सब्सक्रिप्शन के आंकड़े शामिल।
- फूड एंड बेवरेजेज का हिस्सा 45.86% के बजाय अब 36.75% पर आ गया है।

### NBT Lens खबरों के अंदर की बात

### क्वॉलिटी पर नहीं उठेंगे सवाल

इन बदलावों में एक अहम बात यह है कि भारतीय आंकड़ों की गुणवत्ता पर IMF जैसी एजेंसियों के सवालों को दूर करने का कदम उठाया गया है। यूनाइटेड नेशंस स्टैटिस्टिक्स डिवीजन के लेटेस्ट सिस्टम के मुताबिक बदलाव करते हुए 6 के बजाय खर्च को पहले 12 डिवीजंस और इसके बाद 43 ग्रुप्स, 92 क्लासेज और 162 सब-क्लासेज में बांटा गया है। इससे वेटेड आइटम्स की संख्या 299 से 358 हो गई है।

# AI की टेंशन से IT सेक्टर धड़ाम

## सेंसेक्स 558 अंक टूटा, IT इंडेक्स में 5.40% की गिरावट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : IT कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली की वजह से गुरुवार को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 558.72 अंक (0.66%) गिरकर 83,674.92 पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला NSE निफ्टी 146.65 अंक (0.57%) की गिरावट के साथ 25,807.20 पर बंद हुआ।

बाजार को नीचे गिराने में टेक्नॉलजी शेयरों का सबसे बड़ा हाथ रहा। टेक महिंद्रा, इंफोसिस और TCS के शेयर करीब 6-6 प्रतिशत तक गिर गए। इनके अलावा HCL, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस, एटरनल, HDFC बैंक, इंडिगो, कोटक महिंद्रा बैंक और अदाणी पोर्ट्स के शेयर भी गिरावट में बंद हुए। BSE मिडकैप इंडेक्स में 0.48% और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.28% की गिरावट दर्ज की गई। सेक्टरों की बात करें तो IT सेक्टर सबसे ज्यादा (5.40%) टूटा। इसके अलावा रियल्टी,

AI Image



ऑयल एंड गैस, एनर्जी, सर्विसेज और FMCG सेक्टर भी गिरकर बंद हुए।

**क्या रही वजह?** : बाजार में इस गिरावट की मुख्य वजह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से पैदा होने वाली मुश्किलें हैं। अमेरिका के मजबूत आर्थिक आंकड़ों के बाद ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम होना भी वजह रही। इससे निवेशकों में डर समा गया कि अमेरिकी क्लाइंट्स शायद IT पर होने वाले खर्च में कटौती करें। इससे यह संकेत मिला कि वहां ब्याज दरें लंबे समय तक ऊंची रह सकती हैं। इसका असर भारतीय आईटी कंपनियों पर पड़ा, क्योंकि उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा अमेरिका से आता है।

TCS के शेयर 5.41% तक गिर गए। इससे इसकी मार्केट वैल्यू पहली बार 10 लाख करोड़ रुपये के नीचे आ गई। इस गिरावट के साथ ही TCS देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनियों की लिस्ट में खिसककर छठे नंबर पर आ गई है। वहीं, ICICI बैंक के शेयर करीब 2% बढ़े, जिससे वह TCS को पछाड़कर पांचवें नंबर पर पहुंच गया।

### TCS की वैल्यू कम हुई

- 558.72 अंक: सेंसेक्स गिरा।
- 146.65 अंक: निफ्टी गिरावट।
- 5.41%: TCS में गिरावट।
- 9.95 लाख करोड़ रुपये: TCS की नई मार्केट वैल्यू (10 लाख करोड़ से नीचे)।

# मिस-सेलिंग पर कितना मिलेगा रिफंड?

■ NBT रिपोर्ट : कई बार ऐसा होता है कि कोई बैंक या वित्तीय संस्थान किसी ग्राहक को गलत जानकारी देकर या बहला-फुसलाकर कोई स्कीम या प्रोडक्ट बेच देता है। इससे ग्राहक को पैसे का तो नुकसान होता ही है, साथ ही वह मानसिक तौर पर भी परेशान होता है। अब भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ऐसे संस्थानों पर शिकंजा कस रहा है। केंद्रीय बैंक ने बुधवार को ऑल इंडिया फाइनैंशल इंस्टिट्यूशंस (AIFIs) के लिए विज्ञापन, मार्केटिंग और बिक्री से जुड़े कड़े निर्देश जारी किए हैं।

**क्या है ड्राफ्ट में?** : इसमें गलत तरीके से प्रोडक्ट बेचने (मिस-सेलिंग) पर संस्थानों को सजा देने, डार्क पैटर्न्स (धोखेबाज डिजाइन) पर रोक लगाने, जबरन दूसरा प्रोडक्ट चिपकाने जैसी चीजों पर रोक लगाने की बात कही गई है। आरबीआई का कहना है कि ये नियम 1 जुलाई 2026 से लागू हो जाएंगे।

**'मिस-सेलिंग' क्या है?** : नियमों के अनुसार, अगर कोई संस्थान अपना या किसी दूसरी कंपनी का प्रोडक्ट इन तरीकों से बेचता है, तो उसे मिस-सेलिंग माना जाएगा।

AI Image




- ऐसा प्रोडक्ट बेचना जो ग्राहक की प्रोफाइल के हिसाब से सही नहीं है, भले ही ग्राहक ने इसके लिए हां कह दी हो।
- सही या पूरी जानकारी दिए बिना या गलत जानकारी देकर प्रोडक्ट बेचना।
- ग्राहक की साफ तौर पर दी गई मर्जी के बिना उसे प्रोडक्ट बेचना।
- ग्राहक ने जो प्रोडक्ट मांगा है, उसके साथ जबरदस्ती कोई दूसरा प्रोडक्ट भी लेना अनिवार्य कर देना।

**मिस-सेलिंग पर क्या करें?** : अगर आपको गलत तरीके से कोई प्रोडक्ट बेचा गया है, तो आप इसकी शिकायत उस संस्थान (AIFI) में कर सकते हैं। यह शिकायत तय समयसीमा के भीतर करनी होगी। अगर कोई समय सीमा तय नहीं है, तो नियम और शर्तों (T&C) की साइन की हुई कॉपी मिलने के 30 दिनों के भीतर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

**कितना रिफंड मिलेगा?** : ET के मुताबिक, अगर यह साबित हो जाता है कि ग्राहक को गलत तरीके से प्रोडक्ट बेचा गया है, तो संस्थान को ग्राहक द्वारा चुकाया गया पूरा पैसा (100% रिफंड) वापस करना होगा। साथ ही, संस्थान को ग्राहक को हुए नुकसान की भरपाई भी करनी होगी।

**संस्थानों को क्या करना होगा?** :

- संस्थानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी नीतियां ऐसी न हों जो कर्मचारियों पर प्रोडक्ट बेचने का दबाव डालें। जैसे, बिक्री के लिए मुकाबले करवाना या हफ्ते/महीने के कुछ दिन टारगेट सेल के लिए तय करना आदि।
- बाहर की कंपनियों के प्रोडक्ट बेचने वाले कर्मचारियों को उन कंपनियों से कोई डायरेक्ट या इनडायरेक्ट कमीशन (इंसेंटिव) नहीं मिलना चाहिए।
- अपने प्रोडक्ट के साथ दूसरी कंपनी का प्रोडक्ट जबरन नहीं बेच सकेगा।
- संस्थानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके ऐप या वेबसाइट के इंटरफेस पर कोई डार्क पैटर्न (धोखा देने वाला डिजाइन) न हो। इनकी समय-समय पर जांच और ऑडिट की जाएगी।





| PARAMETER | VICTORIS S-CNG | COMPETITION MID SUV DIESEL | BENEFIT OF VICTORIS S-CNG OVER DIESEL CARS |
|---|---|---|---|
| Running Cost/km | ₹4 | ~₹6.1 | ✓ More savings per km |
| Lower Maintenance Cost | ✓ | ✗ | ✓ Easy on pocket |
| Reduced Emission | ✓ | ✗ | ✓ Good for environment |
| Recovery Period# | ~3.8 Yrs | ~11.1 Yrs | ✓ Faster recovery |

LOYALTY REWARD OF UP TO ₹30 000 ON EXCHANGE OF MARUTI SUZUKI CARS**

SCAN AND CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM

CONTACT US AT 1800-102-1800

Applicable T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Car colour may vary due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Features may vary by model/conditions. For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the Owner's Manual. #Considered average daily drive of 35 kms. Fuel Cost calculation done basis fuel prices in Delhi as of 11th Feb 2026 and considered 70% delivery of ARAI tested Mileage. **The loyalty reward scheme is subject to terms and conditions. For more details visit authorised dealership. The offer is valid only on Victoris. *As certified by Test Agency under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989.

VICTORIS

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRBP User: cci Time: 02-12-2026 22:45 Color:



## NBT AI टाइम मशीन

### जब देश के शासन का केंद्र बनी दिल्ली

आज ही के दिन 1931 में लॉर्ड इरविन (Lord Irwin) ने आधिकारिक रूप से नई दिल्ली को भारत की नई राजधानी घोषित किया। 1911 में जॉर्ज पंचम (George V) ने इसकी नींव रखी थी, लेकिन एडविन लुटियंस (Edwin Lutyens) और हरबर्ट बेकर (Herbert Baker) ने 20 साल की मेहनत से इसे भव्य रूप दिया। इसी के साथ रायसीना हिल्स पर सत्ता का केंद्र कलकत्ता से ट्रांसफर हो गया।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर

शुक्रवार, 13 फरवरी 2026

### प्रदूषण, पानी की समस्याएं खत्म होंगी

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में दिल्ली पूरी तरह स्मार्ट हो जाएगी। हवा साफ करने की AI बेस्ड नई तकनीक होगी, गाड़ियां बिना ड्राइवर के चलेंगी और ऊंची-ऊंची स्मार्ट इमारतों में घर, ऑफिस और स्कूल साथ होंगे। हर बिल्डिंग में पानी बचाने और दोबारा इस्तेमाल करने का सिस्टम होगा, यमुना भी पूरी तरह साफ हो चुकी होगी। ऐतिहासिक महत्व होने की वजह से दिल्ली तब भी देश की राजधानी रहेगी, बस शासन ज्यादा डिजिटल और अलग-अलग शहरों में बंटा हुआ होगा।



AI Images

## SPEED News

### मस्क की कंपनी चांद पर फैक्ट्री लगाएगी



XAI की बैठक के विडियो में मस्क ने बताया कि चांद पर AI सैटलाइट की फैक्ट्री लगाएंगे। इससे सूरज की ऊर्जा को कैप्चर करेंगे।



### किम जोंग उन ने बेटी को उत्तराधिकारी चुना

उत्तर कोरिया के किम ने 13 साल की बेटी किम जू ऐ को उत्तराधिकारी चुना है। साउथ कोरिया की एजेंसी ने यह दावा किया।

### इमरान की आंख की रोशनी जा रही: रिपोर्ट



पाकिस्तानी अखबार डॉन ने दावा किया गया कि जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की दाहिनी आंख की रोशनी 85% खत्म हो चुकी है।



### कनाडा: स्कूल के हमलावर की पहचान

ब्रिटिश कोलंबिया के स्कूल का हमलावर 18 साल की ट्रांस महिला जेसी वैन रूटसेलर थी। उसने पहले घर में मां और सौतेले भाई की जान ली। फिर स्कूल में हमला किया।

# बांग्लादेश में 60% पड़े वोट, गिनती भी शुरू

# BNP-जमात में कांटे की टक्कर

■ एपी/आईएएनएस, ढाका



AP

**बांग्लादेश में** गुरुवार को 13वें संसदीय चुनाव के लिए वोटिंग हुई। साथ ही, संविधान में बदलाव के लिए जनमत संग्रह पर भी लोगों ने अपनी राय रखी। कड़ी सुरक्षा और भारी उत्साह के बीच 300 में से 299 सीटों पर वोट डाले गए। वोटिंग के दौरान हिंसा और पोलिंग बूथों पर महिला एजेंट्स से बदसलूकी के मामले भी सामने आए। सुबह 7:30 बजे शुरू हुई और दोपहर बाद तक 48% लोग वोट डाल चुके थे। शाम 4:30 बजे वोटिंग खत्म हुई तो 60% से ज्यादा वोट पड़ चुके थे। गिनती भी शुरू हो गई। अंतिम नतीजे शुक्रवार तक आएंगे।

इस चुनाव में 10 दलों वाले बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी यानी BNP गठबंधन और 11 दलों की अगुआई कर रहे जमात-ए-इस्लामी के बीच कड़ा मुकाबला है। बीएनपी चीफ तारिक रहमान के हाथ सत्ता होगी या जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान को गद्दी मिलेगी, फैसला शुक्रवार को हो सकता है।

अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने कहा कि नए बांग्लादेश का जन्म हुआ है। संसदीय चुनाव और जनमत संग्रह 'शांतिपूर्ण' होने पर उन्होंने देशवासियों का आभार जताया। चुनावों में बैन की गई अवामी लीग की शेख हसीना ने कहा कि चुनाव मतदाता विहीन, अवैध और असंवैधानिक है। रद्द किया जाए।

वोटिंग के दौरान कई जगहों पर झड़पें हुईं। खुलना में वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में BNP नेता मोहिबुज्जमान कोचि की जान गई। तीन अन्य की तबीयत खराब होने से जान गई। कुछ जगह वोटिंग सेंटर के बाहर बम फेंके गए। गोपालगंज सदर इलाके में धमाके से 3 लोग घायल हो गए।

### 12 में से 4 चुनाव ही 'निष्पक्ष' माने गए

**1991**

1996 (दूसरा चरण), 2001 और 2008 के चुनावों को अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने स्वतंत्र और निष्पक्ष माना है इससे पहले

**500**

अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने इस बार चुनाव पर नजर रखी, इनमें ईयू और कॉमनवेल्थ के प्रतिनिधि भी हैं।

### 84 सूत्री सुधारों पर जनमत-संग्रह भी हुआ



गेस्ट एडिटर की पसंद

- संसद में दो सदन, एक शख्स दो बार से ज्यादा पीएम नहीं, पीएम के काम को जांचने का राष्ट्रपति को अधिकार, कोर्ट को राजनीतिक प्रभाव से बचाना जैसे प्रस्तावों पर रायशुमारी हुई।
- सबसे पहले 30 मई 1977 को रेफरेंडम हुआ था, राष्ट्रपति जियाउररहमान के हक में 'हां' में जवाब दिया गया था।
- दूसरा 21 मार्च 1985 में, तब राष्ट्रपति एरशाद की नीतियों पर राय मांगी गई। तब भी बहुमत 'हां' को मिला।
- तीसरा रेफरेंडम 15 सितंबर 1991 में हुआ था, देश ने फिर से संसदीय सरकार वापस लाने का फैसला किया।

### 60% वोटिंग इस बार, पहले भी आते रहे उतार-चढ़ाव



*2024: 42% वोट पड़े थे, अवामी जीती*

| वर्ष | वोटिंग |
| --- | --- |
| 1973 | 55% |
| 1996 (पहले चरण) में | 21% |
| 2008 में | 87% से अधिक |
| 2024 | 40% |

### पिछली बार से ज्यादा वोट पड़ा

- **299** सीटों पर वोट पड़े, संसद में कुल 350 सीटें हैं
- **1** सीट पर उम्मीदवार की मौत से वोटिंग टली
- **50** सीटें महिलाओं के रिजर्व हैं संसद की
- **1755** उम्मीदवारों की किस्मत तय होगी, इनमें 273 निर्दलीय
- **9** लाख से ज्यादा सुरक्षाबल तैनात रहे हैं

> अंतिम नतीजे आने के बाद भी लोकतांत्रिक मर्यादा, सहनशीलता और आपसी सम्मान बनाए रखें। मतभेद रहेंगे, लेकिन राष्ट्रीय हित में एकता बनी रहनी चाहिए। - मोहम्मद यूनुस, अंतरिम सरकार के मुखिया

> चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होंगे, तभी हमारी पार्टी नतीजों को मानेगी। - तारिक रहमान, BNP नेता

> हम ऐसी सरकार चाहते हैं जो जनता की हो, न कि किसी पार्टी, व्यक्ति या परिवार की। - शफीकुर रहमान, जमात-ए-इस्लामी

> ये चुनाव मतदाता विहीन, अवैध और असंवैधानिक हैं। इन्हें रद्द किया जाए। - शेख हसीना, अवामी लीग की नेता

### भारत की जनादेश पर नजर

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'भारत बांग्लादेश में निष्पक्ष, स्वतंत्र और विश्वसनीय चुनाव का पक्षधर है। हमें नतीजों का इंतजार करना चाहिए ताकि पता चल सके कि किस तरह का जनादेश आया है। उसके बाद वहां के मुद्दों को देखेंगे।...भारत ने न्योता मिलने के बावजूद वहां कोई चुनाव पर्यवेक्षक नहीं भेजा।'

# 114 राफेल में से 90 भारत में बनेंगे



**3.60** लाख करोड़ रु. की खरीद की जरूरत को मंजूरी दी गई

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

**नई दिल्ली:** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के दिल्ली दौरे से पहले रक्षा अधिग्रहण समिति ने वायुसेना के लिए 114 राफेल फाइटर जेट लेने की जरूरत को मंजूरी दे दी है। राफेल फ्रांस का फाइटर जेट है। अब तक वायुसेना के लिए मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट (MRF A) की जरूरत का ही जिक्र किया जाता रहा और आधिकारिक तौर पर यह नहीं कहा गया था कि MRFA के तौर पर वायुसेना के लिए कौन-सा फाइटर जेट लिया जाएगा। रक्षा अधिग्रहण समिति की मीटिंग के बाद पहली बार रक्षा मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर MRFA के राफेल होने की बात कही। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 114 में से ज्यादातर राफेल को भारत में ही बनाया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि भारत में 90 राफेल बनेंगे।

**मैक्रों के दौरे से पहले फ्रांस के जेट को हरी झंडी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण समिति की मीटिंग हुई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बैठक में करीब 3.60 लाख करोड़ रुपये के अलग अलग सैन्य खरीद प्रस्तावों के लिए 'एक्सेप्टेंस ऑफ नेसेसिटी' (AoN) यानी खरीद की जरूरत को मंजूरी दी गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वायुसेना के लिए मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट (राफेल), कॉम्बैट मिसाइलों और एयरशिप आधारित हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट (AS-HAPS) की खरीद की जरूरत को मंजूरी दी गई। राफेल की खरीद से एयरफोर्स की हर तरह के संघर्ष में एयर डॉमिनेंस (हवाई बढ़त) स्थापित करने की क्षमता मजबूत होगी। साथ ही लंबी दूरी तक सटीक हमला करने की ताकत बढ़ेगी जिससे एयरफोर्स की प्रतिरोधक क्षमता (डिटरेंस) में इजाफा होगा।

**वायुसेना के लिए मिसाइलें:** एयरफोर्स के लिए कॉम्बैट मिसाइलों की खरीद को मंजूरी दी गई। इससे लंबी दूरी तक गहरी और सटीक स्ट्राइक क्षमता बढ़ेगी। AS-HAPS का इस्तेमाल सैन्य उद्देश्यों के लिए लगातार इंटेलिजेंस, निगरानी और टोही (ISR), इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस, रिमोट सेंसिंग जैसे कामों में किया जाएगा।

**सेना के लिए एंटी-टैंक माइंस:** सेना के लिए एंटी-टैंक माइंस (विभव) की खरीद और आर्मर्ड रिकवरी वीइकल (ARV), टी-72 टैंक और इन्फेंट्री कॉम्बैट वीइकल (BMP-II) के वाहन प्लैटफॉर्म के ओवरहॉल (मरम्मत और उन्नयन) की जरूरत को मंजूरी दी गई। 'विभव' माइंस को दुश्मन की मेकेनाइज्ड सेना आगे बढ़ने से रोकने या उनकी स्पीड कम करने के लिए एंटी टैंक बाधा सिस्टम के तौर पर बिछाया जाएगा। ARV, टी-72 टैंक और BMP-II के प्लैटफॉर्म के ओवरहॉल से इन उपकरणों की सेवा अवधि बढ़ेगी और आर्मी की तैयारी और संचालन क्षमता और मजबूत होगी।





### नेवी के लिए P-8i टोही विमान

नौसेना के लिए छह P-8I विमानों की खरीद की जरूरत को मंजूरी दी गई। ये लंबी दूरी के टोही विमान हैं, जो समुद्री निगरानी के लिए जरूरी हैं। P-8I विमान की खरीद से नेवी की लंबी दूरी की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता (एंटी-सबमरीन वॉरफेयर), समुद्री निगरानी और समुद्री स्ट्राइक क्षमता में इजाफा होगा। साथ ही ये हिंद महासागर में निगरानी क्षमता को बढ़ाएंगे। 4 मेगावॉट मरीन गैस टरबाइन आधारित इलेक्ट्रिक पावर जेनरेटर, कोस्ट गार्ड के डोर्नियर विमान में लगाने के लिए इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल/इन्फ्रा-रेड सिस्टम की खरीद की जरूरत को मंजूरी दी गई। इससे समुद्री निगरानी क्षमता प्रभावी होगी।

# भारत के टेक्सटाइल्स एक्सपोर्ट को भी बांग्लादेश जैसी सुविधा: गोयल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



पीयूष गोयल



विरोध: विपक्ष ने संसद परिसर में अमेरिकी डील को 'ट्रैप डील' बताया।

**केंद्रीय वाणिज्य** और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को साफ किया कि अमेरिका से ट्रेड डील में टेक्सटाइल्स एक्सपोर्ट के मामले में बांग्लादेश को जीरो टैरिफ की जो सुविधा मिली है, वह भारत को भी मिलेगी। बांग्लादेश-अमेरिका की डील में तय हुआ है कि बांग्लादेश से US जाने वाली चीजों पर 19% जवाबी टैरिफ लगेगा। हालांकि बांग्लादेश में बने उन कपड़ों पर अमेरिका में रेसिप्रोकल टैरिफ जीरो होगा, जो अमेरिका से आयात कपास से बने हों। इसका मतलब यह कि ऐसे कपड़ों पर अमेरिका में केवल 12% की मोस्ट फेवर्ड नेशन ड्यूटी लगेगी। भारत से समझौते पर जारी साझा बयान में कहा गया था कि भारत से निर्यात होने वाले टेक्सटाइल्स पर अमेरिकी टैरिफ 18% होगा। मतलब यह कि 12% MFN ड्यूटी को मिलाकर भारत के टेक्सटाइल्स एक्सपोर्ट पर 30% इफेक्टिव ड्यूटी लगेगी। इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल उठाए थे। गोयल ने कहा, संसद में एक और झूठ फैलाया...जिस प्रकार से बांग्लादेश को सुविधा मिली है, वही सुविधा भारत को भी है।'

# फैक्ट शीट में बदलाव पर MEA, 'यह साझा समझ'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अमेरिकी फैक्टशीट** में बदलाव पर भारत सरकार ने कहा कि ट्रेड डील में दोनों देशों के बीच जारी हुआ साझा बयान ही आपसी समझ का आधार है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार पर अंतरिम समझौते के फ्रेमवर्क के लिए यह साझा बयान 7 फरवरी 2026 को जारी हुआ था। जहां तक अमेरिकी 'फैक्ट शीट' में संशोधन का सवाल है तो यह साझा बयान में निहित आपसी समझ को दिखाता है।

**'साझा बयान ही आपसी समझ का आधार'**

अमेरिका ने 9 फरवरी को डील पर फैक्ट शीट जारी की थी, उसमें साझा बयान से इतर कई बातें थीं।



### ट्रंप डील वाले देशों को कोयला बेचना चाहते हैं

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत से ट्रेड डील को 'ऐतिहासिक' बताया और कहा कि भारत और अन्य देशों के साथ हुए कारोबारी समझौतों से अमेरिकी कोयले का निर्यात बढ़ेगा, जो अमेरिका के लिए बेहद फायदेमंद होने वाला है। ट्रंप बुधवार को 'चैंपियन ऑफ कोल' कार्यक्रम में बोल रहे थे।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. रक्षा अधिग्रहण परिषद ने कितने राफेल की खरीद पर मुहर लगाई?
A. 110 B. 114 C. 120
2. कौन-से बीजेपी सांसद कांग्रेस के राहुल गांधी की सांसदी छीनने का प्रस्ताव लाए हैं?
A. निशिकांत दुबे B. किरेन रिजिजू C. हरदीप सिंह पुरी
3. पीएम मोदी आज से नए दफ्तर में शिफ्ट हो रहे हैं। उसका नाम है?
A. कर्तव्य भवन 1 B.कर्तव्य भवन2 C. सेवा तीर्थ
4. बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी की अगुआई कौन कर रहे हैं?
A. शफीकुर रहमान B. मोहम्मद यूनुस C. तारिक रहमान
5. लाल किला ब्लास्ट: कौन-सा आतंकी संगठन जिम्मेदार है?
A. ISIS B. जैश C. अल कायदा

**कल के जवाब**

A1 C. 6 छंद A2 B. रितु तावडे A3 A. वज्र प्रहार A4 B. साउथ अफ्रीका A5 A 299

**लकी विनर्स**



1. दीपक गुप्ता, दिल्ली
2. बलबीर सिंह, गाजियाबाद
3. कृष्ण कुमार शर्मा, फरीदाबाद

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही

# ब्राज़ील के राष्ट्रपति लूला AI समिट में लेंगे हिस्सा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दिल्ली में** होने वाली 'इंडिया AI इंपैक्ट समिट' में मौजूद रहने के लिए राष्ट्राध्यक्षों के दौरों की घोषणाएं शुरू हो गई हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के दौरे के बाद अब ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा (Luiz Incio Lula da Silva) के कार्यकाल की भी घोषणा हो गई है।

राष्ट्रपति लूला 18 से 22 फरवरी तक भारत के दौरे पर होंगे। वह 19-20 फरवरी को AI समिट में हिस्सा लेंगे और 21 फरवरी को पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बातचीत का कार्यक्रम है। इस दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति लूला के लिए लंच भी रखा है। राष्ट्रपति लूला के साथ 14 मंत्रियों समेत टॉप CEO का लंबा चौड़ा प्रतिनिधिमंडल भारत आ रहा है। इस दौरान बिजनेस जगत के प्रतिनिधि बिजनेस फोरम में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रपति लूला 2023 में दिल्ली में हुए G20 सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए भारत आए थे। बीते साल 7-8 जुलाई को मोदी ब्रिक्स समिट के लिए ब्राजील में थे। दोनों नेताओं ने बीते साल जोहानिसबर्ग में G20 समिट के दौरान भी मुलाकात की थी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि अभी और भी नेता इस AI समिट में शिरकत करने वाले हैं, जिनके बारे में बाद में जानकारी साझा की जाएगी।

**19-20 को AI समिट में हिस्सा लेंगे, 21 को मोदी से वार्ता**



*18 से 22 फरवरी के बीच भारत दौरे पर होंगे लूला दा सिल्वा*

### मैक्रों 19 को AI समिट में लेंगे हिस्सा

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों तीन दिन के दौरे पर भारत आएंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत में रहेंगे। इस दौरे में पीएम मोदी और मैक्रों होराइजन 2047 रोडमैप में बताए गए कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, साझा महत्व के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे, जिसमें इंडो-पैसिफिक में सहयोग शामिल है। दोनों नेता भारत-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन की शुरुआत के लिए मुंबई में उपस्थित होंगे। इस ईवेंट को दोनों देशों में पूरे साल मनाया जाएगा। मैक्रों 19 फरवरी को AI इंपैक्ट समिट में हिस्सा लेंगे।

# ड्रग रेजिस्टेंट टीबी का इलाज सिर्फ 6 महीने में: स्टडी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**टीबी के** सबसे मुश्किल रूप यानी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी (Drug Resistant TB) से जूझ रहे मरीजों के लिए राहत की खबर है। आईसीएमआर की हालिया स्टडी में सामने आया है कि इस बीमारी का इलाज सिर्फ 6 महीने में गोलियों से संभव है। यह इलाज पुराने लंबे इलाज के मुकाबले ज्यादा असरदार और सस्ता है। ड्रग रेजिस्टेंट टीबी उसे कहते हैं, जब टीबी के बैक्टीरिया में आइसोनियाजिड और रिफैम्पिसिन जैसी सामान्य टीबी की दवाओं का असर होना कम हो जाता है।

**ICMR की स्टडी में दावा, इलाज का खर्च भी कम होगा**

स्टडी ICMR के नैशनल इंस्टिट्यूट फॉर रिसर्च इन ट्यूबरकुलोसिस ने की है। इसमें नए इलाज के तरीकों की तुलना सरकार के मौजूदा 9 से 20 महीने तक चलने वाले इलाज से की गई।

# रूस ने ब्लॉक कर दिया वट्सऐप

## क्रेमलिन ने वजह बताई, मेटा रूसी कानूनों का पालन नहीं कर रहा

■ एएफपी, मॉस्को (रूस)

**रूस ने** गुरुवार को देशभर में WhatsApp (वट्सऐप) ब्लॉक कर दिया। कुछ दिन पहले मेसेजिंग सर्विस Telegram की स्पीड सीमित की थी। पुतिन प्रशासन का कहना है कि दोनों सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म रूसी कानूनों का पालन करने में विफल रहे हैं।

रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि वट्सऐप की पैरंट कंपनी मेटा ने कानून का पालन नहीं किया, इसलिए प्रतिबंध लागू किया गया है। उन्होंने लोगों से स्थानीय प्लैटफॉर्म MAX का इस्तेमाल करने का आग्रह किया है।



पुतिन, रूस के राष्ट्रपति

### कोर्ट में इंस्टा चीफ ने कहा, यह लत नहीं

लोकप्रिय सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम के चीफ एडम मोसेरी (Adam Mosseri) ने अमेरिका के लॉस ऐंजिलिस की अदालत में कहा कि 16 घंटे तक इंस्टाग्राम के इस्तेमाल को सीधे लत नहीं कहा जा सकता है। किसी चीज का ज्यादा इस्तेमाल और लती हो जाना- दोनों अलग बातें हैं।

**कोर्ट में सेटलमेंट** सिएटल में पुलिस कार की टक्कर से गई थी जान, परिवार को मिलेगा 26.2 अरब रु. का मुआवजा

# US में हुई थी मौत, जाह्नवी की फैमिली को मुआवज़ा

■ एपी, सिएटल





*2023 में सिएटल का है मामला*



गेस्ट एडिटर की पसंद

**अमेरिका के** सिएटल शहर में 2023 में एक पुलिस अफसर की तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर से जान गंवाने वाली भारत की 23 साल की छात्रा जाह्नवी कंडुला के परिवार के साथ 2.9 करोड़ डॉलर (करीब 2.62 अरब रुपये) के समझौते पर सहमति दी है। यानी परिवार को इतना मुआवजा मिलेगा। सिएटल के सिटी अटॉर्नी एरिका इवांस ने बुधवार को कहा, 'जाह्नवी कंडुला की मौत बेहद दुखद है और शहर को उम्मीद है कि यह समझौता कंडुला परिवार को कुछ हद तक संतोष देगा। जाह्नवी कंडुला का जीवन बहुत अहम था। वह उनके परिवार, दोस्तों और हमारे समुदाय के लिए मायने रखता था।'

कंडुला को अफसर केविन डेव की गाड़ी ने उस वक्त टक्कर मारी थी, जब वह ड्रग्स से जुड़ी कॉल के बाद 40 Km/घंटे की सीमा वाले इलाके में 119 Km/घंटे की रफ्तार से जा रहे थे। उनकी गाड़ी की इमरजेंसी लाइट जल रही थी और चौराहों पर सायरन भी बज रहा था। डैशकैम फुटेज में दिखा कि जाह्नवी सड़क पार कर रही थीं, तभी उन्हें भीषण टक्कर लगी, जिससे वह हवा में 100 फीट दूर जा गिरी थीं।

**कौन थी जाह्नवी कंडुला:** जाह्नवी कंडुला सिएटल की नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी में इन्फर्मेशन सिस्टम्स में मास्टर डिग्री कर रही थीं। हादसे में उनकी मौत के बाद बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे। लोगों का गुस्सा तब और बढ़ गया, जब एक अफसर के बॉडी कैमरे की रिकॉर्डिंग सामने आई। उसमें वह हंसते हुए कंडुला के जीवन को 'मामूली' बताते और यह कहते सुनाई दिए कि शहर को 'बस एक चेक लिख देना चाहिए।'

### अजरबैजान: अगवा भारतीय बचाए गए



■ **पीटीआई, आणंद (गुजरात):** अमेरिका में बेहतर जिंदगी की तलाश में निकले गुजरात के दंपती को अजरबैजान में फिरौती के लिए बंधक बना लिया गया। आरोपियों ने घरवालों को फोन करके रिहाई के बदले करोड़ों रुपयों की फिरौती मांगी। सही समय पर विदेश मंत्रालय की मदद मिलने से उनकी जान बच गई। आणंद के लोकसभा सांसद मितेश पटेल ने यह जानकारी दी।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRJK2 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-12-2026 21:35 Color:


# ACE
fulfilling ACEpirations

RERA NO.:UPRERAPRJ677294

RERA No.: UPRERAPRJ423807

RERA NO.: UPRERAPRJ677887

FROM REFINED RESIDENCES TO A DYNAMIC COMMERCIAL HUB, EXPLORE THREE SIGNATURE DEVELOPMENTS, PAIRED WITH **LIMITED-PERIOD UNMATCHED OFFERS.**




## ACE STARLIT
SECTOR 152, NOIDA

ONE OF NCR'S MOST LUXURIOUS ECOSYSTEM.

| | | |
|---|---|---|
| Ultra Luxury | Spacious Layouts | Expansive 3 Side Open Homes |
| Club Spade | Marble Clad Lobbies | Dedicated Tower Amenities |

**PLP 20:80 PAYMENT PLAN**

## ACE 153

PREMIER INVENTORY FOR OFFICES AND RETAIL SPACES.

| | | |
|---|---|---|
| High Captive Demand | ICBC Gold Certified | Modern Design |
| Club Martini | Triple Height Entrance Lobbies | High-End Retail |

**BALANCED 50:50 PAYMENT PLAN**







## ACE HAN'EI

DAWN OF AN ERA OF PROSPEROUS LIVING.

| | | |
|---|---|---|
| Spacious Layouts | Grand Lobbies | Ultra Luxury |
| State Of The Art Club | Holistic Living | Modern Design |

**COMFY 20*5 PAYMENT PLAN**

*T&C Apply

# FOR MORE INFORMATION, CALL US @ 76699 95433

+ CAM Charges free for 2 years at ACE Starlit; One car parking free at ACE 153; and Car parking free at ACE Han'ei, as applicable. The images, information, specifications, amenities mentioned in this advertisement are only representational, informative, illustrative and do not constitute any legal offerings. No information given under this advertisement creates a warranty or extends the scope of any warranty. The content, images and any other materials used in advertisements, hoardings and promotional activities are artistic representation and are subject to change without prior notice. *We disclaim absolute responsibility for any information found on external websites, links or emails, third party social media platforms and any reliance placed on such information is solely at your own risk. Your decision should not rely on the images and illustrations as shown in the advertisement and under no circumstance, whatsoever, shall we be liable for any loss/damage arising out of the same. We reserve the right to modify or otherwise amend information, specifications and details relating to the project as per prevailing government norms without any prior notice. For verified, updated and accurate project information, please visit the official websites: **(i) www.acegroupindia.com, (ii) www.uprera.in/projects**

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRFP User: cci Time: 02-12-2026 22:38 Color:

नई दिल्ली > शुक्रवार, 13 फरवरी 2026 > माघ 24, शक संवत 1947, फाल्गुन कृष्ण एकादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 38 > पेज 20* > गुड़गांव > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*मासिक खरीद पर ही लागू

NBT
नवभारत टाइम्स
एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



वैलंटाइंस वीक
Kiss day
आज



US से डील में भारत को भी बांग्लादेश जैसा लाभ: गोयल ▸p14






# वित्त मंत्री बोलीं, मिडल क्लास को दबा नहीं रहे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि पर्सनल इनकम टैक्स कलेक्शन बढ़ने का मतलब यह नहीं निकाला जाना चाहिए कि मध्यम वर्ग को दबाया जा रहा है। राज्यसभा में बजट पर चर्चा में विपक्ष के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने यह बात कही।

सीतारमण ने कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है कि मिडल क्लास को दबाया जा रहा है, बल्कि ज्यादा सबूत इस बात के हैं कि मिडल क्लास का विस्तार हो रहा है और यह आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनमी बताने वाले बयान नकारात्मक हैं। ऐसे बयान देने वाले लोग भारत की तरक्की में योगदान देने वाली जनता का मजाक उड़ा रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनमी कहा था और बाद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसके हवाले से सरकार पर निशाना साधा था। चर्चा के दौरान विपक्ष ने आरोप लगाया था कि देश मिडल क्लास, अमीर और गरीब के बीच फंसा हुआ है। ▸▸ पेज 6, 7

> पिछले 10 वर्षों में किए गए आर्थिक सुधारों के चलते मिडल क्लास का ऐतिहासिक रूप से विस्तार हुआ है। इसके पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। -निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री



निर्मला सीतारमण ने कहा, GST सुधारों से घरेलू खर्च घटा है।

## राहुल के चुनाव लड़ने पर बैन की मांग

**BJP सांसद** निशिकांत दुबे ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एक विशिष्ट प्रस्ताव लाने के लिए नोटिस दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल की लोकसभा सदस्यता रद्द की जाए। उनके चुनाव लड़ने पर आजीवन बैन हो। राहुल गांधी ने कहा कि FIR करो या विशेषाधिकार हनन लाओ, किसानों के लिए आखिरी सांस तक लड़ूंगा।

## रिजिजू ने स्पीकर रूम में हंगामे का विडियो शेयर किया

**केंद्रीय मंत्री** किरेन रिजिजू ने गुरुवार को स्पीकर के कमरे का एक विडियो शेयर किया। उन्होंने विडियो के साथ अपने पोस्ट में कहा, 'यह एक कांग्रेस सांसद द्वारा लिया गया अवैध विडियो क्लिप है, जब 20-25 कांग्रेस सांसद स्पीकर के कमरे में घुसे, उन्हें अपशब्द कहे और प्रधानमंत्री को धमकी दी। वहां मौजूद सीनियर नेताओं के.सी. वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी ने उन्हें नहीं रोका। रिजिजू ने कहा, 'वे (कांग्रेस सांसद) उन्हें उकसा रहे थे। अगर हमारे सांसद किसी के साथ दुर्व्यवहार करते, तो हमारे नेता उन्हें रोकते। लेकिन उनके (कांग्रेस) नेता सांसदों को झगड़ने के लिए उकसा रहे थे।' कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, 'हमने किसी को गाली नहीं दी। एक-दो सांसद गुस्से में थे। उन्होंने अपनी बात रखी।'

## जेल में संदिग्ध आतंकी की हत्या में 2 सस्पेंड

■ NBT न्यूज, बल्लभगढ़ : जिला जेल के स्पेशल सेल में संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान की हत्या के मामले में जेल सुपरिंटेंडेंट हरिंद्र सिंह और डिप्टी सुपरिंटेंडेंट सचिन कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। जिला जेल का अतिरिक्त प्रभार नारनौल जेल के सुपरिंटेंडेंट संजय बांगड़ को सौंपा गया है। एक वॉर्डर और हेड वॉर्डर को भी निलंबित किया जा चुका है। ▸▸ गुड़गांव टाइम्स

> डिप्टी व जेल सुपरिंटेंडेंट पर एक्शन

न तोड़ें नियम

## गुड़गांव में ड्रंकन ड्राइव पर होगी FIR

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव : शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर अब केस दर्ज होगा। इससे पहले अधिक शराब पीकर वाहन चलाने पर डीएल सस्पेंड होता था। अब ट्रैफिक पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत केस दर्ज करना शुरू कर दिए हैं। इससे पहले रॉन्ग साइड चलाने वालों के खिलाफ भी केस दर्ज किए जा रहे हैं। ▸▸ गुड़गांव टाइम्स

> अब तक सिर्फ डीएल सस्पेंड किया जाता था

NBT की गेस्ट एडिटर बनीं रेखा गुप्ता

## आयुष्मान योजना का जल्द बढ़ाएंगे दायरा: सीएम

Piyal Bhattacharjee



एक दिन के लिए एडिटर... सीएम रेखा गुप्ता ने NBT की टीम के हर एक सदस्य से मुलाकात की, अखबार के कामकाज को बारीकी से समझा।

Prashant.Soni@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : दशकों से NBT की पाठक रहीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गुरुवार को जब गेस्ट एडिटर के रूप में NBT के दफ्तर पहुंचीं, तो डीयू में छात्र राजनीति के दिनों की उनकी कई पुरानी यादें एकदम ताजा हो गईं। सीएम ने बताया कि उस समय वे अक्सर स्टूडेंट से जुड़े विभिन्न मुद्दों की खबरों को लेकर NBT के दफ्तर आया करती थीं। NBT संवाद के दौरान भी सीएम ने अपनी सरकार के एक साल के कार्यकाल से जुड़े विभिन्न सवालों का खुलकर जवाब दिया। ब्रेकिंग न्यूज साझा करते हुए बताया कि दिल्ली सरकार जल्द ही आयुष्मान योजना के लाभार्थियों का दायरा बढ़ाकर अब विधवाओं और दिव्यांगों को भी इसमें शामिल करने जा रही है। जल्द ही कैबिनेट में इससे जुड़ा प्रस्ताव पास किया जाएगा। आशा वर्कर्स, हेल्थ वर्कर्स और आंगनवाड़ी वर्कर्स को भी आयुष्मान योजना से जोड़ने पर विचार किया जा रहा है। ▸▸ पेज 3, 5



आज के मैच

ऑस्ट्रेलिया vs जिम्बाब्वे
कोलंबो, सुबह 11 बजे से

कनाडा vs UAE
दिल्ली, दोपहर 3 बजे से

नीदरलैंड्स vs अमेरिका
चेन्नै, शाम 7 बजे से

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 12 और 13

## फटाफट खबरें

### आज PM करेंगे सेवा तीर्थ की शुरुआत



पीएम नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली में नए सरकारी भवन परिसर सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन-1 और 2 की शुरुआत करेंगे। पीएम कैबिनेट मीटिंग में हिस्सा लेंगे। उसमें कई अहम फैसले होने की उम्मीद है।

### US में मौत, परिवार को मिलेंगे 260 करोड़

अमेरिका के सिएटल में सड़क पार करते समय जान गंवाने वाली भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला के परिवार को करीब 260 करोड़ का मुआवजा मिलेगा। उन्हें पुलिस की तेज रफ्तार गाड़ी से टक्कर लगी थी। यह 2023 की घटना है।

### 'घूसखोर पंडत' पर SC की फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने निर्माता नीरज पांडे को उनकी फिल्म 'घूसखोर पंडत' के शीर्षक को लेकर फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि जब तक बदला हुआ शीर्षक नहीं बताते, फिल्म रिलीज की अनुमति नहीं देंगे।

### हैपी मॉर्निंग

पापा: मार्क्स देखकर मुझे गुस्सा आ रहा है।
बंकू: हां पापा जल्दी चलो... मैंने उस मास्टर का घर भी देख रखा है। मुझे भी बहुत गुस्सा आ रहा है।

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,674.92 (-558.72) |
| निफ्टी | 25,807.20 (-146.65) |
| रु/यूएस डॉलर | 90.59 (+0.02) |
| रु/यूरो 107.44 | (-0.51) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,60,900 (-400) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,68,500 (0) |

### मौसम

अधिकतम तापमान 25.4°
11.6° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त शुक्रवार 6:10 | सूर्योदय शनिवार 7:01

तापमान बढ़ेगा। अगले 6 से 7 दिनों तक बारिश की संभावना नहीं है।

## आसमान बदल रहा है



PTI

■ तेज हवाओं की वजह से गुरुवार को प्रदूषण सामान्य स्तर पर रहा। आने वाले दो दिनों तक यह इसी स्तर पर बना रहेगा। दिल्ली का AQI कम होकर 164 रह गया।

■ तापमान के तेजी से बढ़ने की संभावना है। दोपहर के समय गर्मी महसूस होने लगी है। आने वाले 6-7 दिनों तक बारिश के आसार नहीं हैं। न्यूनतम तापमान भी बढ़ेगा।

## बांग्लादेश में वोटिंग के बाद काउंटिंग

■ पीटीआई, ढाका: बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए लोगों ने गुरुवार को वोट डाले। छिटपुट हिंसा की घटनाओं से वोटिंग प्रभावित रही। एक शख्स की जान गई। करीब 50% वोटिंग हुई। रिफॉर्म पैकेज पर जनमत संग्रह भी कराया गया। कई जगहों पर काउंटिंग शुरू हो चुकी है।

## हरियाणा में ग्रुप D भर्ती के नियम बदले

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : ग्रुप 'डी' की भर्ती के लिए उम्मीदवारों का चयन सामान्य पात्रता परीक्षा (CET) के नंबरों के आधार होगा। मुख्य सचिव की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक जिन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक से कम है, उन्हें छोड़कर बाकी पदों पर यह नियम लागू होगा।

सौदे को मंजूरी

## 114 राफेल फाइटर जेट खरीदेगा भारत



Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के दिल्ली दौरे से पहले रक्षा अधिग्रहण समिति ने एयरफोर्स के लिए 114 राफेल फाइटर जेट लेने की मंजूरी दे दी है। राफेल फ्रांसीसी फाइटर जेट है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ज्यादातर राफेल का निर्माण भारत में ही किया जाएगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण समिति की मीटिंग हुई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बैठक में करीब 3.60 लाख करोड़ रुपये के अलग-अलग सैन्य खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। एयरफोर्स के लिए कॉम्बैट मिसाइलें और एयरशिप आधारित हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट की खरीद को भी मंजूरी दी गई। आर्मी के लिए एंटी-टैंक माइंस (विभव) खरीदे जाएंगे। नेवी के लिए छह P-8I की खरीद की जरूरत को मंजूरी दी गई। ▸▸ पेज 14

> 3.60 लाख करोड़ रुपये की सैन्य खरीद को दी गई मंजूरी

संकट में फंसी टीम | पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन नहीं दे पाया होटल का बिल

## पैसों की कमी, पाक हॉकी खिलाड़ियों को सड़क पर बिताने पड़े कई घंटे

■ पीटीआई, कराची

**पाकिस्तान हॉकी** टीम के खिलाड़ियों को कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया) पहुंचने पर कई घंटे सड़क पर बिताने पड़े। पैसों की कमी से पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (PHF) होटल का बिल नहीं दे पाया। इस वजह से होटल की बुकिंग रद्द हो गई। टीम होबार्ट में FIH प्रो लीग के दूसरे चरण के लिए ऑस्ट्रेलिया में है।

एक सूत्र ने बताया, 'खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए कैनबरा में एक फोर स्टार होटल में कमरे बुक किए गए थे। उन्हें बताया गया था कि पाकिस्तान खेल बोर्ड और PHF ने कैनबरा में उनके रहने के लिए सारी पेमेंट कर दी है। मगर, पिछले हफ्ते कैनबरा पहुंचने पर पता चला कि उस होटल में कोई बुकिंग थी ही नहीं।' कैनबरा में कुछ स्थानीय पाकिस्तानी लोगों से संपर्क किया गया, जिन्होंने आकर उनकी मदद की।



गेस्ट एडिटर की पसंद

एक ही कमरे में रहे दो-तीन खिलाड़ी



कई घंटे बाहर इंतजार करने के बाद होटल मैनेजमेंट ने खिलाड़ियों को कुछ कमरे दिए। एक ही कमरे में दो-तीन खिलाड़ी रुके। अगले दिन टीम 2-3 से मैच हार गई।




CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP2 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 02-12-2026 21:35 Color:











## 55 YEARS OF LEGACY | TWO CAMPUSES
# DALHOUSIE & IN NEW CHANDIGARH

At Dalhousie Public School, we go beyond textbooks to offer an unparalleled learning experience that blends academics with elite extracurricular activities. Surrounded by nature, they embark on hikes and adventures that inspire curiosity and foster a love for life.

27+
EXTRACURRICULAR ACTIVITIES

10,000+
STRONG ALUMNI NETWORK

DOMESTIC & INTERNATIONAL
CURRICULUM OFFERED

FULL, DAY AND FLEXIBLE
BOARDING

CO-EDUCATIONAL SCHOOL
PRE-NURSERY TO CLASS XII

ADMISSIONS OPEN 2026-27

011 6909 8645 | +91 94183 81111 INFOCHD@DPSDALHOUSIE.COM | DALHOUSIEPUBLICSCHOOL.COM

## महानगर में आज



**कठपुतलियों की दुनिया**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में 'इशारा इंटरनैशनल पपेट थिएटर फेस्टिवल 2026', लोदी रोड, शाम 7:30 बजे से। इस फेस्ट के 22वें एडिशन में 6 देशों के पपेट शो बच्चों और बड़ों के बीच होंगे। आज इस फेस्ट में कोरिया का ग्रुप कल्चर आर्ट बेकरी एफएफवान पेश करेगा पपेट शो 'डून डून अलर्ट', जो स्टोरीटेलिंग की पारंपरिक कोरियाई शैली को बाल मनोविज्ञान और इंटरएक्टिव कठपुतली कला के साथ जोड़ता है।

**दिव्यता की ओर**



ओशो धाम में आर्ट एग्जिबिशन 'डिवाइन इंटरवेंशन', ओशो धाम, झटिकरा मार्ग, नजफगढ़ के पास, सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक। इस आर्ट एग्जिबिशन के साथ हीरल सिंघल की एक्रेलिक और मिक्स्ड मीडिया एग्जिबिशन उस भावना की एक जीवंत, निरंतर निरंतरता को दर्शाती है - जहां कला तकनीक से नहीं बल्कि मौन, ध्यान और आतंरिक विश्वास से पैदा होती है।

**मुलाकात डॉ कोटणीस से**
इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में फिल्म "डॉ कोटणीस की अमर कहानी" की स्क्रीनिंग, सीडी देशमुख ऑडिटोरियम, लोदी एस्टेट, शाम 6 बजे से। दूसरे विश्व युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी डायरेक्टर शांताराम राजाराम की यह खूबसूरत भारतीय डॉक्टर डॉ कोटणीस की निस्वार्थ शख्सियत से मुलाकात कराती है।

**सूत्रम**



त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'सूत्रम', त्रिवेणी गैलरी, तानसेन मार्ग, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक। कलाकार प्रियंका पटवानी की इस आर्ट एग्जिबिशन में परिवार की यादें, रिश्ते, गहरे जुड़ाव को महसूस किया जा सकता है।

**विरासत**
इंडियन हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'रूट्स एंड रिदम्स', ओपन पाम कोर्ट गैलरी, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। भारत की कला की विरासत को पेश करती इस ग्रुप आर्ट एग्जिबिशन में कुदरत से लेकर इतिहास को सहेजा गया है।

**चित्र**
इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'चित्र', आर्ट गैलरी, लोदी एस्टेट, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कलाकार शिखा शौरेन की यह एग्जिबिशन चारकोल-पेंसिल आर्ट स्टाइल की बारीकियों को पेश करती है।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर

दिल्ली की खबरों के लिए टेलिग्राम पर फॉलो करें
t.me/NBTDilli

# एक ही दिन में 305 से कम होकर 164 हुआ AQI

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**राजधानी में** गुरुवार को प्रदूषण सामान्य स्तर पर रहा। एक ही दिन में दिल्ली का एक्यूआई 305 से कम होकर 164 तक आ गया, जिससे प्रदूषण स्तर में राहत दर्ज की गई। अगले दो दिनों तक इसके इसी श्रेणी में बने रहने की संभावना है। इसके बाद स्तर में हल्का इजाफा होकर यह फिर खराब श्रेणी में पहुंच सकता है।



गेस्ट एडिटर की पसंद

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के एयर बुलेटिन के अनुसार, दिल्ली का एक्यूआई सुबह सात बजे 201 था। लेकिन हवाओं की वजह से इसमें तेजी से कमी आई। शाम चार बजे एयर बुलेटिन में यह सिमटकर 164 रह गया। मुख्य प्रदूषक पीएम 2.5 और पीएम 10 रहे। फरीदाबाद का एक्यूआई 149, गाजियाबाद का 161, ग्रेटर नोएडा का 156, गुरुग्राम का 211 और नोएडा का 130 रहा। पूर्वानुमान के अनुसार, 13 और 14 फरवरी को प्रदूषण का स्तर सामान्य रह सकता है। 15 फरवरी को यह फिर खराब हो जाएगा।

इसके बाद अगले छह दिनों तक यह खराब से सामान्य रह सकता है। गुरुवार को हवाओं की गति 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे रही। शुक्रवार को हवाओं की गति 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे, शनिवार को 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटे और रविवार को 5 से 15 किलोमीटर किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है।



गुरुग्राम में भी प्रदूषण के स्तर में कुछ हद तक राहत की गई दर्ज, साफ नजर आया आसमान




# कंटेनर से टकराई कार, मां-बेटी की मौत

## गाजीपुर टोल टैक्स के पास हुआ हादसा, मामा अस्पताल में भर्ती, दो बच्चों की हालत गंभीर



टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पलट कर उलटी साइड में खड़ी मिली

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**गाजीपुर स्थित** एनएच 9 पर विनोद नगर डिपो के सामने एमसीडी टोल के पास गुरुवार सुबह तेज रफ्तार कार ने कंटेनर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि कार में सवार दो महिलाएं दीपांजलि 38 और नीलम गर्ग 55 की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मां बेटी थीं। वहीं, कार ड्राइवर दीपांशु गर्ग और दो बच्चे विवान 5 व वाशु 3 घायल हो गए हैं। तीनों को तुरंत मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। विवान और वाशु दीपांजलि के बेटे हैं। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। उनके सिर में गंभीर चोटें आई हैं और सर्जरी करनी पड़ सकती है। दीपांशु गर्ग की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। दोपहर में मां बेटी के शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

**देहरादून से वापस लौट रहा था परिवार**

ईस्ट जिला के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि 12 फरवरी सुबह करीब 6.43 बजे गाजीपुर थाने को हादसे की इन्फर्मेशन मिली। बताया गया कि गाजियाबाद की ओर से आ रही किआ सेल्टोस कार टोल बूथ के पास एक कंटेनर ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में दीपांजलि और नीलम गर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। नीलम गर्ग कार के बाहर गिरी मिलीं, जबकि दीपांजलि अगली सीट की बाईं तरफ फंसी हुई थी। चालक दीपांशु गर्ग, विवान और वाशु घायल मिले। तीनों को मैक्स अस्पताल भेजा गया। मौके पर जांच के लिए क्राइम टीम को बुलाया गया। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए एलबीएस मोर्चरी भेजा गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

### हल्की झपकी आई और हो गई टक्कर

## 100 से ज्यादा थी कार की स्पीड

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**गाजीपुर स्थित** एनएच 9 पर विनोद नगर डिपो के सामने एमसीडी टोल के पास गुरुवार सुबह दीपांशु गर्ग की कार की कंटेनर से टक्कर हो गई। हादसे में उनकी मां नीलम गर्ग और बहन दीपांजलि की मौत हो गई, जबकि भांजे विवान और वाशु को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दोनों बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है और सर्जरी तक करनी पड़ सकती है। पुलिस ने बताया कि कार की स्पीड 100 से अधिक बताई जा रही है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पलट कर उलटी साइड में खड़ी मिली। कंटेनर के पिछले हिस्से को भी काफी नुकसान हुआ।

हादसे के बाद दीपांशु की मां नीलम गर्ग कार के गेट से बाहर कुछ दूरी पर मृत मिलीं, जबकि आगे वाली सीट पर बैठी उनकी बहन दीपांजलि बाईं तरफ फंसी हुई थी। बच्चों की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि टोल के पास कंटेनर सबसे साइड वाली लेन में खड़ा था और बाकी तीन से चार लेन खाली थी। इसी दौरान दीपांशु को हल्की झपकी आई और कार सीधे कंटेनर से जा टकराई।

### बहन को देहरादून लेने गए थे दीपांशु



पुलिस ने बताया कि करीब छह साल पहले दीपांजलि की शादी देहरादून निवासी अतुल से हुई थी। करीब एक साल पहले दीपांशु की शादी हुई थी। दीपांशु के मामा सुरेन्द्र, निवासी पानीपत, ने बताया कि शादी का पहला साल पूरा होने की खुशी में होली पर बहन को घर लाने के लिए मां के साथ देहरादून गए थे। परिवार के मुताबिक, बुधवार रात करीब 10 बजे वे देहरादून के लिए निकले, रात 1.30 बजे वहां पहुंचे और करीब 2 बजे मां, बहन और दोनों भांजों के साथ वापस रोहिणी लौट रहे थे।



टोल बूथ के पास खड़े कंटेनर ट्रक में हुई टक्कर

### खुद को जिम्मेदार मान रहे दीपांशु

दीपांशु का मैक्स इलाज चल रहा है। उनकी हालत स्थिर है, लेकिन खुद को मां और बहन की मौत के लिए जिम्मेदार मान रहे हैं और रो-रोकर उनका बुरा हाल है। मामा सुरेन्द्र ने बताया कि दीपांशु के पिता राजेन्द्र को अभी सिर्फ एक्सिडेंट की सूचना दी गई है। पत्नी और बेटी की मौत की जानकारी नहीं दी गई है, क्योंकि वे बीपी के मरीज हैं। परिवार को डर है कि पूरी खबर मिलने पर उनकी तबीयत और खराब न हो जाए।

# 17 साल के लड़के की चाकू से हत्या, 7 पकड़े

■ नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में बुधवार रात हुई घटना
■ रील्स बनाने और उस पर कमेंट को लेकर चल रहा था विवाद

■ NBT रिपोर्ट, नरेला इंडस्ट्रियल एरिया: नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में 17 साल के एक लड़के की चाकू गोदकर हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कुछ ही घंटों में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर सात आरोपियों को पकड़ लिया। वारदात में इस्तेमाल चार चाकू भी बरामद किए गए हैं। जांच में सामने आया कि दोनों पक्षों में पहले से टशनबाजी चली आ रही थी। इंस्टाग्राम पर रील्स बनाने और उस पर कमेंट को लेकर विवाद था। आगे की जांच जारी है।

आउटर नॉर्थ डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी के मुताबिक, 11 फरवरी की रात करीब 10 बजे नरेला इंडस्ट्रियल थाने की पुलिस को चाकूबाजी की सूचना मिली। कॉलर ने बताया कि झंडा चौक, E-ब्लॉक, JJ कॉलोनी, बवाना के पास एक लड़के को चाकू से गोद दिया गया है। जानकारी मिलने पर पुलिस तुरंत क्राइम सीन पर पहुंची। बाद में घायल को हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक 17 साल का था और B-ब्लॉक JJ कॉलोनी, बवाना का रहने वाला था। मेडिकल जांच रिपोर्ट में छाती और शरीर के दूसरे हिस्सों पर चाकू के कई जानलेवा घाव मिले हैं।

शिकायतकर्ता सलीम ने बताया कि लगभग 5:30 बजे आरोपियों ने लड़के को रोका था। कुछ लोगों के उकसाने पर ग्रुप ने बेरहमी से उस पर हमला किया। कुछ साथियों ने मारपीट भी की। आरोपियों की पहचान हो गई है। इनमें चार नाबालिग हैं।

# CIA पुन्हाना ने वॉन्टेड आरोपी को पकड़ा, पंजाब पुलिस को सौंपा

■ NBT न्यूज, नूंह : CIA पुन्हाना ने कार रैंटल घोटाले में फरार आरोपी को पकड़ पंजाब पुलिस को सौंपा है। आरोपी शाहिद खान निवासी इन्दाना पंजाब के जीरकपुर मोहाली में दर्ज मामले में फरार था।

मामला कार रैंटल घोटाले से जुड़ा है, जिसमें पंजाब से किराए पर ली गई कई गाड़ियों के फर्जी दस्तावेज बना मेवात एरिया में बेचा जा रहा था। निरीक्षक संदीप मोर के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार रात आरोपी शाहिद खान को पकड़ा। पूछताछ के बाद उसे पंजाब पुलिस के हवाले कर दिया गया। नूंह पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिला पुलिस ने पहले भी पंजाब पुलिस के साथ समन्वय में इस कार रैंटल घोटाले से जुड़े और अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सहयोग किया है।

# जेल में कैदियों की डिमांड पर राजपाल यादव सुना रहे चुटकुले

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Vishal.Sharma3@timesofindia.com

### आम कैदी की तरह ही रह रहे हैं राजपाल

■ सूत्रों ने बताया कि दिन के समय अधिकतर कैदी उनकी झलक पाने और पास आने की कोशिश में रहते हैं।
■ किसी भी बंदी की तरह राजपाल यादव को भी जेल मैनुअल के अनुसार ही रहना पड़ रहा है
■ उनकी गिरफ्तारी के बाद उनके चाहने वाले मदद को आगे आए



■ **नई दिल्ली :** तिहाड़ जेल में बंद कैदी इन दिनों बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव को अपने बीच पाकर गदगद हैं। गुरुवार को जेल प्रशासनिक सूत्र ने बताया कि राजपाल यादव जेल नंबर-2 में हैं। वह पहले 24 घंटे बेहद शांत थे, लेकिन अब कैदियों को हंसी ठहाके लगवा रहे हैं। बीच-बीच में कैदियों की डिमांड पर राजपाल यादव अपनी फिल्मों के कॉमेडी डायलॉग सुनाने लगते हैं। वह आम कैदी की तरह रह रहे हैं।

**करीब 9 करोड़ के चेक बाउंस मामले में जेल में है राजपाल**

**चेक बाउंस मामले में जेल में हैं राजपाल यादव:** सूत्रों ने बताया कि राजपाल यादव ने किसी तरह से अपने लिए बाहर से सुविधा लेने की रिक्वेस्ट नहीं की है। वह रात को 10 बजे तक सो जाते हैं, सुबह 5-6 बजे के बीच उठ जाते हैं। सूत्रों ने बताया कि दिन के समय अधिकतर कैदी उनकी झलक पाने और पास आने की कोशिश में रहते हैं। उन्हें देखते ही बाकी कैदियों के चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। राजपाल यादव को करीब 9 करोड़ रुपये के चेक बाउंस मामले में जेल जाना पड़ा है। जेल की सलाखों के पीछे राजपाल यादव के पहुंचने पर सोशल मीडिया में यह खबर वायरल हुई तो उनके चाहने वाले मदद को आगे आने लगे।

सूत्रों के मुताबिक, राजपाल यादव को सुबह बैरक से बाहर निकलने दिया जाता है। उनके फ्रेश होने के बाद चाय और नाश्ता दिया जाता है। दिन भर जेल के अंदर रहने के बाद शाम 7 बजे उन्हें रात का खाना दिया जाता है।

**जेल मैनुअल के अनुसार ही रह रहे हैं राजपाल:** खाने-पीने की व्यवस्था जेल की ओर से तय मेन्यू के मुताबिक मिल रही है, जिसमें दाल, सब्जी, रोटी और चावल शामिल होते हैं। सूत्रों ने बताया कि राजपाल यादव पूछने पर बेहिचक कैदियों को जेल में आने के पीछे की परिस्थिति को बता देते हैं। उन्होंने अपनी बैरक के कैदियों को यहां तक कहा कि अच्छे समय में सब साथी थे, लेकिन समय खराब आया तो किसी ने मदद नहीं की।

वह पूछने पर कैदियों को यह भी बताते हैं कि उनकी नीयत बेईमानी की नहीं थी लेकिन हालात ने उन्हें जेल की सलाखों तक पहुंचा दिया। किसी भी बंदी की तरह राजपाल यादव को भी जेल मैनुअल के अनुसार ही रहना पड़ रहा है। सुबह तय समय पर उठना, हाजिरी, साफ-सफाई और निर्धारित रूटीन का पालन, इन सब में कोई ढील नहीं है।

# पिकअप हटाने को लेकर पथराव

■ NBT रिपोर्ट, पटौदी

**वॉर्ड 16** के व्यापारी मोहल्ला में पिकअप हटाने की बात पर मारपीट और पथराव का मामला सामने आया है। घटना में एक महिला सहित कई लोग घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित चंद्रभान ने बताया कि 9 फरवरी की शाम करीब 7 बजे वह अपना ट्रैक्टर लेकर घर आ रहे थे। गली में एक पिकअप खड़ी थी। आरोप है कि उन्होंने जब गाड़ी मालिक रहदू से पिकअप हटाने को कहा, तो उसने गाली-गलौज की। आरोपी के पक्ष से दर्जनों लोग आ गए। चंद्रभान की पत्नी संतोष पर लाठियों से हमला किया।

**पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को अरेस्ट किया**

इसके बाद जाहिद नाम के शख्स के उकसाने पर सभी ने चंद्रभान के घर पर पथराव किया। पथराव में ट्रैक्टर की लाइट, पानी की टंकी, खिड़कियों के शीशे टूट गए, घर को भी नुकसान पहुंचा। पीड़ित के बेटे रिंकू, टिंकू और पोते सन्नी को भी चोटें आई हैं। पुलिस का कहना है कि शिकायत और



मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर रहदू, उमरदराज, फरद, धानक, संजय, फरीदा, सजीना, बिलाल, अफसाना, सितारा, रुकसाना, मुस्ताक और जाहिद के खिलाफ केस दर्ज किया है। जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार जानकारी मिलने पर कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को अरेस्ट किया। इनकी पहचान रहदू, राशिद, संजय, बिलाल, सजिनाए फरीदा, अफसाना के रूप में हुई। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

दिल्ली की खबरों के लिए एक्स पर फॉलो करें
@NBTDilli






CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP4 User: cci Time: 02-12-2026 22:34 Color:



## फटाफट खबरें

### पुलिस प्रताड़ना से आहत व्यक्ति की मौत

■ NBT न्यूज, करनाल : करनाल के अशोक नगर में रहने वाले बृज किशोर नाम के एक व्यक्ति की 11 फरवरी को हार्टअटैक से मौत हो गई। 12 फरवरी को घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। परिवार ने पुलिस पर मानसिक प्रताड़ना, मारपीट और पैसे मांगने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का आरोप है कि बेटे को एक मामले में उठाकर ले जाने के बाद पुलिस बृज किशोर पर लगातार दबाव बना रहा था, जिससे वे गहरे तनाव में थे। इससे अचानक तबीयत बिगड़ने लगी और उनकी मौत हो गई। वह एक ढाबे पर तंदूर पर काम करते थे।

### 4 किलो गांजे के साथ पकड़ा गया

■ NBT न्यूज, जींद : जुलाना क्षेत्र के मालवी गांव के पास पुलिस ने नशा तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को काबू कर लिया। उसके कब्जे से 4 किलो 158 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी की पहचान भैणी महाराजपुर निवासी सागर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना थाना प्रभारी विक्रम जोशन ने गुरुवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि मालवी गांव के आसपास एक युवक नशीला पदार्थ लेकर घूम रहा है। इस पर छापेमारी की गई। पुलिस ने संदिग्ध युवक को काबू किया।

### ट्रिपल मर्डर में एक और आरोपी अरेस्ट

■ NBT न्यूज, रोहतक : जिला पुलिस की अपराध जांच शाखा द्वितीय ने गैंगवार के चलते दिसंबर 2024 में बलियाना मोड़ के नजदीक स्थित शराब ठेके में हुए ट्रिपल मर्डर में शामिल एक और आरोपी कुश्ती मोहल्ले के सोमनाथ उर्फ सेमी को गिरफ्तार कर लिया। उसे गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। इस हत्याकांड में करीब एक दर्जन आरोपी पकड़े जा चुके हैं। गैंगवार के चलते 19 दिसंबर 2024 की रात को बलियाना मोड़ स्थित शराब ठेके के अंदर 3 युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि 2 अन्य युवक घायल हो गए थे। मरने वाले में बोहर गांव निवासी अमित उर्फ मोनू, जयदीप और विनय शामिल थे।

# प्रदेश की रिहायशी कॉलोनियों में नर्सिंग होम को हरी झंडी

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

हरियाणा में अब आवासीय कॉलोनियों में नर्सिंग होम खोले जा सकेंगे। हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक के बाद गुरुवार को प्रदेश सरकार के टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई। इसमें इस योजना के बारे में विस्तार से बताया गया है। प्रदेश सरकार ने इंडियन मेडिकल असोसिएशन की लंबे समय से चली आ रही मांग पर यह फैसला लिया है।

तेजी से बढ़ते शहरीकरण और अस्पतालों की दूरी के कारण लोगों को आपातकालीन सेवाओं में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में रिहायशी क्षेत्रों में नियंत्रित और नियमानुसार नर्सिंग होम की अनुमति देने से आम नागरिकों को राहत मिलेगी।

**कौन खोल सकेगा नर्सिंग होम?:** विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह द्वारा अधिसूचना के अनुसार, नई नीति के तहत केवल वह योग्य डॉक्टर (एलोपैथिक/आयुष) नर्सिंग होम खोल सकेंगे, जिनके पास मेडिकल काउंसिल/आयुष काउंसिल का वैध पंजीकरण हो। जो वर्तमान में प्रैक्टिस कर रहे हों।

**कहां करना होगा रजिस्ट्रेशन?:** ऐसे डॉक्टरों का आईएमए की स्थानीय शाखा में पंजीकृत होना अनिवार्य है। इसी तरह से डॉक्टर का संबंधित आवासीय प्लॉट का मालिक होना भी जरूरी है। निर्धारित कन्वर्जन शुल्क के साथ शपथ पत्र भी देना होगा। यह नीति पूरे राज्य की लाइसेंस प्राप्त रिहायशी कॉलोनियों पर लागू होगी। सरकार ने केवल के पोटेंशियल के आधार पर न्यूनतम प्लॉट साइज तय किया है।

**नर्सिंग होम के लिए जमीन की शर्तें..:** हाइपर और हाई पोटेंशियल जोन में 350 वर्ग गज से कम साइज में मंजूरी नहीं मिलेगी। इसी तरह मीडियम और लो पोटेंशियल जोन में 250 वर्ग गज साइज से कम के प्लॉट में अनुमति नहीं होगी। नर्सिंग होम केवल सर्विस रोड या सेक्टर/मास्टर रोड से लगते प्लॉट पर ही अनुमति प्राप्त करेंगे। एक सेक्टर में अधिकतम 4 साइट की अनुमति होगी। केवल उन्हीं कॉलोनियों में अनुमति दी जाएगी, जहां सभी आंतरिक सेवाएं बिछ चुकी हों और पूर्ण/आंशिक कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी हो चुका हो।

## हरियाणा सरकार की ओर से जारी की गई नई पॉलिसी




- प्लॉट साइज और लोकेशन के नियम तय।
- पार्किंग और बेसमेंट भी लेना अनिवार्य।

### हरियाणा बिल्डिंग कोड-2017 के प्रावधान लागू होंगे

नर्सिंग होम के निर्माण में हरियाणा बिल्डिंग कोड-2017 के प्रावधान लागू होंगे। एफएआर, सेटबैक और ऊंचाई रिहायशी मानकों के अनुरूप होंगी। स्टिल्ट पार्किंग भी अनिवार्य की गई है। एंबुलेंस सहित सभी वाहन प्लॉट के भीतर खड़े होंगे। फ्रंट बाउंड्री की अनुमति नहीं होगी। बेसमेंट में क्लीनिक या लैब की सुविधा बना सकेंगे। इसका उद्देश्य स्थानीय लोगों को असुविधा से बचाना है।

### प्रदेश सरकार ने ज़ोन वाइज़ फीस भी की तय

सरकार ने जोन के हिसाब से प्रति वर्ग गज शुल्क तय किया है। हाइपर जोन में 10 हजार रुपये और हाई पोटेंशियल जोन में 8 हजार रुपये प्रति वर्ग गज फीस होगी। मीडियम जोन वाले शहरों में 6,000 रुपये और लो पोटेंशियल जोन वाले शहरों में 4,000 रुपये प्रति वर्ग गज फीस होगी। इन मामलों में ईडीसी सहित कोई अन्य अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### ऑनलाइन किया जा सकेगा आवेदन

नर्सिंग होम की अनुमति के लिए आवेदन टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की अधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। आवेदक को स्वामित्व दस्तावेज, शपथ पत्र और निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन करना होगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि भवन योजना को सक्षम प्राधिकरण से स्वीकृति और ओसी (ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट) लेना अनिवार्य होगा। अस्पताल कचरे के निस्तारण के लिए हरियाणा स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में पंजीकरण आवश्यक होगा। केवल डायग्नोस्टिक सुविधाएं और इन-हाउस मरीजों के लिए सीमित फार्मेसी की अनुमति मिलेगी।

# तीन महीने की बढ़ी हुई पेंशन दो दिनों बाद खातों में

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कड़े रुख के बाद सामाजिक न्याय एवं अंत्योदय कल्याण विभाग ने सभी तरह की पेंशन में 200 रुपये मासिक की बढ़ोतरी के आदेश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने 21 अक्टूबर को बुढ़ापा पेंशन 3 हजार रुपये से बढ़ाकर 3200 रुपये मासिक करने की घोषणा की थी। यह एक नवंबर से दी जानी थी। विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी नहीं किए जाने से पात्र लोगों को बढ़ी हुई पेंशन नहीं मिल पाई थी। अब अगले दो दिनों के भीतर सभी पात्र लोगों के खातों में नवंबर, दिसंबर और जनवरी की 200 रुपये मासिक की दर से बढ़ी हुई पेंशन 600-600 रुपये भेज दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने सेवा विभाग और परिवार पहचान पत्र प्राधिकरण के अधिकारियों की बुधवार रात बैठक में कड़ी नाराजगी जताते हुए आदेश दिए कि किसी भी व्यक्ति की पेंशन नहीं रोकी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिसकी भी पेंशन रोकी गई है, भले ही उसके पीछे कोई भी कारण रहा होगा, उसे तुरंत जारी किया जाए।

> सीएम ने कहा कि जिसकी भी पेंशन रोकी गई है, उसे तुरंत जारी किया जाए।

# चौटाला सरकार में अनुबंध पर भर्ती चालक होंगे पक्के

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़ : परिवहन विभाग में वर्ष 2002 में अनुबंध पर लगे चालकों को अब नियुक्ति तिथि से ही पक्का किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने 14 जनवरी का आदेश वापस ले लिया है, जिसमें सभी 347 चालकों को वर्ष 2006 से नियमित किया गया था। इन्हें पुरानी पेंशन योजना के साथ फैमिली पेंशन योजना का भी लाभ मिलेगा।

> प्रदेश सरकार ने 14 जनवरी का अपना आदेश वापस ले लिया है।

परिवहन निदेशालय की ओर से गुरुवार को इस संबंध में सभी रोडवेज महाप्रबंधकों और वरिष्ठ यांत्रिक अभियंता मोटर कार अनुभाग एवं राजकीय केंद्रीय कर्मशाला को निर्देश जारी कर दिया गया है। इससे पहले विगत जनवरी में हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के विभिन्न आगारों में वर्ष 2002 से संविदा आधार पर नियुक्त कार्यरत चालकों को वर्ष 2006 से नियमित किया गया था।

# विधानसभा के बजट सत्र की तैयारी शुरू

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़


File

- 19 को बिजनेस एडवाइजरी कमिटी की बैठक में तय होगी सत्र की अवधि।
- बीजेपी और कांग्रेस पार्टी ने बुलाई विधायक दल की बैठक।
- मंत्रियों और विधायकों का सुझाव एक दिन में हो एक ही सिटिंग।
- 27 फरवरी को दूसरा बजट पेश कर सकते हैं मुख्यमंत्री सैनी।

**हरियाणा विधानसभा** के 20 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। राजनीतिक दलों के साथ-साथ सरकार और विधानसभा सचिवालय में लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। इस बीच हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने 19 फरवरी को बिजनेस सलाहकार कमिटी की बैठक बुलाई गई है। इस संबंध में अधिसूचना गुरुवार को जारी की गई।

बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व सीएम और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, ऊर्जा और परिवहन मंत्री अनिल विज, संसदीय कार्य मामले मंत्री महिपाल सिंह ढांडा, समाज कल्याण मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, डिप्टी स्पीकर कृष्णलाल मिड्ढा, पूर्व शिक्षा मंत्री और झज्जर विधायक गीता भुक्कल, हिसार से निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल और डबवाली से आईएनएलडी विधायक अर्जुन चौटाला मौजूद रहेंगे।

### इन मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति

बुढ़ापा पेंशन रोकने और कटौती, बारिश से फसलों को हुए नुकसान के मुआवजे, धान खरीद घोटाले, हरियाणा लोकसेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की भर्तियों, नशे के बढ़ते प्रचलन, कानून व्यवस्था सहित कई मुद्दों पर विपक्ष द्वारा सरकार को घेरने की रणनीति बनाई जा रही है। पूर्व सीएम और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में पिछले दिनों नई दिल्ली में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हो चुकी है। बैठक में सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों पर मोटे तौर पर चर्चा हो चुकी है। हुड्डा ने 19 फरवरी को फिर से विधायक दल की बैठक बुलाई है ताकि बजट सत्र को लेकर पूरी प्लानिंग को अंतिम रूप दिया जा सके। वहीं, आईएनएलडी के दोनों विधायक भी सत्र में कई ध्यानाकर्षण प्रस्ताव व प्रश्न लगाएंगे। उनके द्वारा मुद्दों को चिह्नित किया जा चुका है।

सरकार के कई मंत्रियों के अलावा विधायकों (पक्ष और विपक्ष) की ओर से स्पीकर हरविन्द्र कल्याण से आग्रह किया गया है कि बजट सत्र के दौरान सिंगल सिटिंग ही रखी जाए। मंत्रियों और विधायकों का तर्क है कि एक ही दिन में डबल सिटिंग होने से कामकाज भी प्रभावित होता है और अच्छे नतीजे भी नहीं आ पाते। उनका कहना है कि सत्र की अवधि बेशक बढ़ा दी जाए लेकिन सिटिंग सिंगल ही होनी चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की तरह वित्त मंत्रालय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने पास ही रखा हुआ है। वे लगातार दूसरी बार अपनी सरकार का सालाना बजट पेश करेंगे। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री 27 फरवरी को बजट पेश कर सकते हैं। बजट पेश होने के बाद सप्ताह-दस दिन का ब्रेक हो सकता है। इस दौरान स्पीकर विभिन्न विभागों के लिए कमिटियों का गठन करेंगे ताकि विधायक बजट का अध्ययन करके रिपोर्ट दे सकें। 2025-26 के लिए नायब सरकार ने 2 लाख 5 हजार करोड़ के लगभग का बजट पेश किया था। इस बार का बजट सवा 2 लाख करोड़ करीब के करीब पहुंच सकता है। लाडो लक्ष्मी योजना लागू होने के बाद सरकार पर वित्तीय बोझ बढ़ा है।

### डिनर के साथ तय होगी रणनीति

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 19 फरवरी को बीजेपी विधायक दल की बैठक बुलाई है। मुख्यमंत्री आवास पर होने वाली इस बैठक में सत्र को लेकर रणनीति तय की जाएगी। इसी दिन मुख्यमंत्री सभी विधायकों के साथ अपने आवास पर डिनर भी करेंगे। इस बैठक में सरकार को समर्थन दे रहे तीनों निर्दलीय विधायकों हिसार से सावित्री जिंदल, गन्नौर से देवेंद्र कादियान व बहादुरगढ़ से राजेश जून को भी आमंत्रित किया गया है।

**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**

शाखा कोर्ट रोड नारनौल ( 333500 )

सार्वजनिक सूचना ( NOTICE )

( मूल विक्रय विलेख गुम होने के संबंध में )

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मूल विक्रय विलेख (Sale Deed) संख्या 2373 दिनांक 13-09-2007, जो उप पंजीयक / तहसील नारनौल के कार्यालय में पंजीकृत है [illegible] HSVP (HUDA) सेक्टर-1, प्लॉट नं. 1416, नारनौल, तहसील नारनौल, जिला महेंद्रगढ़ [illegible] मूल दस्तावेज खोजने पर नहीं मिला/गुम-लापता हो गया है। [illegible] नारनौल में एफ.आई.आर./डीडीआर संख्या 1333500126000[illegible] दिनांक 10.02.2026 को दर्ज करवाई जा चुकी है। [illegible] पंजाब नैशनल बैंक, कोर्ट रोड, नारनौल के पास बंधक (Mortgage) रखने का इरादा रखती हैं। [illegible]

मुख्य प्रबंधक - पंजाब नैशनल बैंक (कोर्ट रोड नारनौल)
मोबाइल नंबर-9466062327 (ईमेल: bo3335@pnb.bank.in)

# मुठभेड़ में हिमांशु भाऊ गैंग का बदमाश घायल

■ NBT न्यूज, रोहतक



- आरोप है कि बदमाश की गोली एसआई की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी।

**सांपला के** पास हिमांशु भाऊ गैंग के एक बदमाश के साथ पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम की टीम की गुरुवार तड़के मुठभेड़ हो गई। आरोप है कि बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। एक एसआई की बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली लगी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगी। पकड़ा गए बदमाश पर रिठौली गांव में दिसंबर में शराब ठेके पर हुई फायरिंग में शामिल होने का आरोप है। युवक की पहचान यूपी के बागपत के मोहन उर्फ मोनू के रूप में हुई।

# मेटल फैक्ट्री मालिक के घर ED की रेड

■ NBT न्यूज, यमुनानगर : यमुनानगर जिले के जगाधरी क्षेत्र में गुरुवार सुबह ईडी की टीम ने छछरौली रोड स्थित कृष्णा मेटल फैक्ट्री के मालिक के घर पर रेड की है। बताया जा रहा है कि ईडी की टीम सुबह करीब 7 बजे पंजाब नंबर की गाड़ियों में मौके पर पहुंची और सीधे घर के अंदर प्रवेश कर जांच शुरू कर दी।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री के मालिक का नाम संदीप बताया जा रहा है, हालांकि अधिकारिक तौर पर ईडी की ओर से कार्रवाई के कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। सूत्रों का कहना है कि दस्तावेजों की जांच की गई, जिससे वित्तीय लेन-देन से जुड़े मामले की संभावना जताई जा रही है।

# पुलिसकर्मी ने कार से मारी ई-रिक्शा में टक्कर, कुचलकर महिला की मौत

■ NBT न्यूज, अंबाला

- आसपास के लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा।
- आरोप है कि घटना के समय नशे में था पुलिसकर्मी।
- महिला गुड़गांव में काम कर रही थी, भाई के साथ अंबाला आ रही थी।

**अंबाला में** कथित तौर पर नशे में धुत एक पुलिसकर्मी ने अपनी कार से ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। घटना में ई-रिक्शा सवार निकिता (25) सड़क पर गिर गई और पुलिस की कार के नीचे आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

यह हादसा मंगलवार रात करीब 8:30 बजे काली पलटन ब्रिज के पास अंबाला छावनी इलाके में हुआ। पीड़िता निकिता गुड़गांव में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती थी और परिवार से मिलने दिल्ली से अंबाला आ रही थी। भाई हर्ष भी साथ में था। ई-रिक्शा चालक रविंदर सिंह ने बताया कि वह अंबाला छावनी से 4 यात्रियों के साथ शहर की ओर जा रहा था, तभी तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। परिजनों का आरोप है कि कार चला रहे हेड कॉन्स्टेबल अमित नशे में थे। हादसे के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले किया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और जांच जारी है।

अंबाला सिविल हॉस्पिटल के डॉ. डी.डी. पांडे ने बताया कि रात करीब 9:30 बजे 25 साल की युवती का शव ट्रॉमा सेंटर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। निकिता के भाई मयंक ने कहा कि नशे में धुत पुलिसकर्मी ने कार चलाई और उसकी बहन को कुचल दिया।

TIMES interact
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

**व्यक्तिगत**

**नाम परिवर्तन**

मैं Radhey Sham पुत्र Gopal Dass निवासी म.न. 313/13, तेज कालोनी रोहतक सूचित करता हूं कि Radhey Sham & Radhey Shyam दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं भविष्य/सही नाम Radhey Sham है।

मैं, पूर्ति देवी पत्नी स्वर्गीय सूरजपाल सिंह, सुहाही, जिला झज्जर, हरियाणा में रहती हूं, यह घोषणा करती हूं कि मेरे पति के आर्मी रिकॉर्ड (नंबर 2860282) में मेरा नाम और जन्म तिथि कुमारी पूर्ति देवी और 25-07-1962 लिखा है, लेकिन मेरा सही नाम पूर्ति देवी है और जन्म तिथि 14-01-1962 है।

मैं नेहा टेंडन, पत्नी सचिन मेहरोत्रा, निवासी डी-207 नेस विहार अपार्टमेंट, सेक्टर 11-2, गुरुग्राम, घोषणा करती हूं कि मेरे नाबालिग बेटे नमिष मेहरोत्रा की 10वीं कक्षा की सीबीएसई मार्कशीट में मेरा नाम गलती से नेहा मेहरोत्रा लिखा गया है। मेरा सही नाम नेहा टेंडन है, जिसे कृपया संशोधित किया जाए।

मैं, राजकुमार सिंगला पुत्र जवाहर लाल निवासी मकान नम्बर 361, वार्ड नंबर 6, नई अनाज मंडी, सोहना जिला गुरुग्राम। घोषणा करता हूं जतिन सिंगला मेरा पुत्र है, इसके आधार कार्ड में उसका नाम अदित्य दर्ज है जो कि गलत है। मेरे पुत्र का भविष्य के सभी कार्यों के लिए सही नाम जतिन सिंगला है।

I, JC-3720465X Ex-Sub Ravinder Singh R/o VPO MP Majra, Teh. Beri Distt. Jhajjar (Hr.) declare that I want to correct my spouse name in my service record Suman Devi in place Suman Devi Dabas for all future purposes.

**खोया एवं पाया**

मैं, सोना दत्ता पुत्री सत्य प्रकाश दत्ता निवासी मकान नम्बर 1266, सेक्टर-17सी, गुरुग्राम। मेरी ओरिजिनल अलाटमेंट लैटर, पोजेशन लैटर, कन्वेंस डीड, सेल डीड, फार्म-सी, सप्लीमेंट्री डीड जो कि मकान नम्बर 1266, सेक्टर-17सी, गुरुग्राम के हैं, कहीं गुम हो गए हैं। मिले तो उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

मैं, निशित कुमार ठाकुर, पुत्र विनोद कुमार ठाकुर, निवासी तुलसकेरा डी-18, हजीब पथ रोशन रोड, मानगो पूर्व सिंहभूम, जमशेदपुर, झारखंड, ने दिनांक 20.07.2015 का मूल कब्जा पत्र और दिनांक 20.11.2015 का कब्जा स्वीकारोक्ति पत्र खो दिया है, जो डीएलएफ होमस द्वारा मनोज कुमार पांडे, पुत्र संकटा प्रसाद पांडे, अपार्टमेंट एसएच-602, एक्सप्रेस ग्रीन्स, सेक्टर एफ, मानेसर, गुरुग्राम के पक्ष में जारी किया गया था। कृपया खोजने वाले से उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

I, Biren Nanda S/o Late Sh. Bal Ram and Rukmani Nanda W/o Biren Nanda R/o A-402, Queens Court, E Block, Gurudwara Road, Greater Kailash, Part-2, South Delhi, Delhi - 110048 have lost Allotment Letter & Possession Certificate of Flat No. 302, Block 41, Heritage City, Gurgaon, Haryana. Date of Loss: 08.12.2025, Place of Loss: Heritage City, Gurgaon. If anybody finds plz do not misuse this and contact at 98100 20372

मैं, संजीव कुमार शर्मा पुत्र ओम प्रकाश शर्मा निवासी 28, पंचशील पार्क, बकराला रोड, देहरादून, उत्तराखंड -248001, मेरा ओरिजिनल अलाटमेंट लैटर जो कि फ्लोर नम्बर एस0401 बंगलोर पार्क वायु मोड़ एन, सेक्टर -81, गुरुग्राम हरियाणा -122004 का है, कहीं गुम हो गया है। मिले तो उपरोक्त पते पर या मोबाइल नम्बर 7500240805 पर संपर्क करें।

I, Ashish Choudhary S/o Hoshiyar Singh R/o Plot No. 131, Subhash Mandi, Neem-Ka-Thana, Sikar, Rajasthan-332713 have lost Original Builder Buyer Agreement of Flat No. T8-0708, Royal Court, Neemrana, Rajasthan. Date of Loss: 04.10.2025, Place of Loss: Royal Court, Neemrana. If anybody finds plz do not misuse this and contact at 9649063030

**टेंडर और नोटिस**

**सार्वजनिक सूचना (नोटिस)**

**आईसीपीएल कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड**
(जिसे पहले इनिगेम कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
इनिगेम कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड से आईसीपीएल कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड नाम बदलने के मामले में

यह सूचित किया जाता है कि आईसीपीएल कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड (जिसे पहले इनिगेम कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (सीआईएन U74899HR1988PTC122948) का पंजीकृत कार्यालय एससीओ-10, दूसरी मंजिल निर्मला सिटी मार्ट, सोहना रोड, सैक्टर-49, गुड़गांव - 122018, हरियाणा, भारत में है, जिसने कंपनी अधिनियम, 2013 के संदर्भ में विशिष्ट आवश्यक संकल्प पारित किया है और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 29 के अनुसार कंपनी रजिस्ट्रार से निगमन का नया प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। इसके अलावा, एक एनबीएफसी होने के नाते, इसने आवश्यक अनुमोदन प्राप्त कर लिया है और नया सीओआर नंबर बी-14.01570 दिनांक 3 फरवरी, 2026 को भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली से प्राप्त किया है जो इनिगेम कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड से आईसीपीएल कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड में नाम बदलने का प्रमाण देता है।

सभी हितधारकों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त जानकारी पर ध्यान दें।

निदेशक मंडल के आदेश से
आईसीपीएल कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड के लिए
(जिसे पहले इनिगेम कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
दिनांक: 12.02.2026 हस्ता/-
स्थान: गुड़गांव निदेशक

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



In ever loving memory of
**Smt. Pratibha Jain**
(13-02-2012)

We pay our respectable homage to this noble soul, who loved & guided us. You will always remain in our hearts. You and your blessings are with us forever.
Rakesh Jain, Praful Jain, Vipul Jain, Atul Jain & all Jain Family.

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 10 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

**TIMES TRIBUTES**
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

▸ *Placement on specified obit pages only ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
**Vinod: 9958992088**
**Pankaj : 8130604727**

**TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT**
**VINOD : 99589 92088 &**
**PANKAJ : 81306 04727**

# सोशल मीडिया पर पुलिस भर्ती का फर्ज़ी शेड्यूल

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़


AI image

- हरियाणा के लाखों युवाओं में मची अफरातफरी।
- HSSC चेयरमैन ने इस मैसेज को बताया फेक।

**हरियाणा में** पुलिस भर्तियों को लेकर चल रही आवेदन प्रक्रिया के बीच सोशल मीडिया पर पीएमटी और पीएसटी को लेकर कथित शेड्यूल वायरल होने से युवाओं में अफरातफरी मच गई। जांच के बाद हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने इसे फेक बताया।

हरियाणा पुलिस में 5500 कॉन्स्टेबलों के लिए करीब तीन लाख युवाओं ने आवेदन किया है। इसके लिए 31 जनवरी आवेदन की अंतिम तिथि थी। आवेदन के बाद अभ्यर्थी इन दिनों पीएमटी और पीएसटी की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

हिम्मत सिंह ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आयोग जल्द ही जारी पीएमटी और पीएसटी की तारीख जारी करेगा। सोशल मीडिया पर पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती के पीएमटी और पीएसटी के तिथि को लेकर एक गलत नोटिस प्रसारित की जा रही है। आयोग द्वारा आधिकारिक रूप से पीएमटी और पीएसटी को लेकर किसी भी तरह की कोई तिथि की घोषणा नहीं की गई है।

चयनित उम्मीदवारों का विवरण, पीएमटी की तिथि और समय और प्रवेश पत्र डाउनलोड करने का लिंक आयोग की वेबसाइट पर शीघ्र ही प्रकाशित किया जाएगा। सभी उम्मीदवारों को आगे की जानकारी के लिए आयोग की वेबसाइट पर नियमित रूप से विजिट करने की सलाह दी जाती है।

# पूर्व विधायक से रंगदारी मांगने के मामले में ज़ीरो FIR दर्ज

■ NBT न्यूज, रोहतक : महम विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बलराज कुंडू से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में रोहतक पुलिस ने बुधवार को जीरो एफआईआर दर्ज की। केस को जांच के लिए चंडीगढ़ पुलिस के पास भेज दिया गया। वहीं, पूर्व विधायक के घर और आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बलराज कुंडू ने इस बारे में डीजीपी अजय सिंघल को ईमेल के जरिए शिकायत भेजी थी। शिकायत में बताया था कि 10 फरवरी को मोबाइल पर रंगदारी की कॉल आई थी।


बलराज कुंडू

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP5 User: cci Time: 02-12-2026 22:36 Color:






दिल्ली कैबिनेट की बैठक में 'मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना' को मिली मंजूरी

# खादी और हैंडलूम के कारीगरों को 12 दिन की ट्रेनिंग, 4,800 रुपये स्टाइपेंड

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**खादी, हैंडलूम**, कुटीर उद्योगों और असंगठित क्षेत्र से जुड़े हजारों कारीगरों के लिए दिल्ली सरकार ने 'मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना' को अपनी कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस योजना से दिल्ली के हजारों कारीगरों की जिंदगी बदलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के कारीगर हमारी सांस्कृतिक विरासत की असली ताकत हैं। यह योजना यह सुनिश्चित करेगी कि वे आधुनिक कौशल और डिजिटल बाजार तक पहुंच सकें।

सीएम ने कहा, हाल ही में 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026' के दौरान पीएम ने कौशल विकास को राष्ट्र निर्माण का प्रमुख आधार बताया था। केंद्रीय बजट में भी वित्त मंत्री ने कारीगरों को वैश्विक बाजार से जोड़ने, ब्रैंडिंग, प्रशिक्षण और गुणवत्ता सुधार पर विशेष जोर दिया है। यह योजना को दिल्ली खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड (डीकेवीआईबी) के जरिए से लागू किया जाएगा। योजना के तहत, 2025-26 में 3,728 लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके लिए 8.95 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, 2026-27 के लिए 57.50 करोड़ रुपये की अनुदान राशि प्रस्तावित की जाने की संभावना है ताकि योजना को व्यापक स्तर पर लागू किया जा सके।



सीएम ने तिमारपुर में SC/ST बस्तियों के सुधार योजना के तहत कई विकास कामों का उद्घाटन और शिलान्यास किया



गेस्ट एडिटर की पसंद

### किया जाएगा विस्तारित

**योजना की** शुरुआत ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत लगभग 18,000 दर्जियों से की जाएगी और आगे चलकर अन्य पारंपरिक व्यवसायों तक इसे विस्तारित किया जाएगा। इसमें दर्जी, एम्ब्रॉयडर, ड्रेस मेकर, कुम्हार, बढ़ई, मोची, टोकरी और चटाई निर्माता, ईंट निर्माता, बांस उत्पाद निर्माता, नाई, माला बनाने वाले, धोबी, मछली जाल निर्माता, कालीन बुनकर सहित अनेक पारंपरिक व्यवसाय शामिल होंगे।

### पारदर्शी होगी प्रक्रिया

मुख्यमंत्री ने बताया कि आवेदन करने वाले व्यक्ति की उम्र कम से कम 18 साल होनी चाहिए। एक परिवार से केवल एक ही सदस्य इस योजना का लाभ ले सकेगा। जो लोग सरकारी नौकरी में हैं या उनके परिवार के सदस्य हैं, वे पात्र नहीं होंगे। नामांकन के समय आधार आधारित पहचान और सत्यापन जरूरी होगा। पूरी प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना 'विकसित भारत' के विजन को जमीन पर उतारती है। हम कौशल को सीधे रोजगार और आय से जोड़ रहे हैं, ताकि हर कारीगर को उसका हक और सम्मान मिल सके।

### योजना की क्या है खासियत?

12 दिन (96 घंटे) की ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसमें दो दिन का उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) भी शामिल होगा। प्रशिक्षण छोटे-छोटे समूहों में कराया जाएगा, ताकि हर प्रतिभागी को सही मार्गदर्शन मिल सके। एक बैच में लगभग 35 से 45 लोग होंगे। प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रत्येक लाभार्थी को कुल 4,800 रुपये का स्टाइपेंड (400 रुपये प्रतिदिन) दिया जाएगा। साथ ही, फूड के लिए 100 रुपये प्रतिदिन की सहायता भी प्रदान की जाएगी। ट्रेनिंग के बाद लाभार्थियों को सिलाई मशीन सहित आवश्यक टूलकिट उपलब्ध कराई जाएगी।

मिला ग्रीन सिग्नल

## SC/ST बस्तियों के लिए 146 प्रोजेक्ट्स

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री रेखा** गुप्ता ने गुरुवार को तिमारपुर के मलकागंज चौक पर एक कार्यक्रम में एससी/एसटी बस्तियों के सुधार योजना के तहत कई विकास के कामों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने एससी/एसटी बस्तियों के लिए करीब 85 करोड़ रुपये की 146 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। कार्यक्रम में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह भी मौजूद रहे।

**विकास पर करीब 85 करोड़ रुपये किए जाएंगे खर्च**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाकी बचे कामों के लिए भी औपचारिकताओं को जल्द पूरा कर काम शुरू किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 4.12 करोड़ रुपये की लागत वाली 9 परियोजनाएं पूरी होकर तैयार हो चुकी हैं, जिनका लोकार्पण किया गया। इसके अलावा, 38.63 करोड़ रुपये की लागत वाली 64 नई परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया, जिनका काम जल्द शुरू होगा। इन परियोजनाओं में मुख्य रूप से चौपालों का नवीनीकरण, सड़कों का निर्माण, पार्कों का विकास, सीवर लाइनों का निर्माण और पेयजल आपूर्ति जैसे स्थानीय जरूरतों से जुड़े काम शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में आरोग्य मंदिर, अटल कैंटीन, नए स्कूल, फ्लाईओवर और अस्पतालों का विस्तार किया जा रहा है। साथ ही, मलकागंज और तिमारपुर जैसी बस्तियों में कई साल से अनदेखी गलियों, नालों और पार्कों के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार का संकल्प है कि दिल्ली के हर परिवार चाहे वह गरीब हो या संपन्न सभी को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ निरंतर काम कर रही है।

## होली पर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** उत्तर रेलवे मार्च में अलग-अलग रूटों पर कई होली स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। जानकारी के मुताबिक, उत्तर रेलवे ने सूबेदारगंज और शकूर बस्ती के बीच दो जोड़ी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। गाड़ी संख्या 02275/02276 सूबेदारगंज से शकूरबस्ती के लिए 3 मार्च से 31 मार्च तक हर मंगलवार चलेगी और शकूर बस्ती से सूबेदारगंज के लिए 4 मार्च से 1 अप्रैल तक हर बुधवार को चलेगी।



इसके अलावा गाड़ी संख्या 02421/02422 सूबेदारगंज से शकूरबस्ती के लिए 1 मार्च से 29 मार्च तक हर रविवार और शकूर बस्ती से सूबेदारगंज के लिए 2 मार्च से 30 मार्च तक हर सोमवार को चलेगी। ये ट्रेनें फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला, अलीगढ़, गाजियाबाद और दिल्ली जंक्शन सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेंगी। ट्रेनों में एसी, स्लीपर और जनरल श्रेणी के कोच लगाए जाएंगे। गाड़ी संख्या 05301 मऊ और अंबाला कैंट के बीच 5 मार्च से 26 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार और गाड़ी संख्या 05302 अंबाला कैंट से मऊ के लिए 6 मार्च से 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। मऊ से सुबह 4 बजे चलकर यह ट्रेन गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली, सोनीपत और पानीपत होते हुए शुक्रवार तड़के 12:30 बजे अंबाला कैंट पहुंचेगी।

इवेंट के ब्रैंड एंबेसडर क्रिकेटर शिखर धवन और मैस्कॉट है 'रणवीर'

## 7 खेल, 17 स्टेडियम, 16 हज़ार + खिलाड़ी, 'दिल्ली खेल महाकुंभ' का आज से आगाज़

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**आज से** 'दिल्ली खेल महाकुंभ' का आगाज होगा। शहर के अलग-अलग कोने में खिलाड़ियों का हुजूम नजर आएगा। 'खेलो इंडिया' की तर्ज पर 'खेलो दिल्ली – दिल्ली खेल महाकुंभ' का आयोजन दिल्ली के 17 स्टेडियम में होगा। 7 खेल के लिए 16 हजार से खिलाड़ी रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं, प्रक्रिया जारी है। गुरुवार को दिल्ली के खेल मंत्री आशीष सूद ने विभिन्न राज्यों से आए 50 से अधिक खेल इन्फ्लुएंसर, फिटनेस कोच और अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित खिलाड़ियों से संवाद किया। आशीष सूद ने कहा कि हमारा गोल है कि 30 हजार से ज्यादा खिलाड़ी मैदान में उतरें। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल उचित मंच और अवसर देने की है। हमारा गोल है कि 'दिल्ली खेल महाकुंभ' के साथ दिल्ली के स्पोर्ट्स कल्चर को फैलाव मिले।

**रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया जारी, एक महीने में 30 हजार खिलाड़ियों को शामिल करने का गोल**



गुरुवार को दिल्ली के खेल मंत्री आशीष सूद ने विभिन्न राज्यों से आए 50 से अधिक खेल इन्फ्लुएंसर, फिटनेस कोच और खिलाड़ियों से संवाद किया

'दिल्ली खेल महाकुंभ' इवेंट के ब्रैंड एंबेसडर हैं क्रिकेटर शिखर धवन और मैस्कॉट है 'रणवीर'। छत्रसाल स्टेडियम में इस इवेंट का उद्घाटन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता करेंगी। इस मौके पर मार्च-पास्ट का नेतृत्व दिल्ली के पैरा एथलीट करेंगे। आशीष सूद ने कहा कि यह महाकुंभ एक महीने तक 17 विभिन्न स्टेडियम और अलग-अलग वेन्यू जैसे बवाना, विकासपुरी, नजफगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों में रखा जाएगा, ताकि हर क्षेत्र के युवाओं को समान अवसर मिल सके। मंत्री ने कहा कि यह दिल्ली के खेल इतिहास की एक ऐतिहासिक पहल है, जिसके माध्यम से राजधानी में खेल संस्कृति को सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया है। सूद ने बताया कि अब तक 16 हजार से ज्यादा खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है और यह प्रक्रिया जारी है। हमारा गोल है कि एक माह तक चलने वाले इस इवेंट में 30 हजार से अधिक खिलाड़ी भाग लें। आगामी वर्षों में इसे प्रति वर्ष 1 लाख से अधिक खिलाड़ियों को ग्रासरूट स्तर पर जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

शिक्षा और खेल मंत्री ने बताया कि खेल महोत्सव में महिलाओं को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का प्लेटफॉर्म मिलेगा। उनकी सेफ्टी का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन सिखाता है और उन्हें नशे और बाकी बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस आयोजन के माध्यम से ना केवल प्रतिभाओं की पहचान ही नहीं होगी, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की दिशा में ठोस प्रयास किए भी जाएंगे। साथ ही, खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर की वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन भी होगा। आने वाले समय में खेल सुविधाओं को और अधिक आधुनिक और विश्वस्तरीय बनाया जाएगा।

## MTS कर्मियों का वादा पूरा: मेयर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मेयर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि BJP ने MCD में काम करने वाले MTS (मल्टी टास्किंग स्टाफ) कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित समान वेतन की मांग को पूरा कर दिया है। उन्होंने बताया कि अब MCD में कार्यरत लगभग 400 MTS कर्मचारियों को एक समान वेतन मिलेगा। इसके लिए बजट में अलग से प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि BJP जो कहती है, वह करती है। शुक्रवार को बजट सत्र में नेता सदन प्रवेश वाही द्वारा इसकी विधिवत घोषणा कर इस निर्णय पर औपचारिक मुहर लगा दी जाएगी।

**लगभग 400 कर्मचारियों को एक समान वेतन मिलेगा**

नेता सदन प्रवेश वाही ने कहा कि BJP की नीतियों और सिद्धांतों पर चलते हुए तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की विचारधारा का अनुसरण करते हुए शीर्ष नेतृत्व के साथ गहन चिंतन के बाद MTS कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित समान वेतन की मांग को पूरा करने का निर्णय लिया गया है। स्थायी समिति के अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि BJP केवल घोषणाएं नहीं करती, बल्कि उन्हें क्रियान्वित भी करती है।

## कोटला में मैच आज, कई मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक की आवाजाही में फेरबदल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**फिरोजशाह कोटला** ग्राउंड स्थित अरुण जेटली स्टेडियम में शुक्रवार को विश्वकप टी-20 का मुकाबला खेला जाना है। मैच के कारण दोपहर दो बजे से लेकर शाम सात से दिल्ली गेट के आसपास कई मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक बाधित रहेगा। गुरुवार को भी क्रिकेट मैच के कारण दिल्ली गेट के आसपास हल्के ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक की आवाजाही सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ साथ दिल्ली पुलिस के जवान भी अलर्ट नजर आए। इसके लिए सड़क किनारे बैठकर और खड़े होकर क्रिकेट खिलाड़ियों से संबंधित टीशर्ट और कैप आदि बचने वालों को भी हटाया गया।

क्रिकेट मैच के दौरान राजघाट से जवाहर लाल नेहरू मार्ग, आसिफ अली रोड पर तुर्कमान गेट से दिल्ली गेट और बहादुर शाह जफर मार्ग पर आईटीओ से दिल्ली गेट के बीच भारी वाहनों की एंट्री बंद रहेगी। इसके अलावा, क्रिकेट मैच शुरू होने से लेकर खत्म होने के बाद करीब एक घंटे के लिए ट्रैफिक को डायवर्ट भी किया जा सकता है।




14 से 15 फरवरी तक होगा आयोजन

## बांसेरा में कल से DDA का पहला ग्रीन एक्सपो

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अर्बन इंडिया** के लिए क्लाइमेट फर्स्ट विजन को आकार देने के लिए डीडीए राजधानी में पहले ग्रीन एक्सपो का आयोजन इस वीकेंड पर बांसेरा में कर रहा है। एलजी वी. के. सक्सेना के ग्रीन दिल्ली विजन से प्रेरित इस एक्सपो में एक्सपर्ट बताएंगे कि राजधानी को बढ़ती शहरी चुनौतियों के लिए कैसे तैयार किया जा सकता है? अत्यधिक गर्मी, शहरी बाढ़ की चुनौतियों के लिए दिल्ली का नेचर बेस्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर किस तरह का होना चाहिए, एक्सपर्ट और पैनल डिस्कशन में इसी सोच को दिशा दी जाएगी। इसमें पॉलिसी मेकर्स के साथ इंटरनैशनल डिवेलपमेंट में बेहतर कर रहे लोग भी शामिल होंगे।



### मथुरा-वृंदावन से लेगा सीख

डीडीए यहां मथुरा-वृंदावन डिवेलपमेंट अथॉरिटी से भी गाइडेंस लेगा। यहां वह उनसे नॉलेज शेयरिंग, टेक्निकल पहलु आदि पर बात करेगा।

अर्बन फूड को लेकर बढ़ रही चुनौतियों, डिवेलपमेंट और इकोलॉजिकल के बीच बैलेंस बनाने, ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के फाइनेंस मॉडल के साथ सीएसआर और पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप आदि पर भी चर्चा होगी। डीडीए के अनुसार इस एक्सपो में सरकारी अधिकारी, अर्बन प्लैनर, क्लाइमेट एक्सपर्ट, इंडस्ट्री के स्टेकहोल्डर्स सभी एक मंच पर आएंगे और सस्टेनेबल डिवेलपमेंट को आगे बढ़ाने पर बात करेंगे। ग्रीन एक्सपो का शुभारंभ एलजी सक्सेना करेंगे। उनके साथ डीडीए के वाइस चेयरमैन एन. सरवाना कुमार भी मौजूद रहेंगे।

**ये होंगे शामिल**

डीडीए के अनुसार इस एक्सपो में रेरा के चेयरमैन आनंद कुमार, एनएचएआई की अडिशनल डायरेक्टर इनोशी शर्मा, एसएसएसएआई के जॉइंट डायरेक्टर पी. कार्तिकेयन, इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी के डायरेक्टर प्रोफेसर सोनी पैलिसरी, सी40 सिटीज (साउथ एंड वेस्ट एशिया) की डायरेक्टर ऑफ इंप्लीमेंटेशन श्रुतिका चक्रवर्ती आदि शामिल होंगे। इसके अलावा पीपल बाबा के नाम से प्रख्यात स्वामी प्रेम परिवर्तन, पांड मैन ऑफ इंडिया रामवीर तंवर भी इसमें हिस्सा लेंगे। नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के साथ मिलकर डीडीए यहां अपने कम्युनिटी थिएटर को 'रमबास' को लॉन्च करेगा।



## फटाफट खबरें

### आलंदः पूजा पर रोक की याचिका खारिज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कर्नाटक के आलंद दरगाह में हिंदू पूजा-अर्चना की अनुमति देने वाले न्यायिक आदेश पर रोक लगाने की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में संविधान के अनुच्छेद 32 का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता खलील अंसारी ने अर्जी वापस लेने की गुहार लगाई, जिसे मंजूर करते हुए कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। अंसारी दरगाह की सुन्नी प्रबंध समिति के सचिव हैं और उनका कहना था कि संपत्ति पहले ही वक्फ घोषित की जा चुकी है।

### सलमान के जीजा को धमकी भरा मेल

■ पीटीआई, मुंबई: सलमान खान के जीजा और एक्टर आयुष शर्मा को कथित तौर पर एक धमकी भरा ईमेल मिला है। पुलिस के मुताबिक, यह घटनाक्रम एक्टर रणवीर सिंह को WhatsApp के जरिये धमकी मिलने के ठीक बाद हुआ है। शर्मा ने बुधवार को बताया कि ईमेल भेजने वाले ने दावा किया कि वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य है। पुलिस ने ईमेल के संबंध में जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने बताया कि क्राइम ब्रांच के अधिकारी यह वेरिफाई कर रहे हैं कि ईमेल असली था या किसी ने शरारत की थी।

### वंदे मातरम सर्कुलर पर जताई आपत्ति

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने केंद्र सरकार के हालिया वंदे मातरम सर्कुलर पर कड़ी आपत्ति जताई है। महासचिव मौलाना मोहम्मद हकीमुद्दीन कासमी ने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि वंदे मातरम के चौथे और पांचवें छंद में मूर्ति वंदना और हिंदू देवी-देवताओं का जिक्र है, जो मुसलमानों की आस्था के खिलाफ है। कासमी ने स्पष्ट किया कि संगठन वंदे मातरम के खिलाफ नहीं है, लेकिन इसे अनिवार्य बनाना नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक है।

---

बोले- राहुल गांधी को आजीवन चुनाव लड़ने से रोका जाए

# निशिकांत दुबे ने दिया राहुल की सदस्यता रद्द करने का नोटिस


PTI
निशिकांत दुबे राहुल गांधी

■ पीटीआई, नई दिल्ली

**बीजेपी सांसद** निशिकांत दुबे ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ 'सब्स्टैंटिव मोशन' लाने का नोटिस दिया है। उन्होंने मांग की है कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द की जाए और उन्हें आजीवन चुनाव लड़ने से रोका जाए। संसद परिसर में दुबे ने कहा कि अपने नोटिस में उन्होंने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी विदेश दौरों के दौरान सोरोस फाउंडेशन, USAID और फोर्ड फाउंडेशन जैसे संगठनों के साथ मिलते हैं और 'भारत विरोधी ताकतों' के साथ सांठगांठ करते हैं।

> दुबे ने कहा, राहुल भारत विरोधी ताकतों के साथ सांठगांठ करते हैं

दुबे ने स्पष्ट किया कि यह विशेषाधिकार हनन का नोटिस नहीं है, बल्कि 'सब्स्टैंटिव मोशन' का नोटिस है। सब्स्टैंटिव मोशन एक स्वतंत्र प्रस्ताव होता है, जिसे सदन के सामने किसी फैसले या राय के लिए रखा जाता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी थाईलैंड, वियतनाम और कंबोडिया जैसे देशों में इन संगठनों के साथ जाते हैं और भारत विरोधी ताकतों से मिलते हैं। दुबे ने दोहराया कि उनकी मांग है कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द की जाए और उन्हें जीवनभर चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया जाए।




दुबे के बयान का विपक्ष ने कड़ा विरोध किया और सदन में हंगामा शुरू हो गया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

### नोटिस पर राहुल बोले, लड़ता रहूंगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

नोटिस पर राहुल गांधी ने कहा, FIR हो, मुकदमा दर्ज हो या प्रस्ताव लाए, मैं किसानों के लिए लड़ूंगा। जो भी ट्रेड डील किसानों की रोजी-रोटी छीने या देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करे, वह किसान-विरोधी है। अन्नदाताओं के हितों से किसान-विरोधी मोदी सरकार को समझौता नहीं करने देंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, राहुल ने कौन सा विशेषाधिकार हनन किया है? पिछली बार उनकी सदस्यता खत्म कर दी थी। उसके बाद क्या हुआ? जनता ने उन्हें मोदी से भी ज्यादा वोटों से जिताया। उन्होंने कहा, अगर आप (सरकार) हमें फांसी पर चढ़ाना चाहते हैं तो उसके लिए भी हम तैयार हैं... हमें किसी भी प्रस्ताव से नहीं डरते, हम संसद में सच बोलते रहेंगे।

---

# राज्यसभा में उठा AI डीपफेक का मामला

## कांग्रेस सांसद ने अपना किस्सा सुनाया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


FILE
राजीव शुक्ला, कांग्रेस सांसद

**कांग्रेस सांसद** राजीव शुक्ला ने राज्यसभा में कहा कि एआई आधारित डीपफेक और फेक विडियो का अनियंत्रित फैलाव भविष्य का नहीं बल्कि वर्तमान का संकट बन गया है। इसकी रफ्तार पर लगाम कसने के लिए अत्यंत कड़े कदम उठाने होंगे। आज हालत यह है कि एक आम शख्स भी मोबाइल पर ऐप डाउनलोड करके किसी भी इंसान का चेहरा, आवाज और हावभाव हूबहू कॉपी कर सकता है। ऐसे विडियो इतने असली लगते हैं कि असली और नकली में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि फेक विडियो से सिर्फ किसी एक व्यक्ति की प्रतिष्ठा ही नहीं बल्कि समाज के भरोसे तक की बुनियाद भी हिल जाती है।

शुक्ला ने कहा, बीते बुधवार को पाकिस्तानी टीवी चैनलों ने विश्व कप क्रिकेट को लेकर मेरे एक बयान में दो गलत लाइनें अपनी ओर से जोड़ दीं। मुझे इसका खंडन करना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भारत-पाकिस्तान के आगामी टी20 वर्ल्ड कप मैच को लेकर पाकिस्तानी टीवी शो में उनसे जोड़ा गया ऑडियो क्लिप एआई की मदद से बनाया गया है, वह उनके वास्तविक बयान नहीं है।

### 'सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने में भी डीपफेक'

शुक्ला ने कहा कि पिछले कुछ समय में देखा कि राजनीतिक नेताओं के डीपफेक बनाए गए। चुनाव के दौरान फर्जी बयान गढ़े गए। कई जगह पर सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने के लिए डीपफेक का प्रयोग किया गया।

### घायलों को समय पर मिले इलाज: शुक्ला

कहा, सरकार को ऐसे नियम बनाने चाहिए कि घायल को अस्पताल ले कर जाने पर शुरुआती 48 घंटे तक उसका इलाज हो, कोई कानूनी औपचारिकता पूरी करने की बात इन 48 घंटे के बाद हो।

---

वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में दिया जवाब




# डेड इकॉनमी बताने वाले जनता का मजाक बना रहे: सीतारमण

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को राज्यसभा में आम बजट पर चर्चा में विपक्ष के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है कि मिडल क्लास को दबाया जा रहा है, बल्कि ज्यादा सबूत इस बात के हैं कि मिडल क्लास का विस्तार हो रहा है और वह आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनमी बताने वाले बयान नकारात्मक हैं और ऐसे बयान देने वाले लोग भारत की तरक्की में योगदान दे रही जनता का मजाक उड़ा रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनमी कहा था और बाद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उसके हवाले से सरकार पर निशाना साधा था। चर्चा के दौरान विपक्ष ने आरोप लगाया था कि देश मध्यम वर्ग, अमीर और गरीब के बीच फंसा हुआ है। सीतारमण ने कहा, ऐसा इसलिए लगता है क्योंकि व्यक्तिगत आयकर का संग्रह कॉर्पोरेट टैक्स कलेक्शन से अधिक है। उन्होंने कहा, 'वास्तव में पिछले 10 वर्षों में किए गए आर्थिक सुधारों के चलते मिडल क्लास का ऐतिहासिक रूप से विस्तार हुआ है। पर्सनल इनकम टैक्स कलेक्शन ज्यादा होने का मतलब यह नहीं है कि मिडल क्लास को दबाया जा रहा है।'

**कहा- टैक्सपेयर्स बढ़े**

**12.13** करोड़ हो गई है टैक्सपेयर्स की संख्या 2013-14 और 2024-25 के बीच बढ़कर।

**10** वर्षों में किए गए आर्थिक सुधारों के चलते देश में मिडल क्लास वर्ग का ऐतिहासिक रूप से विस्तार हुआ है।

### मोदी ने की निर्मला सीतारमण की तारीफ

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीतारमण द्वारा पेश बजट 2026-27 को भारत के आर्थिक परिवर्तन का खाका बताया।



कहा, बजट में सुधार, एमएसएमई को समर्थन, कौशल विकास, आधुनिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य पर खास जोर है। यह बजट देश को नई विकास दिशा देगा। बजट में एमएसएमई के लिए कर्ज सुविधा बढ़ाने, नियम आसान करने और प्रोत्साहन देने की घोषणा की गई है।

---

# दूरदर्शन की पूर्व न्यूज एंकर सरला माहेश्वरी नहीं रहीं


FILE
1976 से 2005 तक दूरदर्शन पर बतौर न्यूज एंकर किया था काम।

■ पीटीआई, नई दिल्ली: दूरदर्शन की पूर्व न्यूज एंकर सरला माहेश्वरी का गुरुवार को निधन हो गया। उनके पारिवारिक मित्र शम्मी नारंग ने यह जानकारी दी। माहेश्वरी 71 वर्ष की थीं और 1980, 1990 के दशक में टीवी समाचार जगत के जाने-माने चेहरों में से एक थीं। उन्होंने 1976 से 2005 तक दूरदर्शन पर न्यूज एंकर के रूप में कार्य किया था। माहेश्वरी उस दौर में दूरदर्शन की जानी-मानी एंकर थीं, जब प्रसारण पूरे दिन में कुछ ही घंटों तक सीमित था।

माहेश्वरी ने दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी करने के बाद दूरदर्शन में काम करना शुरू किया था। तीन दशकों के करियर में माहेश्वरी ने टेलिविजन समाचारों को ब्लैक एंड वाइट से रंगीन होते देखा। दूरदर्शन ने एक पोस्ट में कहा, 'दूरदर्शन परिवार की ओर से सरला माहेश्वरी को भावभीनी श्रद्धांजलि।

---



प्राधिकरण के ढीले कामकाज पर SC ने कहा-

# 'सिर्फ डिफॉल्टर बिल्डरों को लाभ दे रहा RERA'

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने कई राज्यों में रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (RERA) के कामकाज पर निराशा जताई और कहा कि अब समय आ गया है कि राज्य सरकारें इस अथॉरिटी के गठन के फैसले पर दोबारा विचार करें। सीजेआई ने कहा, 'डिफॉल्टर बिल्डरों को सुविधा देने के अलावा यह कुछ नहीं कर रहा। इससे बेहतर है कि इस संस्था को ही समाप्त कर दिया जाए।' चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच हिमाचल प्रदेश सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसके तहत राज्य सरकार के RERA दफ्तर को शिमला से धर्मशाला शिफ्ट करने के फैसले पर रोक लगा दी गई थी। हिमाचल प्रदेश की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता माधवी दिवान ने बताया कि संबंधित जनहित याचिका (PIL) एक प्रॉपर्टी डीलर ने दायर की गई थी।

### 'रेरा को खत्म करने से लोगों को आपत्ति नहीं'

**सुप्रीम कोर्ट** ने गुरुवार को कहा कि जिन लोगों के लिए रेरा बनाया गया था, वे पूरी तरह से निराश, हताश और क्षुब्ध हैं। यदि इस संस्था को समाप्त कर दिया जाए तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। कोर्ट ने हिमाचल सरकार को रेरा का दफ्तर अपनी पसंद के स्थान पर शिफ्ट करने की अनुमति दी। पीठ ने हिमाचल प्रदेश सरकार और अन्य की उस याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें शिमला से धर्मशाला रेरा दफ्तर शिफ्ट करने से संबंधित मामले में हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है।

### 'हर राज्य में यह एक पुनर्वास केंद्र बन गया'

कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से पेश वकील सुगंधा आनंद ने कहा कि हिमाचल रेरा दफ्तर को शिमला से धर्मशाला शिफ्ट करने का निर्णय शिमला को भीड़मुक्त करने के लिए प्रशासनिक आधार पर लिया गया था। प्रतिवादी अधिवक्ता ने बताया कि रेरा की 90% परियोजनाएं शिमला, सोलन, परवाणू और सिरमौर में हैं और लंबित 92% शिकायतें भी वहीं हैं, जबकि धर्मशाला में केवल 20 परियोजनाएं हैं। कहा कि हर राज्य में रेरा एक पुनर्वास केंद्र बन गया है, वास्तविक लाभार्थियों को राहत नहीं मिल रही।



---

# बाबा की दुकान विवाद में उत्तराखंड में बाहरी संगठनों की एंट्री बैन

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : उत्तराखंड के कोटद्वार में बाबा नाम की दुकान पर छिड़ा विवाद शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। इस घटना से चर्चा में आए दीपक कुमार के खिलाफ हिंदू रक्षक दल के अध्यक्ष भूपेंद्र उर्फ पिंकी चौधरी ने 12 फरवरी को कोटद्वार पहुंचकर प्रदर्शन की चेतावनी दी तो पुलिस अलर्ट हो गई। साथ ही उत्तराखंड में बाहरी संगठनों के लोगों की एंट्री पर प्रभावी रोक लगा दी है। भूपेंद्र उर्फ पिंकी चौधरी ने एक विडियो जारी कर कहा था कि 12 फरवरी को दोपहर तीन बजे हिंदू रक्षक दल कोटद्वार पहुंचेगा और दीपक के जिम के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने दीपक पर धार्मिक भावनाएं भड़काने और हिंदू समाज का उत्पीड़न करने जैसे आरोप लगाते हुए 'मुंहतोड़ जवाब' देने की बात कही थी। पिंकी चौधरी के इस बयान के बाद पौड़ी पुलिस-प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। कोटद्वार शहर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों की सघन चेकिंग हो रही है। उत्तराखंड की सीमाओं पर विशेष चेकिंग जारी है। पड़ोसी राज्यों (यूपी और हरियाणा) की पुलिस को अलर्ट किया गया है।

> हिंदू रक्षक दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी कोटद्वार पहुंचकर में प्रदर्शन की चेतावनी दी थी

---

# दहेज हत्या में मिली थी बेल, SC बोला- रद्द करें

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com


FILE

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने दहेज हत्या मामले में बिना ठोस कारण के आरोपी को जमानत दिए जाने पर निराशा जताई। इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर टिप्पणी करते हुए इस फैसले को हाल के समय में देखे गए सबसे चौंकाने वाले और निराशाजनक आदेशों में से एक बताया। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत रद्द कर दी और आरोपी को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। आदेश की कॉपी इलाहाबाद के चीफ जस्टिस को भी भेजने का निर्देश दिया।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला की अगुवाई वाली बेंच ने 9 फरवरी के आदेश में कहा कि जमानत याचिकाओं पर निर्णय लेते समय प्रासंगिक तथ्यों पर विचार करना चाहिए। हाई कोर्ट ने मृतका के पति को केवल उसकी हिरासत की अवधि और आपराधिक इतिहास न होने का उल्लेख करते हुए जमानत दे दी थी। अदालत ने कहा, 'आदेश पढ़ने पर भी हमें समझ नहीं आता कि हाई कोर्ट क्या कहना चाहता था। दहेज हत्या जैसे गंभीर अपराध में जमानत देते समय हाई कोर्ट ने किन बातों को ध्यान में रखा? हाई कोर्ट ने केवल बचाव पक्ष के वकील की दलील दर्ज की और यह लिख दिया कि आरोपी 27 जुलाई 2025 से जेल में है और उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है, इसलिए वह जमानत का हकदार है। इसी आधार पर जमानत दे दी गई।'

**यह है पूरा मामला :** अभियोजन के अनुसार, महिला की शादी आरोपी से हुई थी और तीन महीने में ही ससुराल में उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गला घोंटना बताया गया। चूंकि घटना विवाह के तीन महीने के भीतर हुई, इसलिए BNSS की धारा 118 के तहत वैधानिक अनुमान लागू होता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जमानत पर फैसला करते समय हाई कोर्ट को अपराध की प्रकृति, सजा, संबंध, स्थान और साक्ष्य अधिनियम की धारा 118 पर विचार करना चाहिए था।

---

# जातिगत भेदभाव मामलों में कड़ी कार्रवाई हो: खरगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


PTI

**राज्यसभा में** विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जातिगत भेदभाव का मुद्दा उठाते हुए सरकार से मांग की है कि भेदभाव के ऐसे मामलों में समयबद्ध तरीके से सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही जहां पर इन मामलों में गंभीर उल्लंघन मिले, वहां जवाबदेही भी तय की जाए। खरगे ने कहा कि 21वीं सदी में जब हम बड़े-बड़े सामाजिक विकास और सामाजिक सुधार के दावे करते हैं। तब ओडिशा में एक दलित महिला हेल्पर/कुक के बनाए भोजन को एक समुदाय विशेष के लोग अपने बच्चों को देने से मना कर देते हैं। उन्होंने कहा यह संविधान के अनुच्छेद 21-A के तहत दिए गए शिक्षा के अधिकार को भी प्रभावित करता है।

### 'ठोस पहल की जरूरत'

खरगे ने कहा, कार्यस्थलों पर जातिगत भेदभाव देश के कई हिस्सों में लगातार सामने आ रहा है। उन्होंने कहा, सामाजिक न्याय केवल नारा नहीं, बल्कि संविधान की आत्मा है और इसकी रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

---

# H1B वीज़ा नीति के भारतीयों पर असर का डेटा नहीं: कीर्ति वर्धन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली




**भारत सरकार** ने संसद को बताया है कि H1B वीजा और प्रोसेसिंग मुद्दों से जुड़े फैसले के भारतीयों पर प्रभाव का कोई डेटा नहीं है। संसद में पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा है, अमेरिकी प्रशासन की ओर से इससे जुड़े फैसले हाल में लिए गए हैं, ऐसे में इसे लेकर कोई तुलनात्मक डेटा नहीं है। सरकार ने कहा कि 19 सितंबर 2025 को अमेरिकी प्रशासन ने एक घोषणा की थी, जिसके तहत 21 सितंबर 2025 या उसके बाद फाइल किए जाने वाली वीजा गतिविधियों पर 1,00,000 अमेरिकी डॉलर की फीस लगाई थी। इसके बाद 21 सितंबर को ट्रंप प्रशासन ने इस फीस से कुछ श्रेणियों को मुक्त किया था। मुक्त की गई कैटेगरी में वे लोग भी शामिल हैं, जिनके पास पहले से ही H1B वीजा है या जिन्होंने 21 सितंबर 2025 से पहले आवेदन किया था। मंत्री ने कहा, सरकार ये मानती है वीजा भले ही किसी देश का संप्रभु मामला क्यों ना हो, टैलेंट मोबिलिटी द्विपक्षीय संबंधों का एक अहम आयाम है। ये दोनों देशों में तकनीकी प्रगति, इनोवेशन, आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाता है।

> विदेश राज्यमंत्री ने संसद को बताया कि कोई तुलनात्मक डेटा नहीं है

### इसलिए अहम है H1B

बता दें कि अमेरिका में एचवनबी वीजा के तहत भारतीय बड़ी तादाद में अमेरिका जाते हैं। बीते साल अमेरिकी प्रशासन की ओर से लिए गए वीजा संबंधी फैसलों को भारतीय स्किल्ड प्रोफेशनल्स के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

---

# हिमंता के विडियो पर बवाल, BJP सह संयोजक को हटाया


FILE

■ भाषा, गुवाहाटी : बीजेपी की असम इकाई ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का विवादित विडियो साझा करने पर अपनी सोशल मीडिया टीम के सह-संयोजक विकास गौरव को पद से हटा दिया है। एक वरिष्ठ नेता ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एआई की मदद से बनाए गए इस विडियो में सरमा को कथित तौर पर राइफल से दो लोगों पर गोली चलाते दिखाया गया था। AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी

---

# बीते वर्षों में बढ़ी है सऊदी अरब से लौटाए गए भारतीयों की संख्या

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली


FILE

**सरकार ने** कहा है कि ज्यादातर विदेशी सरकारें उनके देश में अवैध तौर पर रह रहे अप्रवासी नागरिकों के बारे में जानकारी नहीं देती हैं। इस तरह की जानकारी तभी दी जाती है जब डिपोर्टेशन के निर्देश हों या फिर उन लोगों के राष्ट्रीयता से जुड़े डॉक्यूमेंट वेरिफाई करने हों। इसके अलावा सरकार ने ये भी बताया कि डिपोर्टेशन के तरीके भी हर देश में अलग अलग हैं। कुछ देश डिपोर्ट किए जाने वाले लोगों को गिरफ्तार नहीं करते बल्कि उन्हें डिटेंशन या डिपोर्टेशन सेंटर में रखते हैं, इससे संबंधित सूचनाएं भारतीय मिशनों के साथ साझा नहीं की जाती हैं, मेजबान देश प्रत्यक्ष तरीके से ही प्रत्यर्पण करते हैं और भारतीय मिशनों को तभी संपर्क किया जाता है, जब व्यक्ति विशेष की नागरिकता पुष्ट करनी हो।

मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या सरकार बीते पांच सालों में डंकी रूट से दूसरे देशों में गए भारतीयों का आंकड़ा दे सकती है? सरकार ने इस संबंध में पांच साल में प्रत्यर्पित किए लोगों का आंकड़ा दिया है। बीते वर्षों में सऊदी अरब से बड़ी तादाद में भारतीय प्रत्यर्पित हुए हैं। जेद्दाह से बीते साल 8,921 तो रियाद से 4,336 भारत भेजे गए।

कनाडा के ओटावा में साल 2025 में बीते साल के मुकाबले प्रत्यर्पित भारतीयों की संख्या में इजाफा दिखा। साल 2023 में ये आंकड़ा 48, तो अगले साल घटकर 30 हो गया। बीते साल प्रत्यर्पित भारतीयों की संख्या में फिर इजाफा हुआ और ये संख्या 48 हो गई, वहीं कनाडा के टोरंटो में साल 2024 में केवल 63 लोगों का प्रत्यर्पण किया गया था वहीं अगले साल ही इस आंकड़ा उछल कर 198 पर पहुंच गया।

---

# भारत बंद का असर रहा मिलाजुला


देश के कई हिस्सों में प्रदर्शन हुए।

■ भाषा, नई दिल्ली: केंद्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच की ओर से सरकार की कथित मजदूर और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ बुलाई गई एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का सामान्य जनजीवन पर कुल मिलाकर सीमित असर रहा। कई राज्यों में कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन हुए और कुछ जगह कर्मचारी देर से काम पर पहुंचे। ओडिशा में 12 घंटे के बंद से जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। झारखंड और छत्तीसगढ़ में बैंकिंग व कुछ क्षेत्रों पर असर पड़ा, जबकि तमिलनाडु के कुछ बंदरगाह प्रभावित रहे। दिल्ली में जंतर-मंतर पर सभा हुई।

---

# भारत बोधन: स्कूल, हायर एजुकेशन और स्किलिंग के लिए AI इनोवेशन

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : दिल्ली में ग्लोबल AI इम्पैक्ट समिट से पहले भारत बोधन AI कॉन्क्लेव शुरू हुआ, जिसमें स्कूल एजुकेशन, हायर एजुकेशन और स्किलिंग के लिए AI इनोवेशन की बड़ी तस्वीर पेश की गई। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बोधन AI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को लॉन्च किया, जिसको तैयार करने की जिम्मेदारी आईआईटी मद्रास को सौंपी गई थी। शिक्षा मंत्री ने इस मौके पर कहा कि भारत के स्टूडेंट्स के लिए भारत के शिक्षा विभाग में अत्याधुनिक तकनीक को लाने के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है। AI एक अत्याधुनिक टूल बन चुका है। IIT बॉम्बे में मैन्युफैक्चरिंग के लिए AI सेंटर बनाने के लिए IIT बॉम्बे और कोलंबिया यूनिवर्सिटी के बीच MoU भी हुआ है।


केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अन्य अफसरों के साथ कॉन्क्लेव में मौजूद रहे।

### आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर 3 नए कोर्स

**केंद्रीय शिक्षा** मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर तीन नए कोर्स लॉन्च किए, जो इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (IIM), लखनऊ में ऑफर किए जाएंगे। ये कोर्स हैं- आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और बिजनेस एनालिटिक्स में BS, टेक MBA और इंटीग्रेटेड BS + टेक MBA। शिक्षा मंत्री ने कहा कि IIM लखनऊ में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर नए प्रोग्राम सोच-समझकर डिजाइन किए गए मॉड्यूलर कोर्स करिकुलम के जरिए बिजनेस की समझ को टेक्नोलॉजिकल गहराई के साथ आसानी से मिलाते हैं।

---




book TATA Motors SUVs | Available in Petrol, Diesel and EV* | Scan to find your nearest dealer | Scan to Book Now | TATA MOTORS SAFETY DOME 360° PROTECTION | BHARAT NCAP

Kindly call on 8291362368 for all enquiries related to purchase from CSD or KPKB/CPC

EAST DELHI: PREET VIHAR: DPS CARS: 8929567222/9. PATPARGANJ: SAGAR MOTORS: 7506019545. DILSHAD GARDEN: SAGAR MOTORS: 7506019521. GOKULPURI: SAB MOTORS: 8291058108. SOUTH DELHI: SAFDARJUNG ENCLAVE: JASPER MOTORS: 9167411375. NEHRU PLACE: JASPER MOTORS: 9167411375. OKHLA: JASPER MOTORS: 8879386114. LAJPAT NAGAR: SAB MOTORS: 7506019487. MATHURA ROAD: SAB MOTORS: 7506019505. NORTH DELHI: MODEL TOWN: ZEDEX MOBILITY: 9619447205. ROHINI: CHERISH CAR: 7039049471. WAZIRPUR: AUTOVIKAS: 7506019445. NARELA: SPARSH AUTOTECH: 8291058089. PRASHANT VIHAR: MALWA: 7506019463. WEST DELHI: FRONTIER: DWARKA: 8291390014. FRONTIER: DWARKA SEC-5 RAJAPURI: 9167836026. PUNJABI BAGH: CHERISH CAR: 9167277034. JANAKPURI: DELIGHT MOTORS: 7045211252. NAJAFGARH: SPARSH AUTOTECH: 7506019549. PALAM DABRI: SPARSH AUTOTECH: 7506019683. MAYAPURI: TRUENORTH: 7506019838. PEERAGARHI: TRUENORTH: 9619223251. MOTINAGAR: AUTOVIKAS: 7506019415. CENTRAL DELHI: CONNAUGHT PLACE: ARYA MOTORS: 9810638782. KAROL BAGH: ZEDEX MOBILITY: 9619490132. KASHMERE GATE: DPS CARS: 9090808057. NOIDA: SECTOR 5: SAGAR MOTORS: 7506020132. SECTOR 63: SAGAR MOTORS: 9167622374. GREATER NOIDA: SAGAR MOTORS: 7506020227. JEWAR: SAGAR MOTORS: 8291304204. GREATER NOIDA WEST: GAUR CITY: SAGAR MOTORS: 9667899773. GHAZIABAD: PANDAV NAGAR: ARYA MOTORS: 7506019879. PATEL NAGAR: SAB MOTORS: 7506019939. MOHAN NAGAR: SAB MOTORS: 7506019947. VAISHALI: SAB MOTORS: 9619085440. MODINAGAR: SAB MOTORS: 9152102564. HAPUR: SAB MOTORS: 9152102552. FARIDABAD: NIIT: MULTITECH MOTORS: 8879221763. ATLAS TOWER: MULTITECH MOTORS: 7506019846. BALLABHGARH: AUTOVIKAS: 8879140298. PALWAL: MAGAN WHEELS: 8291523319. HODAL: MAGAN WHEELS: 8879366376. GREATER FARIDABAD: MAGAN WHEELS: 8291517531. GURUGRAM: SECTOR 43: HIMGIRI AUTOMOBILES: 7011321476. HERO HONDA CHOWK: HIMGIRI AUTOMOBILES: 9619140714. GOLF COURSE EXTN. ROAD: ZEDEX MOBILITY: 9167617962. SOHNA ROAD: ZEDEX MOBILITY: 7506019906. UDYOG VIHAR: ARYA MOTORS: 8291539640. SEC-14: ARYA MOTORS: 7506019879. GOLF COURSE ROAD: ARYA MOTORS: 7506019902. SOHNA: CSG AUTOMOBILES: 8879054086. WAZIRPUR: SISOTHYA: 9619918805. MANESAR: SISOTHYA: 9167206541. PATAUDI: SISOTHYA: 9167206841. BULANDSHAHAR/KHURJA/DIBAI/SIYANA/SIKANDRABAD: MASCOT MOTORS: 9152104362. REWARI: PREMIUM MOTOCORP: 7506019918,8291518613. MAHENDERGARH: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947529. NARNAUL: DHEERAJ MOTOCORP: 9619949466. KANINA: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947651. KOSLI: PREMIUM MOTOCORP: 9152102543. SONIPAT & KUNDLI : SWAN MOTORS : 9215317773. MEERUT: GARH ROAD: ANJNEY AUTOMOBILES: 8291103957. SHATABDI NAGAR: DELHI ROAD: SHREE VASU: 7506019959. SARDHANA: SHREE VASU: 9619362026. BIJNOR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. NAJIBABAD: MANGALAM AUTOWORLD: 8291176455. DHAMPUR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. BARAUT: SHREE VASU: 9167475934. MAWANA: SHREE VASU: 8879954579. BAGHPAT: SHREE VASU: 9167276250.

Images and illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications are not available in all variants and may vary for different variants. Specifications/features are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. ^^Advanced driver assistant systems (ADAS) is not a substitute for human eye or driver vigilance. It is a driver assist system only to enhance safety and driving experience. The driver will remain responsible for safe, vigilant and attentive driving. ®Mood light on sunroof turns off when the roofline shutter is open. #1.2L Hyperion Turbo-GDI petrol engine available on Curvv. ^^Price mentioned is for CURVV Smart Petrol MT. Ex-showroom price New Delhi. As per Bharat NCAP 2024 score. *Available in Petrol, Diesel & Electric. #1.5L Hyperion Turbo-GDI petrol engine available on Harrier & Safari. ^^Prices mentioned are for Harrier Smart Petrol MT Variant, ex-showroom Delhi Local taxes extra. ^Harrier is available in Petrol, Diesel and EV. ^^Prices mentioned are for Safari Smart Petrol MT Variant, ex-showroom Delhi Local taxes extra. ^Safari is available in Petrol and Diesel. Terms and conditions apply.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP6 User: cci Time: 02-12-2026 22:56 Color:



## फटाफट खबरें

### आलंदः पूजा पर रोक की याचिका खारिज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कर्नाटक के आलंद दरगाह में हिंदू पूजा-अर्चना की अनुमति देने वाले न्यायिक आदेश पर रोक लगाने की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में संविधान के अनुच्छेद 32 का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता खलील अंसारी ने अर्जी वापस लेने की गुहार लगाई, जिसे मंजूर करते हुए कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। अंसारी दरगाह की सुन्नी प्रबंध समिति के सचिव हैं और उनका कहना था कि संपत्ति पहले ही वक्फ घोषित की जा चुकी है।

### सलमान के जीजा को धमकी भरा मेल

■ पीटीआई, मुंबईः सलमान खान के जीजा और एक्टर आयुष शर्मा को कथित तौर पर एक धमकी भरा ईमेल मिला है। पुलिस के मुताबिक, यह घटनाक्रम एक्टर रणवीर सिंह को WhatsApp के जरिये धमकी मिलने के ठीक बाद हुआ है। शर्मा ने बुधवार को बताया कि ईमेल भेजने वाले ने दावा किया कि वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य है। पुलिस ने ईमेल के संबंध में जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने बताया कि क्राइम ब्रांच के अधिकारी यह वेरिफाई कर रहे हैं कि ईमेल असली था या किसी ने शरारत की थी।

### वंदे मातरम सर्कुलर पर जताई आपत्ति

■ आईएएनएस, नई दिल्लीः जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने केंद्र सरकार के हालिया वंदे मातरम सर्कुलर पर कड़ी आपत्ति जताई है। महासचिव मौलाना मोहम्मद हकीमुद्दीन कासमी ने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि वंदे मातरम के चौथे और पांचवें छंद में मूर्ति वंदना और हिंदू देवी-देवताओं का जिक्र है, जो मुसलमानों की आस्था के खिलाफ है। कासमी ने स्पष्ट किया कि संगठन वंदे मातरम के खिलाफ नहीं है, लेकिन इसे अनिवार्य बनाना नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक है।

**बोले- राहुल गांधी को आजीवन चुनाव लड़ने से रोका जाए**

# निशिकांत दुबे ने दिया राहुल की सदस्यता रद्द करने का नोटिस

■ पीटीआई, नई दिल्ली

**बीजेपी सांसद** निशिकांत दुबे ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ 'सब्स्टैंटिव मोशन' लाने का नोटिस दिया है। उन्होंने मांग की है कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द की जाए और उन्हें आजीवन चुनाव लड़ने से रोका जाए। संसद परिसर में दुबे ने कहा कि अपने नोटिस में उन्होंने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी विदेश दौरों के दौरान सोरोस फाउंडेशन, USAID और फोर्ड फाउंडेशन जैसे संगठनों के साथ मिलते हैं और 'भारत विरोधी ताकतों' के साथ सांठगांठ करते हैं।

दुबे ने कहा, राहुल भारत विरोधी ताकतों के साथ सांठगांठ करते हैं

दुबे ने स्पष्ट किया कि यह विशेषाधिकार हनन का नोटिस नहीं है, बल्कि 'सब्स्टैंटिव मोशन' का नोटिस है। सब्स्टैंटिव मोशन एक स्वतंत्र प्रस्ताव होता है, जिसे सदन के सामने किसी फैसले या राय के लिए रखा जाता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी थाईलैंड, वियतनाम और कंबोडिया जैसे देशों में इन संगठनों के साथ जाते हैं और भारत विरोधी ताकतों से मिलते हैं। दुबे ने दोहराया कि उनकी मांग है कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द की जाए और उन्हें जीवनभर चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया जाए।

दुबे के बयान का विपक्ष ने कड़ा विरोध किया और सदन में हंगामा शुरू हो गया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।



PTI
निशिकांत दुबे    राहुल गांधी



गेस्ट एडिटर की पसंद

### नोटिस पर राहुल बोले, लड़ता रहूंगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली
नोटिस पर राहुल गांधी ने कहा, FIR हो, मुकदमा दर्ज हो या प्रस्ताव लाए, मैं किसानों के लिए लड़ूंगा। जो भी ट्रेड डील किसानों की रोजी-रोटी छीने या देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करे, वह किसान-विरोधी है। अन्नदाताओं के हितों से किसान-विरोधी मोदी सरकार को समझौता नहीं करने देंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, राहुल ने कौन सा विशेषाधिकार हनन किया है? पिछली बार उनकी सदस्यता खत्म कर दी थी। उसके बाद क्या हुआ? जनता ने उन्हें मोदी से भी ज्यादा वोटों से जिताया। उन्होंने कहा, अगर आप (सरकार) हमें फांसी पर चढ़ाना चाहते हैं तो उसके लिए भी हम तैयार हैं... हमें किसी भी प्रस्ताव नहीं डरते, हम संसद में सच बोलते रहेंगे।

# राज्यसभा में उठा AI डीपफेक का मामला

## कांग्रेस सांसद ने अपना किस्सा सुनाया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**कांग्रेस सांसद** राजीव शुक्ला ने राज्यसभा में कहा कि एआई आधारित डीपफेक और फेक विडियो का अनियंत्रित फैलाव भविष्य का नहीं बल्कि वर्तमान का संकट बन गया है। इसकी रफ्तार पर लगाम कसने के लिए अत्यंत कड़े कदम उठाने होंगे। आज हालत यह है कि एक आम शख्स भी मोबाइल पर ऐप डाउनलोड करके किसी भी इंसान का चेहरा, आवाज और हावभाव हूबहू कॉपी कर सकता है। ऐसे विडियो इतने असली लगते हैं कि असली और नकली में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि फेक विडियो से सिर्फ किसी एक व्यक्ति की प्रतिष्ठा ही नहीं बल्कि समाज के भरोसे तक की बुनियाद भी हिल जाती है।

शुक्ला ने कहा, बीते बुधवार को पाकिस्तानी टीवी चैनलों ने विश्व कप क्रिकेट को लेकर मेरे एक बयान में दो गलत लाइनें अपनी ओर से जोड़ दीं। मुझे इसका खंडन करना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भारत-पाकिस्तान के आगामी टी20 वर्ल्ड कप मैच को लेकर पाकिस्तानी टीवी शो में उनसे जोड़ा गया ऑडियो क्लिप एआई की मदद से बनाया गया है, वह उनके वास्तविक बयान नहीं हैं।



FILE
राजीव शुक्ला, कांग्रेस सांसद

### 'सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने में भी डीपफेक'

शुक्ला ने कहा कि पिछले कुछ समय में देखा कि राजनीतिक नेताओं के डीपफेक बनाए गए। चुनाव के दौरान फर्जी बयान गढ़े गए। कई जगह पर सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने के लिए डीपफेक का प्रयोग किया गया।

### घायलों को समय पर मिले इलाजः शुक्ला

कहा, सरकार को ऐसे नियम बनाने चाहिए कि घायल को अस्पताल ले कर जाने पर शुरुआती 48 घंटे तक उसका इलाज हो, कोई कानूनी औपचारिकता पूरी करने की बात इन 48 घंटे के बाद हो।

**वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में दिया जवाब**



अर्थव्यवस्था अब केवल कुछ गिने-चुने वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें भागीदारी बढ़ी है। मिडल क्लास का दायरा बढ़ रहा है। 2013-14 और 2024-25 के बीच रिटर्न दाखिल करने वाले या टीडीएस कटवाने वाले यानी टैक्सपेयर्स की संख्या 5.26 करोड़ से बढ़कर 12.13 करोड़ हो गई है।
- निर्मला सीतारमण, केंद्रीय वित्त मंत्री

# डेड इकॉनमी बताने वाले जनता का मजाक बना रहेः सीतारमण

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को राज्यसभा में आम बजट पर चर्चा में विपक्ष के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है कि मिडल क्लास को दबाया जा रहा है, बल्कि ज्यादा सबूत इस बात के हैं कि मिडल क्लास का विस्तार हो रहा है और यह आगे बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनमी बताने वाले बयान नकारात्मक हैं और ऐसे बयान देने वाले लोग भारत की तरक्की में योगदान दे रही जनता का मजाक उड़ा रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनमी कहा था और बाद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनके हवाले से सरकार पर निशाना साधा था। चर्चा के दौरान विपक्ष ने आरोप लगाया था कि देश मध्यम वर्ग, अमीर और गरीब के बीच फंसा हुआ है। सीतारमण ने कहा, ऐसा इसलिए लगता है क्योंकि व्यक्तिगत आयकर का संग्रह कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन से अधिक है। उन्होंने कहा, "वास्तव में पिछले 10 वर्षों में किए गए आर्थिक सुधारों के चलते मिडल क्लास का ऐतिहासिक रूप से विस्तार हुआ है। पर्सनल इनकम टैक्स कलेक्शन ज्यादा होने का मतलब यह नहीं है कि मिडल क्लास को दबाया जा रहा है।'

**कहा- टैक्सपेयर्स बढ़े**

**12.13** करोड़ हो गई है टैक्सपेयर्स की संख्या 2013-14 और 2024-25 के बीच बढ़कर।

**10** वर्षों में किए गए आर्थिक सुधारों के चलते देश में मिडल क्लास वर्ग का ऐतिहासिक रूप से विस्तार हुआ है।

### मोदी ने की निर्मला सीतारमण की तारीफ

■ आईएएनएस, नई दिल्लीःप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीतारमण द्वारा पेश बजट 2026-27 को भारत के आर्थिक परिवर्तन का खाका बताया। कहा, बजट में सुधार, एमएसएमई को समर्थन, कौशल विकास, आधुनिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य पर खास जोर है। यह बजट देश को नई विकास दिशा देगा। बजट में एमएसएमई के लिए कर्ज सुविधा बढ़ाने, नियम आसान करने और प्रोत्साहन देने की घोषणा की गई है।



# दूरदर्शन की पूर्व न्यूज एंकर सरला माहेश्वरी नहीं रहीं



FILE
1976 से 2005 तक दूरदर्शन पर बतौर न्यूज एंकर किया था काम।

■ पीटीआई, नई दिल्लीः दूरदर्शन की पूर्व न्यूज एंकर सरला माहेश्वरी का गुरुवार को निधन हो गया। उनके पारिवारिक मित्र शम्मी नारंग ने यह जानकारी दी। माहेश्वरी 71 वर्ष की थीं और 1980, 1990 के दशक में टीवी समाचार जगत के जाने-माने चेहरों में से एक थीं। उन्होंने 1976 से 2005 तक दूरदर्शन पर न्यूज एंकर के रूप में कार्य किया था। माहेश्वरी उस दौर में दूरदर्शन की जानी-मानी एंकर थीं, जब प्रसारण पूरे दिन में कुछ ही घंटों तक सीमित था।

माहेश्वरी ने दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी करने के बाद दूरदर्शन में काम करना शुरू किया था। तीन दशकों के करियर में माहेश्वरी ने टेलिविजन समाचारों को ब्लैक एंड वॉइट से रंगीन होते देखा। दूरदर्शन ने एक पोस्ट में कहा, 'दूरदर्शन परिवार की ओर से सरला माहेश्वरी को भावभीनी श्रद्धांजलि।



**प्राधिकरण के ढीले कामकाज पर SC ने कहा-**

# 'सिर्फ डिफॉल्टर बिल्डरों को लाभ दे रहा RERA'

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने कई राज्यों में रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (RERA) के कामकाज पर निराशा जताई और कहा कि अब समय आ गया है कि राज्य सरकारें इस अथॉरिटी के गठन के फैसले पर दोबारा विचार करें। सीजेआई ने कहा, 'डिफॉल्टर बिल्डरों को सुविधा देने के अलावा यह कुछ नहीं कर रहा। इससे बेहतर है कि इस संस्था को ही समाप्त कर दिया जाए।' चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच हिमाचल प्रदेश सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसके तहत राज्य सरकार के RERA दफ्तर को शिमला से धर्मशाला शिफ्ट करने के फैसले पर रोक लगा दी गई थी। हिमाचल प्रदेश की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता माधवी दिवान ने बताया कि संबंधित जनहित याचिका (PIL) एक प्रॉपर्टी डीलर ने दायर की गई थी।

### 'रेरा को खत्म करने से लोगों को आपत्ति नहीं'

**सुप्रीम कोर्ट** ने गुरुवार को कहा कि जिन लोगों के लिए रेरा बनाया गया था, वे पूरी तरह से निराश, हताश और क्षुब्ध हैं। यदि इस संस्था को समाप्त कर दिया जाए तो उसे कोई आपत्ति नहीं होगी। कोर्ट ने हिमाचल सरकार को रेरा का दफ्तर अपनी पसंद के स्थान पर शिफ्ट करने की अनुमति दी। पीठ ने हिमाचल प्रदेश सरकार और अन्य की उस याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें शिमला से धर्मशाला रेरा दफ्तर शिफ्ट करने से संबंधित मामले में हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है।

### 'हर राज्य में यह एक पुनर्वास केंद्र बन गया'

कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से पेश वकील सुगंधा आनंद ने कहा कि हिमाचल रेरा दफ्तर को शिमला से धर्मशाला शिफ्ट करने का निर्णय शिमला को भीड़मुक्त करने के लिए प्रशासनिक आधार पर लिया गया था। प्रतिवादी अधिवक्ता ने बताया कि रेरा की 90% परियोजनाएं शिमला, सोलन, परवाणू और सिरमौर में हैं और लंबित 92% शिकायतें भी वहीं हैं, जबकि धर्मशाला में केवल 20 परियोजनाएं हैं। कहा कि हर राज्य में रेरा एक पुनर्वास केंद्र बन गया है, वास्तविक लाभार्थियों को राहत नहीं मिल रही।



# बाबा की दुकान विवाद में उत्तराखंड में बाहरी संगठनों की एंट्री बैन

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : उत्तराखंड के कोटद्वार में बाबा नाम की दुकान पर छिड़ा विवाद शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। इस घटना से चर्चा में आए दीपक कुमार के खिलाफ हिंदू रक्षक दल के अध्यक्ष भूपेंद्र उर्फ पिंकी चौधरी ने 12 फरवरी को कोटद्वार पहुंचकर प्रदर्शन की चेतावनी दी तो पुलिस अलर्ट हो गई। साथ ही उत्तराखंड में बाहरी संगठनों के लोगों की एंट्री पर प्रभावी रोक लगा दी है। भूपेंद्र उर्फ पिंकी चौधरी ने एक विडियो जारी कर कहा था कि 12 फरवरी को दोपहर तीन बजे हिंदू रक्षक दल कोटद्वार पहुंचेगा और दीपक के जिम के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने दीपक पर धार्मिक भावनाएं भड़काने और हिंदू समाज का उत्पीड़न करने जैसे आरोप लगाते हुए 'मुंहतोड़ जवाब' देने की बात कही थी। पिंकी चौधरी के इस बयान के बाद पौड़ी पुलिस-प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। कोटद्वार शहर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों की सघन चेकिंग हो रही है। उत्तराखंड की सीमाओं पर विशेष चेकिंग जारी है। पड़ोसी राज्यों (यूपी और हरियाणा) की पुलिस को अलर्ट किया गया है।

हिंदू रक्षक दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी कोटद्वार पहुंचकर ने प्रदर्शन की चेतावनी दी थी

# दहेज हत्या में मिली थी बेल, SC बोला- रद्द करें

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com



FILE

■ **नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने दहेज हत्या मामले में बिना ठोस कारण के आरोपी को जमानत दिए जाने पर निराशा जताई। इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर टिप्पणी करते हुए इस फैसले को हाल के समय में देखे गए सबसे चौंकाने वाले और निराशाजनक आदेशों में से एक बताया। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत रद्द कर दी और आरोपी को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। आदेश की कॉपी इलाहाबाद के चीफ जस्टिस को भी भेजना का निर्देश दिया।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला की अगुवाई वाली बेंच ने 9 फरवरी के आदेश में कहा कि जमानत याचिकाओं पर निर्णय लेते समय प्रासंगिक तथ्यों पर विचार करना चाहिए। हाई कोर्ट ने मृतका के पति को केवल उसकी हिरासत की अवधि और आपराधिक इतिहास न होने का उल्लेख करते हुए जमानत दे दी थी। अदालत ने कहा, 'साधारण पढ़ने पर भी हमें समझ नहीं आता कि हाई कोर्ट क्या कहना चाहता था। दहेज हत्या जैसे गंभीर अपराध में जमानत देते समय हाई कोर्ट ने किन बातों को ध्यान में रखा? हाई कोर्ट ने केवल बचाव पक्ष के वकील की दलील दर्ज की और यह लिख दिया कि आरोपी 27 जुलाई 2025 से जेल में है और उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है, इसलिए वह जमानत का हकदार है। इसी आधार पर जमानत दे दी गई।'

**यह है पूरा मामला :** अभियोजन के अनुसार, महिला की शादी आरोपी से हुई थी और तीन महीने में ही ससुराल में उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गला घोंटना बताया गया। चूंकि घटना विवाह के तीन महीने के भीतर हुई, इसलिए BNSS की धारा 118 के तहत वैधानिक अनुमान लागू होता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जमानत पर फैसला करते समय हाई कोर्ट को अपराध की प्रकृति, सजा, संबंध, स्थान और साक्ष्य अधिनियम की धारा 118 पर विचार करना चाहिए था।

# जातिगत भेदभाव मामलों में कड़ी कार्रवाई होः खरगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**राज्यसभा में** विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जातिगत भेदभाव का मुद्दा उठाते हुए सरकार से मांग की है कि भेदभाव के ऐसे मामलों में समयबद्ध तरीके से सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही जहां पर इन मामलों में गंभीर उल्लंघन मिले, वहां जवाबदेही भी तय की जाए। खरगे ने कहा कि 21वीं सदी में जब हम बड़े-बड़े सामाजिक विकास और सामाजिक सुधार के दावे करते हैं। तब ओडिशा में एक दलित महिला हेल्पर/कुक के बनाए भोजन को एक समुदाय विशेष के लोग अपने बच्चों को देने से मना कर देते हैं। उन्होंने कहा यह संविधान के अनुच्छेद 21-A के तहत दिए गए शिक्षा के अधिकार को भी प्रभावित करता है।



PTI

### 'ठोस पहल की जरूरत'

खरगे ने कहा, कार्यस्थलों पर जातिगत भेदभाव देश के कई हिस्सों में लगातार सामने आ रहा है। उन्होंने कहा, सामाजिक न्याय केवल नारा नहीं, बल्कि संविधान की आत्मा है और इसकी रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# H1B वीज़ा नीति के भारतीयों पर असर का डेटा नहींः कीर्ति वर्धन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत सरकार** ने संसद को बताया है कि H1B वीजा और प्रोसेसिंग मुद्दों से जुड़े फैसले के भारतीयों पर प्रभाव का कोई डेटा नहीं है। संसद में पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा है, अमेरिकी प्रशासन की ओर से इससे जुड़े फैसले हाल में लिए गए हैं, ऐसे में इसे लेकर कोई तुलनात्मक डेटा नहीं है। सरकार ने कहा कि 19 सितंबर 2025 को अमेरिकी प्रशासन ने एक घोषणा की थी, जिसके तहत 21 सितंबर 2025 या उसके बाद फाइल किए जाने वाली वीजा गतिविधियों पर 1,00,000 अमेरिकी डॉलर की फीस लगाई थी। इसके बाद 21 सितंबर को ट्रंप प्रशासन ने इस फीस से कुछ श्रेणियों को मुक्त किया था। मुक्त की गई कैटेगरी में वे लोग भी शामिल हैं, जिनके पास पहले से ही H1B वीजा है या जिन्होंने 21 सितंबर 2025 से पहले आवेदन किया था। मंत्री ने कहा, सरकार ये मानती है वीजा भले ही किसी देश का संप्रभु मामला क्यों ना हो, टैलेंट मोबिलिटी द्विपक्षीय संबंधों का एक अहम आयाम है। ये दोनों देशों में तकनीकी प्रगति, रेनोवेशन, आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाता है।

विदेश राज्यमंत्री ने संसद को बताया कि कोई तुलनात्मक डेटा नहीं है



### इसलिए अहम है H1B

बता दें कि अमेरिका में एचवन वीजा के तहत भारतीय बड़ी तादाद में अमेरिका जाते हैं। बीते साल अमेरिकी प्रशासन की ओर से लिए गए वीजा संबंधी फैसलों को भारतीय स्किल्ड प्रोफेशनल के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

# हिमंता के विडियो पर बवाल, BJP सह संयोजक को हटाया



FILE

■ भाषा, गुवाहाटी : बीजेपी की असम इकाई ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का विवादित विडियो साझा करने पर अपनी सोशल मीडिया टीम के सह-संयोजक विकास गौरव को पद से हटा दिया है। एक वरिष्ठ नेता ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एआई की मदद से बनाए गए इस विडियो में सरमा को कथित तौर पर राइफल से दो लोगों पर गोली चलाते दिखाया गया था। AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी

# बीते वर्षों में बढ़ी है सऊदी अरब से लौटाए गए भारतीयों की संख्या

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



FILE

**सरकार ने** कहा है कि ज्यादातर विदेशी सरकारें उनके देश में अवैध तौर पर रह रहे अप्रवासी नागरिकों के बारे में जानकारी नहीं देती हैं। इस तरह की जानकारी तभी दी जाती है जब डिपोर्टेशन के निर्देश हो या फिर उन लोगों के राष्ट्रीयता से जुड़े डॉक्यूमेंट वेरिफाई करने हों। इसके अलावा सरकार ने ये भी बताया कि डिपोर्टेशन के तरीके भी हर देश में अलग अलग हैं। कुछ देश डिपोर्ट किए जाने वाले लोगों को गिरफ्तार नहीं करते बल्कि उन्हें डिटेंशन या डिपोर्टेशन सेंटर में रखते हैं, इससे संबंधित सूचनाएं भारतीय मिशनों के साथ साझा नहीं की जाती हैं, मेजबान देश प्रत्यक्ष तरीके से ही प्रत्यर्पण करते हैं और भारतीय मिशनों को तभी संपर्क किया जाता है, जब व्यक्ति विशेष की नागरिकता पुष्ट करनी हो।

मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या सरकार बीते पांच सालों में डंकी रूट से दूसरे देशों में गए भारतीयों का आंकड़ा दे सकती है? सरकार ने इस संबंध में पांच साल में प्रत्यर्पित किए लोगों का आंकड़ा दिया है। बीते वर्षों में सऊदी अरब से बड़ी तादाद में भारतीय प्रत्यर्पित हुए हैं। जेद्दाह से बीते साल 8,921 तो रियाद से 4,336 भारत भेजे गए।

कनाडा के ओटावा में साल 2025 में बीते साल के मुकाबले प्रत्यर्पित भारतीयों की संख्या में इजाफा दिखा। साल 2023 में ये आंकड़ा 48, तो अगले साल घटकर 30 हो गया। बीते साल प्रत्यर्पित भारतीयों की संख्या में फिर इजाफा हुआ और ये संख्या 48 हो गई, वहीं कनाडा के टोरंटो में साल 2024 से केवल 63 लोगों का प्रत्यर्पण किया गया था वहीं अगले साल ही इस आंकड़ा उछल कर 198 पर पहुंच गया।

# भारत बंद का असर रहा मिलाजुला



देश के कई हिस्सों में प्रदर्शन हुए।

■ भाषा, नई दिल्लीः केंद्रीय श्रमिक संगठनों के संयुक्त मंच की ओर से सरकार की कथित मजदूर और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ बुलाई गई एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल का सामान्य जनजीवन पर कुल मिलाकर सीमित असर रहा। कई राज्यों में कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन हुए और कुछ जगह कर्मचारी देर से काम पर पहुंचे। ओडिशा में 12 घंटे के बंद से जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। झारखंड और छत्तीसगढ़ में बैंकिंग व कुछ क्षेत्रों पर असर पड़ा, जबकि तमिलनाडु के कुछ बंदरगाह प्रभावित रहे। दिल्ली में जंतर-मंतर पर सभा हुई।

# भारत बोधनः स्कूल, हायर एजुकेशन और स्किलिंग के लिए AI इनोवेशन

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली में ग्लोबल AI इम्पैक्ट समिट से पहले भारत बोधन AI कॉन्क्लेव शुरू हुआ, जिसमें स्कूल एजुकेशन, हायर एजुकेशन और स्किलिंग के लिए AI इनोवेशन की बड़ी तस्वीर पेश की गई। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बोधन AI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को लॉन्च किया, जिसको तैयार करने की जिम्मेदारी आईआईटी मद्रास को सौंपी गई थी। शिक्षा मंत्री ने इस मौके पर कहा कि भारत के स्टूडेंट्स के लिए भारत के शिक्षा विभाग में अत्याधुनिक तकनीक को लाने के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है। AI एक अत्याधुनिक टूल बन चुका है। IIT बॉम्बे में मैन्युफैक्चरिंग के लिए AI सेंटर बनाने के लिए IIT बॉम्बे और कोलंबिया यूनिवर्सिटी के बीच MoU भी हुआ है।



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अन्य अफसरों के साथ कॉन्क्लेव में मौजूद रहे।

### आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर 3 नए कोर्स

**केंद्रीय शिक्षा** मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर तीन नए कोर्स लॉन्च किए, जो इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (IIM), लखनऊ में ऑफर किए जाएंगे। ये कोर्स हैं- आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और बिजनेस एनालिटिक्स में BS, टेक MBA और इंटीग्रेटेड BS + टेक MBA। शिक्षा मंत्री ने कहा कि IIM लखनऊ में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर नए प्रोग्राम सोच-समझकर डिजाइन किए गए मॉड्यूलर कोर्स करिकुलम के जरिए बिजनेस की समझ को टेक्नोलॉजिकल गहराई के साथ आसानी से मिलाते हैं।




book TATA Motors SUVs | Available in Petrol, Diesel and EV* | Scan to find your nearest dealer | Scan to Book Now | TATA MOTORS SAFETY DOME 360° PROTECTION | BHARAT NCAP

Kindly call on 8291362368 for all enquiries related to purchase from CSD or KPKB/CPC

EAST DELHI: PREET VIHAR: DPS CARS: 8929567222/9. PATPARGANJ: SAGAR MOTORS: 7506019545. DILSHAD GARDEN: SAGAR MOTORS: 7506019521. GOKULPURI: SAB MOTORS: 8291058108. SOUTH DELHI: SAFDARJUNG ENCLAVE: JASPER MOTORS: 9167411375. NEHRU PLACE: JASPER MOTORS: 9167411375. OKHLA: JASPER MOTORS: 8879386114. LAJPAT NAGAR: SAB MOTORS: 7506019487. MATHURA ROAD: SAB MOTORS: 7506019505. NORTH DELHI: MODEL TOWN: ZEDEX MOBILITY: 9619447205. ROHINI: CHERISH CAR: 7039049471. WAZIRPUR: AUTOVIKAS: 7506019445. NARELA: SPARSH AUTOTECH: 8291058089. PRASHANT VIHAR: MALWA: 7506019463. WEST DELHI: FRONTIER: DWARKA: 8291390014. FRONTIER: DWARKA SEC-5 RAJAPURI: 9167836026. PUNJABI BAGH: CHERISH CAR: 9167277034. JANAKPURI: DELIGHT MOTORS: 7045211252. NAJAFGARH: SPARSH AUTOTECH: 7506019549. PALAM DABRI: SPARSH AUTOTECH: 7506019683. MAYAPURI: TRUENORTH: 7506019838. PEERAGARHI: TRUENORTH: 9619223251. MOTINAGAR: AUTOVIKAS: 7506019415. CENTRAL DELHI: CONNAUGHT PLACE: ARYA MOTORS: 9810638782. KAROL BAGH: ZEDEX MOBILITY: 9619490132. KASHMERE GATE: DPS CARS: 9090808057. NOIDA: SECTOR 5: SAGAR MOTORS: 7506020132. SECTOR 63: SAGAR MOTORS: 9167622374. GREATER NOIDA: SAGAR MOTORS: 7506020227. JEWAR: SAGAR MOTORS: 8291304204. GREATER NOIDA WEST: GAUR CITY: SAGAR MOTORS: 9667899773. GHAZIABAD: PANDAV NAGAR: ARYA MOTORS: 7506019879. PATEL NAGAR: SAB MOTORS: 7506019939. MOHAN NAGAR: SAB MOTORS: 7506019947. VAISHALI: SAB MOTORS: 9619085440. MODINAGAR: SAB MOTORS: 9152102564. HAPUR: SAB MOTORS: 9152102552. FARIDABAD: NIIT: MULTITECH MOTORS: 8879221763. ATLAS TOWER: MULTITECH MOTORS: 7506019846. BALLABHGARH: AUTOVIKAS: 8879140298. PALWAL: MAGAN WHEELS: 8291523319. HODAL: MAGAN WHEELS: 8879366376. GREATER FARIDABAD: MAGAN WHEELS: 8291517531. GURUGRAM: SECTOR 43: HIMGIRI AUTOMOBILES: 7011321476. HERO HONDA CHOWK: HIMGIRI AUTOMOBILES: 9619140714. GOLF COURSE EXTN. ROAD: ZEDEX MOBILITY: 9167617962. SOHNA ROAD: ZEDEX MOBILITY: 7506019906. UDYOG VIHAR: ARYA MOTORS: 8291539640. SEC-14: ARYA MOTORS: 7506019879. GOLF COURSE ROAD: ARYA MOTORS: 7506019902. SOHNA: CSG AUTOMOBILES: 8879054086. WAZIRPUR: SISOTHYA: 9619918805. MANESAR: SISOTHYA: 9167206541. PATAUDI: SISOTHYA: 9167206841. BULANDSHAHAR/KHURJA/DIBAI/SIYANA/SIKANDRABAD: MASCOT MOTORS: 9152104362. REWARI: PREMIUM MOTOCORP: 7506019918,8291518613. MAHENDERGARH: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947529. NARNAUL: DHEERAJ MOTOCORP: 9619949466. KANINA: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947651. KOSLI: PREMIUM MOTOCORP: 9152102543. SONIPAT & KUNDLI : SWAN MOTORS : 9215317773. MEERUT: GARH ROAD: ANJNEY AUTOMOBILES: 8291103957. SHATABDI NAGAR: DELHI ROAD: SHREE VASU: 7506019959. SARDHANA: SHREE VASU: 9619362026. BIJNOR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. NAJIBABAD: MANGALAM AUTOWORLD: 8291176455. DHAMPUR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. BARAUT: SHREE VASU: 9167475934. MAWANA: SHREE VASU: 8879954579. BAGHPAT: SHREE VASU: 9167276250.

Images and illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications are not available in all variants and may vary for different variants. Specifications/features are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. ^^Advanced driver assistant systems (ADAS) is not a substitute for human eye or driver vigilance. It is a driver assist system only to enhance safety and driving experience. The driver will remain responsible for safe, vigilant and attentive driving. ®Mood light on sunroof turns off when the roofline shutter is open. #1.2L Hyperion Turbo-GDI petrol engine available on Curvv. ^^Price mentioned is for CURVV Smart Petrol MT. Ex-showroom price New Delhi. As per Bharat NCAP 2024 score. *Available in Petrol, Diesel & Electric. #1.5L Hyperion Turbo-GDI petrol engine available on Harrier & Safari. ^^Prices mentioned are for Harrier Smart Petrol MT Variant, ex-showroom Delhi Local taxes extra. 'Harrier is available in Petrol, Diesel and EV. ^^Prices mentioned are for Safari Smart Petrol MT Variant, ex-showroom Delhi Local taxes extra. 'Safari is available in Petrol and Diesel. Terms and conditions apply.

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in